धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
06.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 144



12 मेक इन इंडिया के मुरीद हुए पुतिन

## न्यूज डायरी

### हेमंत सरकार पार्ट-2 की दूसरी कैबिनेट आज

**रांची।** हेमंत सरकार पार्ट-2 की दूसरी कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह जानकारी दी। कैबिनेट की दूसरी बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं। बता दें कि गुरुवार को हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। इस कैबिनेट में मुख्यमंत्री के अलावा 11 मंत्री भी शामिल रहेंगे।

### डीजीपी नक्सल और कोर्ट की सुरक्षा पर करेंगे बैठक

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता शुक्रवार को नक्सल मामले और कोर्ट की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में जिले के एसपी, एसएसपी के अलावा रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के अलावा पुलिस मुख्यालय के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में जिलावार नक्सली नेटवर्क की समीक्षा और कोर्ट की सुरक्षा को लेकर चर्चा होगी।

### भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो घायल

**गुमला।** बसिया अनुमंडल मुख्यालय के थाना गेट के समीप बुधवार की देर रात भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी मृतक रांची रातू रोड के पिस्का मोड़ हेसल देवी मंडप रोड के रहने वाले हैं। ये लोग रांची से सिमडेगा शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहां से लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ है। मृतकों में प्रवीण कुमार, रतन घोष व पवन साहू है। जबकि विश्वजीत घोष एवं असीम घोष घायल है।

### झारखंड आंदोलनकारियों को सीएम ने दिया तोहफा

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग की ओर से चिन्हित 299 आंदोलनकारियों की 30वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी प्रदान कर दी। इनमें 144 चिन्हित आंदोलनकारी, आश्रित को 3500 रुपये और एक आंदोलनकारी आश्रित को सात हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी, जबकि 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इन सभी को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार के जरिये अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएगी।

### 50 लाख से अधिक मूल्य की अवैध शराब जब्त

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में लातेहार पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 50 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त की। बरामद शराब राजस्थान के नंबर वाले ट्रक में हरियाणा से रांची भेजा जा रहा था। इसी बीच लातेहार एसपी को इसकी गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने मामले में दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है, जिनमें काना राम और किशना राम शामिल हैं। दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं।

हेमंत मंत्रिमंडल : झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक बने मंत्री

# सरकार का कुनबा पूरा, 11 मंत्रियों ने ली शपथ




## शपथ ग्रहण समारोह

प्रभात सिंह

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार गुरुवार को हो गया। झामुमो, कांग्रेस और राजद से कुल 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित समारोह में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कल्पना सोरेन, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत इंडी गठबंधन के तमाम नवनिर्वाचित विधायक और कई नेता मौजूद रहे।

मंत्री पद की शपथ लेनेवाले विधायकों में छत्तरपुर कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर, चाईबासा झामुमो के विधायक दीपक बिरूआ, विशुनपुर से झामुमो विधायक चमरा लिंडा, गोड्डा से राजद विधायक संजय प्रसाद यादव, घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन, जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, मधुपुर से झामुमो विधायक हफीजुल अंसारी, महगामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह, गोमिया से झामुमो विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो, गिरिडीह से झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार और अंतिम में मांडर से कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हैं। पिछले दस सालों में पहली बार एक साथ 11 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

बता दें कि हेमंत सोरेन ने मंत्रिमंडल में अनुभव क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का ख्याल रखा है। इस बार राधाकृष्ण किशोर जैसे अनुभवी नेता से लेकर शिल्पी नेहा तिर्की जैसी युवा प्रतिभा तक को शामिल किया गया है। आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और एससी-एसटी सभी वर्गों को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। संताल परगना और कोल्हान क्षेत्र को विशेष ध्यान दिया गया है।



**स्टीफन मरांडी ने प्रोटेम स्पीकर पद की ली शपथ :** शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सबसे पहले स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ दिलायी।

### मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स हैंडल पोस्ट में लिखा कि झारखंड के वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सोना झारखंड का निर्माण हमें मिलकर करना है।



*हम मिलकर करेंगे सोना झारखंड का निर्माण : हेमंत सोरेन*

### बेहतरीन बना है हेमंत मंत्रिमंडल, कांग्रेस कोटे के मंत्री सभी को साथ लेकर चलें : गुलाम अहमद मीर



**रांची।** शपथ ग्रहण समारोह के बाद गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। श्री मीर ने मंत्री बनने से वंचित रह गये विधायकों को एकजुट रहकर सरकार के विकास कार्यों में भूमिका निभाने को कहा। मीडिया से बातचीत में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा करने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द विधायक दल का नेता भी चुन लिया जाएगा। उन्होंने मंत्रिमंडल के गठन पर कहा कि यह मंत्रिमंडल बेहतरीन बना है। उन्होंने कांग्रेस कोटे से मंत्री बने विधायकों को सभी को साथ लेकर चलने का भी निर्देश दिया। बताते चलें कि कांग्रेस कोटे से राधाकृष्ण किशोर, डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की मंत्री बनाए गए हैं।

## सभी मंत्री मिलकर खीचेंगे राज्य के विकास का खाका

सुधीर

**रांची।** हेमंत सोरेन पार्ट-2 में शामिल सभी मंत्री मिलकर राज्य के विकास का खाका खींचेंगे। नयी कैबिनेट में पहली बार युवा शिल्पी नेहा तिर्की को भी जगह दी गयी है। इस बार धर्म, जाति और क्षेत्रीय संतुलन का भी विशेष ख्याल रखा गया है। झामुमो ने आदिवासी समाज को पहली प्राथमिकता दी है। वहीं, कांग्रेस ने हर वर्ग को जोड़ने की कोशिश की है। इस कैबिनेट में पांच पूर्व मंत्रियों को दोबारा जगह दी गयी है तो छह नये चेहरों को भी मंत्री पद देकर विकास में भागीदारी निभाने की जिम्मेदारी दी गयी है।

**झामुमो ने आदिवासी को दी पहली प्राथमिकता :** झामुमो कोटे से शामिल छह मंत्रियों में दीपक बिरूआ, रामदास सोरेन और चमरा लिंडा आदिवासी समाज से आते हैं। झामुमो ने **हो** जनजाति से दीपक बिरुआ, संथाल जनजाति से रामदास सोरेन और उरांव समाज से चमरा लिंडा को मंत्री बनाया है। मालूम हो कि एसटी के लिए रिजर्व 28 सीटों में से झामुमो ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से 20 सीटों पर झामुमो के प्रत्याशी जीते थे। इसलिए झामुमो ने अपने परंपरागत वोट बैंक का सम्मान कर सबसे ज्यादा आदिवासी चेहरों को मंत्री बनाया है। रामदास सोरेन और दीपक बिरुआ को मंत्री बनाकर कोल्हान प्रमंडल को भी तरजीह दी है। वहीं सुदिव्य कुमार सोनू और योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाकर ओबीसी को दूसरी प्राथमिकता में रखा है। हफीजुल हसन को दोबारा मंत्री बनाकर संथाल क्षेत्र के साथ अल्पसंख्यक वोटरों के प्रति आभार जताया है। पार्टी ने गुमला के बिशुनपुर से विधायक चमरा लिंडा को मंत्री बनाकर द. छोटानागपुर प्रमंडल को साधा है। गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के जरिए उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के ओबीसी तबके को खुश करने की कोशिश की गई है।

**कांग्रेस ने हरेक वर्ग को साधा**

कांग्रेस ने अपने चार मंत्रियों के जरिये हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। गठबंधन के खिलाफ जाकर राजद के चुनाव लड़ने के बावजूद छतरपुर सीट जीतने वाले राधाकृष्ण किशोर को मंत्री बनाकर कांग्रेस ने एससी बहुल पलामू प्रमंडल को बड़ा मैसेज दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

### जिला कल्याण विभाग के हेड क्लर्क 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार



**लोहरदगा।** एसीबी की टीम ने जिला कल्याण विभाग में कार्यरत हेड क्लर्क राजेंद्र उरांव को 50000 रूपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार किस्को प्रखंड के चरहु में कब्रिस्तान की चाहरदिवारी निर्माण के बाद योजना मद में राशि भुगतान को लेकर 70 हजार रुपये रिश्वत की मांगी थी। जिसकी सूचना लाभुक ने एसीबी रांची को दी। एसीबी की टीम ने इसे लेकर जांच की और योजना के लाभुक सह शिकायतकर्ता को पहली किस्त के रूप में गुरुवार को ₹50000 देकर राजेंद्र उरांव को देने के लिए भेजा। कल्याण विभाग लोहरदगा में कार्यरत राजेंद्र उरांव ने जैसे ही 50 हजार घूस ली, एसीबी ने रंगे हाथ उसे धर दबोचा।

शिंदे-पवार ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

## देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

एजेंसी

**मुंबई।** भाजपा विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अजीत पवार छठी बार उप मुख्यमंत्री बने। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत कई नेता थे।



**उद्योगपति अंबानी के अलावा कई जानी-मानी हस्तियां रहीं मौजूद**

शपथ ग्रहण समारोह में उद्योगपति मुकेश अंबानी सपरिवार उपस्थित थे, जबकि क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, फिल्म स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित सहित फिल्म जगत की नामी हस्तियां समारोह में उपस्थित थीं। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राकांपा एसपी के अध्यक्ष शरद पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन ये किन्हीं कारणों से शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हो सके।

राज्य सरकार, जेपीएससी और विश्वविद्यालय को आदेश

## विश्वविद्यालयों में खाली पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चार माह में पूरी करें : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में अनुबंध पर नियुक्त कर्मियों को हटाए जाने जाने से संबंधित प्रार्थी प्रसिला सोरेन सहित एवं अन्य की याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चार माह में पूरी करने का आदेश राज्य सरकार, जेपीएससी और संबंधित विश्वविद्यालय के अधिकारियों को दिया है।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉक्टर एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले में आदेश सुनाते हुए सचिव उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशक एवं जेपीएससी को नियुक्ति के नियमों की बाधाओं को दो माह में दूर करने का निर्देश दिया है। उसके बाद के दो माह में जेपीएससी एवं राज्य सरकार को विश्वविद्यालयों से प्राप्त अधियाचना के आधार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकालने और नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इससे संबंधित याचिका निष्पादित कर दी।

### कोर्ट ने सरकार से पूछा था- विश्वविद्यालयों में कब तक होती रहेगी संविदा पर नियुक्ति



पूर्व में मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कब तक असिस्टेंट प्रोफेसर सहित रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा था कि कांट्रेक्ट आधारित नियुक्ति से बैक डोर से नियुक्ति को बढ़ावा मिलता है, कांट्रेक्ट आधारित शिक्षक सिर्फ अपनी सेवा समाप्त होने के बारे में ही सोचते हैं जिससे वे क्वालिटी एजुकेशन नहीं दे पाते हैं। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि राज्य के विश्वविद्यालयों में संविदा पर नियुक्ति कब तक होती रहेगी और घंटी आधारित शिक्षकों से कब तक काम चलाया जाता रहेगा। बैक डोर से बहाली की प्रक्रिया कब रुकेगी। कब तक विश्वविद्यालयो में नियमित बहाली की जाएगी। विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन कब तक होगा ताकि विश्वविद्यालयों में नियुक्ति में बाधा ना आए।

### 'मोदी-अडानी एक' नारा लिखी टी-शर्ट पहनकर संसद पहुंचे राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य कई सदस्य मोदी अडानी एक है नारा लिखे कपड़े पहनकर गुरुवार को संसद पहुंचे और उद्योगपति गौतम अडानी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच की मांग की। श्री गांधी तथा पार्टी के अन्य सांसदों ने सांसद भवन परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडानी की मदद करने का आरोप लगाते हुए इस मामले की व्यापक जांच की मांग की। इस दौरान मानव श्रृंखला भी बनाई गई। श्री गांधी ने एक सवाल पर कहा कि श्री मोदी कभी अडानी मामले की जांच नहीं कर सकते क्योंकि वह खुद इस मामले के दायरे में आ रहे हैं।

इसरो का 61वां पीएसएलवी मिशन : प्रोबा-3 मिशन को किया लॉन्च

# इसरो उठायेगा सूर्य के रहस्यों से पर्दा

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 94000 रु./प्रति किलो |




### आंतरिक्ष में नयी छलांग

**क्या है प्रोबा-3 मिशन**

प्रोबा-3 मिशन सूर्य के कोरोना का अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया है। कोरोना सूर्य का बाहरी वातावरण है, जो सूर्य की सतह से कहीं ज्यादा गर्म है। यह अंतरिक्ष के मौसम का भी स्रोत है, जिससे यह वैज्ञानिकों के लिए खास रुचि का विषय है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिलकर सूर्य के रहस्यों को उजागर करने के लिए प्रोबा-3 मिशन लॉन्च किया है। यह मिशन सूर्य के बाहरी वातावरण कोरोना का अध्ययन करेगा। इस मिशन में दो उपग्रहों को एक साथ छोड़ा गया। बता दें कि यह प्रक्षेपण इसरो के पीएसएलवी-सी 59 रॉकेट से किया गया। यह इसरो का 61वां पीएसएलवी मिशन है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर पोस्ट करके जानकारी दी कि पीएसएलवी-सी59 ने अंतरिक्ष की ओर उड़ान भरकर एक नया इतिहास रच दिया है। यह मिशन एनएसआइएल के नेतृत्व में और इसरो की अग्रणी तकनीक के सहयोग से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अत्याधुनिक प्रोबा-3 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं को प्रदर्शित करता है।



**प्रोबा-3 मिशन में दो उपग्रह शामिल :** कोरोनाग्राफ (310 किलोग्राम) और ऑक्यूल्टर (240 किलोग्राम)। ये दोनों उपग्रह मिलकर एक अनोखा प्रयोग करेंगे। ऑक्यूल्टर उपग्रह सूर्य की डिस्क को ढंक लेगा, जिससे कोरोनाग्राफ उपग्रह सूर्य के कोरोना का स्पष्ट रूप से अवलोकन कर पायेगा। यह तकनीक सूर्य के कोरोना के बारे में अध्ययन करने में मदद करेगी। मिशन का एक मुख्य उद्देश्य सटीक फॉर्मेशन फ्लाइंग का प्रदर्शन करना भी है। दोनों उपग्रहों को एक साथ, एक के ऊपर एक, निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है। इस तकनीक का सफलतापूर्वक प्रदर्शन भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए नए रास्ते खोलेगा।

**पीएसएलवी-सी59 रॉकेट का हुआ इस्तेमाल :**



इस लॉन्च के लिए पीएसएलवी-सी59 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया, जो 44.5 मीटर ऊंचा है। यह पीएसएलवी रॉकेट की 61वीं उड़ान और पीएसएलवी-एक्सएल संस्करण का 26वां मिशन था। शाम 4:04 बजे लॉन्च होने के बाद कोरोनाग्राफ और ऑक्यूल्टर उपग्रह 18 मिनट की यात्रा के बाद अपनी निर्धारित कक्षा में पहुंच गए।

## राजधानी को मिलेगा एक और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

सीसीएल का बीएवीपी व डीएएसएस के साथ एमओयू




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में सीसीएल ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीसीएल ने दरभंगा हाउस में आयोजित समारोह में बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता किया। यह 200 बेड वाला अस्पताल कांके में बनेगा तथा कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेगा।

सीसीएल का उद्देश्य सिर्फ कोयला उत्पादन नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह अस्पताल सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।
**निलेन्दु कुमार सिंह, सीएमडी, सीसीएल**

## लैंड स्कैम : अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची (खबर मन्त्र संवाददाता )।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल और अमृता सिन्हा ने पैरवी की। प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी 7 जून 2023 किस कारण हुई थी इसकी जानकारी लिखित रूप में ईडी ने उन्हें नहीं दी गई थी , इसलिए उनका डिटेंशन अवैध है इसलिए उन्हें मामले से रिहा किया जाए। बता दें कि कि मामले में ईडी द्वारा अमित कुमार अग्रवाल खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें अमित कुमार अग्रवाल, छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी गई पैशन प्रो मोटर साईकिल रंग-काला)**

गढ़वा थाना कांड सं0– 361/24 दिनांक– 06.07.24 धारा– 379, भा0द0वि0 में चोरी गयी पैशन प्रो मोटर साईकिल (रंग–काला) जिसका रजि0 नं0– JH03K9944 इंजन नं0– HA10ENEHC63284 एवं चेचिस नं0– MBLHA10A6EC54795 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 341229 Police (24-25)_D



### कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना (3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4108 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक .13.12.2024 को 11:30 पूर्वाहन / अपराह्न को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4108 | TATA INDIGO | 1,80,000/- | 18,000/- |

नियम एवम् शर्त :–
1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वंय वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 341308 Lohardaga (24-25)_D



### कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

झारखण्ड, नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 के तहत् नगर परिषद, लोहरदगा क्षेत्रान्तर्गत स्थित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना ट्रेड लाईसेंस के व्यवसाय करने वालो के विरूद्ध नगर परिषद द्वारा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 600 एवं 187 के तहत् कार्रवाई की जाएगी तथा वैसे ट्रेड धारक जिनका लाईसेंस की वैधता समाप्त (Expired) हो गया है वे अपना लाईसेंस नवीनीकरण (Renewal) करा लें।

वैसे जल संयोजनधारी जिनके द्वारा अवैध रूप से जल संयोजन किया गया है वैसे जल संयोजनधारियों को सूचित किया जाता है कि अपना जल संयोजन वैध/नियमितिकरण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 215 एवं 600 के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

वैसे धृति धारक जिनके द्वारा अपना मकान/व्यावसायिक प्रतिष्ठान का स्व–निर्धारण प्रपत्र (Self Assessment Form) भर कर कार्यालय में जमा नहीं किए है वे अपना स्व–निर्धारण प्रपत्र (SAF) दिनांक– 31 मार्च 2025 तक निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड अधिनियम 2011 की धारा 181 एवं 184 के तहत् कार्रवाई की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित धृति धारक की होगी।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR.NO.341272 Lohardaga(24-25):D



### श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची
झारखण्ड सरकार, मेयर्स रोड, राँची–834008

**निविदा सूचना**

श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची के कार्यालय में कम्प्यूटर इत्यादि के वार्षिक रख–रखाव करने की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु इच्छुक प्रतिष्ठान से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कम्प्यूटर सेट के रख रखाव एवं विभिन्न पूर्जों के खराब होने की स्थिति में मरम्मति एवं बदलाव हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
1. कम्प्यूटर रख रखाव के क्रम में यदि किसी सामान को बदल कर नया सामान लगाया जाता है तो इस पर होने वाले व्यय का वहन फर्म के द्वारा ही किया जायेगा। इसके लिए अलग से कुछ भी देय नहीं होगा।
2. निविदा के साथ 25,000/– (पचीस हजार) रूपये की राशि अग्रधन के रूप में बैंक ड्राफ्ट "निदेशक, श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची **(Director, Shri Krishna Institute of Public Administration, Ranchi)**" के नाम जमा करना होगा।
3. निविदा दो अलग–अलग लिफाफ में सीलबंद होना चाहिए – (1) तकनीकि बिड तथा (2) वित्तीय बिड। लिफाफा के ऊपर तकनीकि बिड तथा वित्तीय बिड स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। अग्रधन के रूप में जमा की गयी बैंक ड्राफ्ट तकनीकि बिड में संलग्न होना चाहिए।
4. यह निविदा दिनांक 19.12.24 को 03.00 बजे अप0 तक प्राप्त की जाएगी तथा उसी दिन 4.00 बजे अप. में निविदाकर्त्ता या उनके द्वारा प्राधिकृत अभिकर्ता के समक्ष खोली जाएगी।
5. बगैर कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित रहेगा।
6. निविदादाता का झारखण्ड राज्य में GST निबंधन होना चाहिए एवं वे निविदा के साथ तीन वर्षो का अद्यतन GST Return की प्रति संलग्न करेंगें।
7. आयकर संबंधित पैन कार्ड की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न होना चाहिए।
8. फर्म के द्वारा पूर्व में किसी विभाग/संस्थान में किये गये कार्यों के तीन वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया जाएगा।
9. फर्म के द्वारा कम्प्यूटर हार्डवेयर की संबंधित कम्पनी का अधिकृत सर्विस प्रोवाइडर होने का प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया जाएगा।
10. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट skipa.nic.in पर उपलब्ध है।

(केवल कृष्ण अग्रवाल)
उप निदेशक (प्रशासन)

PR.NO.341221 SKIPA(24-25):D



### Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road,
Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com

**e-Tender Notice**

E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 305/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for construction of continuous electric wielding in bracing members at every angle joint points required in different tower types in 220KV D/C Itkhori – Latehar Transmission Line under jurisdiction of Transmission Sub- division, Itkhori. | Rs.23,19,365.00 | Rs. 6,500.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs.5900/- |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | From 09/12/2024 at 10.00 AM to 30/12/2024 upto 2:00PM |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 31/12/2024 upto 2:00PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 31/12/2024 at 04.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (**06546-270375**) during office hours. NIC helpline no.- **0651-2400178**.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR.NO.341246 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D


# राज्य के हरेक नागरिक को जरुरी और उच्च गुणवतायुक्त नागरिक सुविधा मिले : सुनील

## नगर विकास सचिव ने की राजस्व संवर्द्धन की समीक्षा, दिये कई आवश्यक निर्देश

- राजस्व वृद्धि को लेकर संसाधनों को चिन्हित करें नगर निकाय
- झारखंड नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत राजस्व संसाधन बढ़ाने पर अधिकारी करें फोकस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के हरेक नागरिक को जरुरी और उच्च गुणवतायुक्त नागरिक सुविधा मिले। इसके लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहद संवेदनशील हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने गुरुवार को नगर निकायों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा की और अधिकारियों को राजस्व संवर्द्धन को लेकर कई आवश्यक निर्देश भी दिये। साथ ही नगर पालिका अधिनियम के तहत दिए गए प्रावधानों के मुताबिक अधिक से अधिक संसाधनों को चिन्हित कर उससे निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने पर जोर दिया। कहा कि इन स्त्रोत से आने वाले राजस्व का इस्तेमाल वहां के नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधा और जीवन स्तर प्रदान करने में किया जाये। बैठक में प्रधान सचिव के अलावा राज्य शहरी विकास भिकरण के निदेशक श्री अमित कुमार,विभाग में अपर सचिव श्री ज्ञानेन्द्र कुमार और नगर विकास विभाग के अन्य पदाधिकारी तथा कर क्षेत्र के विशेषज्ञ मौजूद थे।

**बकाया होल्डिंग टैक्स समेत अन्य कर वसूली को भी प्राथमिकता सूची में रखें :** उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय बकाया होल्डिंग टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के कर वसूली को भी प्राथमिकता सूची में रखें, ताकि नगर निकायों को और सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके तथा नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।

प्रधान सचिव नें अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निकायों के आर्थिक संवर्द्धन का सीधा लाभ संबंधित निकाय के नागरिकों को मिलेगा। उन्होंनें राज्य के विभिन्न शहरी निकायों में स्थित केन्द्रीय संस्थानों,कार्यालयों तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के पास लंबित होल्डिंग टैक्स की वसूली नहीं होने पर चिंता जताते हुए निर्देश दिया कि इसकी वसूली के लिए प्लान बनाकर कार्य करें।

### प्रधान सचिव का निर्देश

- झारखंड नगरपालिका अधिनियम में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिसके माध्यम से नगर निकायों के आय में वृद्धि की जा सकती है। उन प्रावधानों के तहत संसाधनों को चिन्हित कर राजस्व वृद्धि की दिशा में कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है, ताकि लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा प्रदान किया जा सके।
- केन्द्रीय संस्थानों सीसीएल, बीसीसीएल, पोस्ट ऑफिस, सेल, रेलवे इत्यादि पर होल्डिंग टैक्स के रुप में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया राशि की वसूली में तेजी लानें का निर्देश दिया गया।
- सचिव ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वैसे भवन जहां से होल्डिंग टैक्स नहीं प्राप्त हो रहा है। उसके लिए वित्त विभाग और अन्य विभाग से समन्वय स्थापित कर बजटीय उपबंध करायें।
- जियाडा क्षेत्र में स्थित औद्योगिक प्रतिष्ठान होल्डिंग टैक्स नहीं दे रहे हैं। वहां से होल्डिंग टैक्स लेनें की प्रक्रिया शुरू करें। झारखंड उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार औद्योगिक क्षेत्र के मामलें में जमशेदपुर, जिसे विशेष रुप से औद्योगिक नगरी का दर्जा प्राप्त है, को छोड़कर अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों को होल्डिंग टैक्स का भुगतान करना है।
- बैठक में विशेषज्ञों ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अनुरुप संपत्ति कर में किए गए सुधारों के कारण कर संग्रहण में वृद्धि हुयी है। 2020-21 में इस मद्द में कर संग्रहण 147 करोड़ रुपया था, जो 2023-24 में बढ़कर 220 करोड़ रुपया हो गया है। हालांकि अभी कई क्षेत्रों में सुधार की संभावना है।
- इसके अलावा कहा गया कि राज्यभर में नगरपालिकाओं के पास कई व्यावसायिक भवन हैं। इनका ब्यौरा सही तरीके से नही रखा जा रहा है और न ही उसका किराया निर्धारण और वसूली सही तरीके से हो रहा है। वैसे में डीजीटलाईजेशन ऑफ मुनिसिपल एसेट्स के तहत राज्यभर में नगर निकायों के परिसंपत्तियों का डीजीटलाईजेशन कराकर उससे आनेवाले लाभांश को बढ़ाया जाये।

## एसएससी सीजीएल परिणाम छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने एसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह हेमंत सोरेन सरकार की उदासीनता और अहंकार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमने उम्मीद की थी कि भारी जनादेश के साथ यह सरकार छात्रों और युवाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखायेगी। लेकिन, सरकार का रवैया अहंकारी और गैर जिम्मेदाराना होता जा रहा है। सरकार ने निष्पक्ष जांच का वादा किया था। लेकिन, बिना किसी उचित प्रक्रिया और जांच के परिणाम जारी करना इस सरकार की लापरवाही का परिचायक है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल एक संदेश का जिक्र करते हुये कहा कि परिणाम से पहले एक वायरल संदेश में दो विशेष रोल नंबर का उल्लेख था। परिणामों में वही रोल नंबर दिखाई दिये हैं। भाजपा इस संदेश की सत्यता की पुष्टि नहीं करती है। लेकिन जब लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है, तो इस संदेश समेत सभी संबंधित तथ्यों की गंभीरता से जांच होनी चाहिये। उन्होंने सरकार की संवैधानिक प्रक्रिया के उल्लंघन की ओर इशारा करते हुये कहा कि जब कई छात्रों द्वारा यह मामला न्यायालय में ले जाया गया है। तो न्यायालय के निर्णय का इंतजार किये बिना परिणाम जारी करना न केवल असंवैधानिक है। बल्कि छात्रों के अधिकारों का हनन भी है। इसके अलावा, यह भी स्पष्ट है कि परिणाम ऐसे समय में जारी किया गया जब चुने हुए प्रतिनिधि मंत्रिमंडल विस्तार में व्यस्त थे। यह दर्शाता है कि वर्तमान सरकार पर अफसरशाही का दबदबा है, जो मंत्रिमंडल के विस्तार का भी इंतजार नहीं कर सकी।

## दूसरी बार स्पीकर बन कर रिकार्ड बनायेंगे विधायक रवींद्र नाथ महतो !

### रविन्द्र नाथ महतो चौथी बार नाला विधानसभा क्षेत्र से चुने गये हैं

**उदय चौहान**



**रांची।** चार बार के नाला से विधायक रवींद्र नाथ महतो दूसरी बार स्पीकर बन कर नया रिकार्ड बनायेंगे। झामुमो सूत्रों के अनुसार श्री महतो के पिछले ट्रैक रिकार्ड को देख कर फिर उन्हें स्पीकर पद से नवाजा जा रहा है। नाला विधानसभा सीट से चौथी बार झामुमो के टिकट पर निर्वाचित हुये रवींद्र नाथ महतो स्पीकर पद के लिये सबसे आगे चल रहे हैं। झामुमो स्पीकर पद पर कब्जा बरकरार रखना चाहता है। उनके परिजनों ने बातचीत में अपने पुराने दिनों को याद करते हुये कहा कि संघर्ष करके आज वह इतने बड़े पद पर दोबारा आसीन होने जा रहे हैं। इसके लिये क्षेत्र की जनता एवं दिशोम गुरू को धन्यवाद दिया। सूत्रों के अनुसार श्री महतो चाहते थे कि पढ़ लिखकर वे शिक्षक बने। इसके लिए उन्होंने बीएड भी किया और बीएससी भी। लेकिन शिक्षक और नौकरी से ज्यादा उनकी रुचि राजनीति में थी और उन्हें राजनीति करने के लिए फिर छोड़ दिया गया। रविंद्र नाथ महतो ने अपने गांव सिमीलडूबी पंचायत पाटनपुर गांव में रहकर महाजोरी खमार सरकारी विद्यालय में प्राइमरी शिक्षा ग्रहण की। गांव में ही रह कर मिडिल स्कूल में पढ़ाई की। उसके बाद जामताड़ा जेबीसी हाई स्कूल से मैट्रिक की। मैट्रिक की परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने दुमका एसपी कॉलेज से साइंस में आईएससी और बीएससी की। बीएससी करने के बाद वह भुवनेश्वर से बीएड की परीक्षा पास की।

**2005 में पहली बार बने विधायक :** इसके बाद अलग झारखंड राज्य आंदोलन में शिबू सोरेन के साथ राजनीति में संपर्क में आये। राजनीति में आने के बाद पहली बार वह निर्दलीय रूप से नाला विधानसभा से चुनाव लड़े। पहली बार 2000 में झामुमो की टिकट पर नाला विधानसभा सीट से चुनाव लड़े। लेकिन, तत्कालीन विधायक विशेश्वर खां से हार गये। 2005 में झामुमो से फिर विधानसभा चुनाव लड़े और उन्हें सफलता मिली। 2009 में झामुमो की टिकट पर फिर से चुनाव लड़े और भाजपा प्रत्याशी से हार गये 2014 और 2019 में वे झामुमो के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने। इस बार फिर नाला सीट से झामुमो के टिकट पर श्री महतो चुनाव जीते।

## खबर एक नजर में

### विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ की बैठक

**रांची।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक की. बैठक में मोनी कुमारी ने संचालकों को दाल भात केंद्र खोलने के समय, वहां दिए जाने वाले भोजन संबंधित समीक्षा की। मौके पर सभी संचालकों ने अपनी समस्या से विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी को अवगत करवाया, जिसपर मोनी ने उनके समस्या को समाधान करने की बात कही।

### संथाल समाज की अस्मिता के लिए मांझीथान और जाहरथान का संरक्षण आवश्यक : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल समाज की अस्मिता और संस्कृति उनके पवित्र पूजा स्थल जाहर थान और मांझी थान से जुड़े हैं। श्री मरांडी गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में इन पूजा स्थलों पर शिलान्यास के बीद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संथालों का दो ही पूजा स्थल होता है, एक जाहेर थान और दूसरा मांझी थान। ये हमारे संताल समाज की पवित्र पहचान है। अगर गांव से मांझी थान और जाहेर थान समाप्त हो जायेगा, तो संथाल जाति भी खत्म हो जायेगी। हम तभी तक संथाल हैं, जब तक हम जाहेर थान मरांग बुरू को पूजते हैं। जाहेर थान में मरांग बुरू की पूजा संथालों की पहचान है।

### छह नई ट्रेनें चलाने और चार के विस्तार की मांग

रांची। रांची से छह नई ट्रेनें देने के साथ चार का विस्तार कराने की झारखंड रेल उपयोगकर्ता संगठन ने रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से गुरुवार को मांग की। दो स्टेशनों को बेहतर करने का भी आग्रह किया गया। इसमें बड़बिल–रांची फास्ट मेमू, रांची से कटरा, रांची से लखनऊ, अयोध्या, हरिद्वार, देहरादून तक के लिए सीधी ट्रेन, रांची–इंदौर के बीच, गढ़वा–रांची मेमू, रांची–रजरप्पा मेमू ट्रेन दिलाने का आग्रह किया। हटिया–सांकी पैसेंजर ट्रेन का बरकाकाना तक, कोडरमा–बरकाकाना पैसेंजर का रांची तक विस्तार, रांची–चोपन ट्रेन के समय में बदलने, हटिया–राउरकेला पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का विस्तार चक्रधरपुर तक करने आदि की मांग की गई।

**चोपन एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग :** रांची–चोपन एक्सप्रेस का समय बदलकर प्रतिदिन चलाने की मांग करते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने सांसद बीडी राम को पत्र भेजा। कहा कि चोपन में बनी कोचिंग और पिट लाइन का उपयोग इस ट्रेन के प्रतिदिन परिचालन से हो सकेगा। इससे यूपी और झारखंड के यात्री भी लाभान्वित होंगे।

## डा. रामेश्वर एवं प्रदीप में से कोई एक बन सकता है कांग्रेस विधायक दल के नेता





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत मंत्रिमंडल में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के शपथ लेने के बाद प्रदेश कांग्रेस के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता को लेकर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय चर्चा का केंद्र बना रहा। इस पद को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लोहरदगा विधायक डा. रामेश्वर उरांव एवं पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव का नाम चर्चा का केंद्र विंदू बना रहा। वर्तमान मंत्रिमंडल विस्तार में डॉ रामेश्वर उरॉव एवं प्रदीप यादव को जगह नहीं मिली है। दोनो ही नेता पूर्व मंत्री रह चुके है एवं विधायकों में सीनियर भी है। इस स्थिति में दोनों में से कोई एक कांग्रेस विधायक दल का नेता बन सकता है।

इधर कांग्रेस ने फैसला लिया है कि इस बार वह विधायक दल का नेता अलग से बनाएगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने यह संकेत भी दे दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार मुख्यमंत्री का दायित्व होता है। वहीं विधायक दल का नेता चयनित करना कांग्रेस की जिम्मेवारी है। इस पर निर्णय एक-दो दिनों में हो जाएगे।

कांग्रेस नेताओं का मानना है कि इस पद के लिए वरीयता व अनुभव को देखते हुए डा. उरांव एवं प्रदीप यादव में से किसी एक को विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। पार्टी में डा. उरांव एवं प्रदीप यादव को छोड़कर कोई दूसरा सीनियर विधायक नहीं है। दोनों ही नेता में से जो भी विधायक दल का नेता बनेगा विधानसभा में मजबूती से सरकार व पार्टी का पक्ष रख सकते हैं। ऐसे हेमंत सोरेन सरकार पार्ट वन में डॉ रामेश्वर उरॉव वित्त मंत्री रह चुके हैं और आदिवासी भी है। इस स्थिति में उन्हे प्राथमिकता मिल सकती है।


### RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
BISHRAMPUR, PALAMU (JHARKHAND)-822132
Phone No.: 8972629670, 7091116821
Web: http://www.rcu.edu.in,

**Invites Applications for the post of**

**Vice-Chancellor**

The Vice Chancellor, being an administrative and academic head, is expected to be:

- A distinguished academician with Ph.D. and high level of administrative skills, competence, integrity, moral and institutional commitment.
- Preferably with 20+ year of experience as distinguished academician in a reputed university or research organization, of which at least 10 years as a Professor or its equivalent position with a proof of having demonstrated academic leadership.

Candidates are advised to send their resume to registrar@rcu.edu.in within 07 days from the date of advertisement or by post on following address:-
At+PS:-Nawadih Kala, PO.- Bishrampur, Distt.:- Palamu (Jharkhand)
Pin code: 822132

स्पीड न्यूज

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विधायक पूर्णिमा साहू ने की भेंट, लिया आशीर्वाद



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू ने बुधवार को नौसेना दिवस के मौके पर पुरी राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें उज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ उनके पति एवं युवा समाजसेवी ललित दास भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओड़िशा के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। अपने प्रवास के दौरान वे पुरी में नौसेना दिवस समारोह सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत कर रही हैं।

## अरविंद सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक



**चांडिल।** ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल डैम रोड रोड स्थित बीन पैलेस में पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद समीक्षा बैठक की। बैठक में पूरे क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से कार्यकर्त्ता और समर्थक जुटे। सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह के साथ उनके भतीजे अंकुर सिंह भी मौजूद रहे। चुनावी नतीजे के कारणों पर गहन मंथन किया गया। वहीं क्षेत्र के विकास के लिए नये सिरे से रणनीति बनाकर एकजुट होकर जनहित में काम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने कहा कि पिछले 35 वर्षो से अधिक समय से ईंचागढ़ की जनता के मान, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ता रहा हूं। आगे भी आप सबों के सहयोग से पूरी एकजुटता के साथ ईंचागढ़ की जनता के मान, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई जारी रहेगी। ताकि ईंचागढ़ को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

## विश्वकर्मा समाज ने मंत्री सुदिव्य सोनू का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार में विश्वकर्मा वंशी गिरीडीह के विधायक श्री सुदिव्य कुमार सोनु जी को कैबिनेट मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा के तरफ से। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी को आभार व्यक्त करता हूं कि विश्वकर्मा समाज को अपने मंत्रीमंडल में स्थान देने के लिए।

## नेशनल हॉकर फेडरेशन ने विधायक सरयू राय को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** नेशनल हॉकर फेडरेशन के तत्वावधान में मानगो के पथ विक्रेताओं ने पश्चिमी विधानसभा के विधायक सरयू राय को वेंडिंग मार्केट एवं वेंडिंग जोन के लिया सौंपा ज्ञापन। नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती ने कहा फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल, टाऊन वेंडिंग कमिटी सदस्य एवं फुटपाथ दुकानदारों ने विधायक से मुलाकात कर जीत की बधाई दी तथा उजाड़े गए दुकानदारों को व्यवस्थित करने का आग्रह किया। विधायक सरयू राय ने कहा कि पथ विक्रेताओं के प्रतिनिधिमंडल एवं मानगो नगर निगम के साथ बैठक कर सकारात्मक पहल की जाएगी।

## विधायक ने किया पानी टंकी का निरीक्षण



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने बुधवार को न्यू पुरुलिया रोड, वन विभाग स्थित नवनिर्मित पानी टंकी का अवलोकन किया। इस पानी टंकी का शिलान्यास उनके द्वारा ही पूर्व के कार्यकाल में हुआ था, परंतु उसके बाद इस क्षेत्र के विधायक और विभागीय उदासीनता की वजह से यहां से पानी सप्लाई चालू नहीं हो पाया। सरयू राय ने अवलोकन के पश्चात पानी टंकी के निर्माण और वितरण से जुड़े विभागों, नगर निगम, पी.एच.डी. एवं बिजली विभाग के आला अधिकारियों को अपने आवासीय कार्यालय में बुलाकर उनके साथ बैठक कर इसे जल्द से जल्द चालू करने में आ रही बाधा को दूर करने करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में उनके साथ अमरेंद्र पासवान, राकेश सिंह लोधी, संतोष भगत, प्रेम सक्सेना, संजय सिंह, संजय श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा, पवन सिंह प्रमोद मालाकार, बाला एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वर्तमान समय में बांग्लादेश में हिन्दू सिख, बौद्ध और जैन पर हो रहे अत्याचार पर सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में लगभग 28 संगठन के हजारों की संख्या में हिन्दू जनमानस युवा शक्ति, मातृ शक्ति सडक पर उतर कर अपना आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज करवाया है।




डीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन करते शेखर डे व साथी।



प्रदर्शन के दौरान प्रो डा जटाशंकर पांडेय व अन्य हिन्दूवादी नेता।

कार्यक्रम की शुरूआत में इस्कॉन से स्वामी जगन्नाथ दास, शिक्षाविद रागिनी जी और महानगर संघचालक रामचंद्र जी ने अपने भावना को दर्शाते हुए किया। जगन्नाथदास जी ने बांग्लादेश में इस्कॉन के ऊपर होने वाले अत्याचार के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए हिन्दुओं के ऊपर कट्टरपंथियों के द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी के विषय में बताया है।

रागिनी जी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और अमानवीय घटनाओं पर अपना आक्रोश व्यक्त किया था। रामचंद्र जी ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि बांग्लादेश में भारत को अपनी सेना भेजने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्व में किसी भी लोकतंत्र के रक्षक बनने वाले देश ने बांग्लादेश की घटना पर अफसोस दर्ज नहीं करवाया है। अब भारत सरकार को बांग्लादेश में सैन्य कार्यवाही की ओर बढ़ना चाहिये, ताकि बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा की जा सके।

कार्यक्रम के अंत में सभी संगठन के लोगों ने सुभाष मैदान से यात्रा निकालते हुए उपायुक्त कार्यालय के लिए प्रस्थान किया। और, सभी ने जाकर अपना ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम से उपायुक्त के माध्यम से दिया गया।

कार्यक्रम में बंगाल क्लब, दी मिलानी, भारत सेवाश्रम, हिन्दू उत्सव समिति, राम कृष्ण मिशन, महाराष्ट्र हितकारी मंडल, ब्रह्मकुमारी समाज, करनी सेना, वैश्य समाज, राधा स्वामी सत्संग, गायत्री परिवार, विश्व हिंदू परिषद, इस्कॉन, बरनवाल मोदी सेवा समिति, उत्तर प्रदेश संघ, बिहार एसोसिएशन, ब्रह्मऋषि समाज, हिन्दू पीठ, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# सुप्रीम कोर्ट से जमानत दिलाने के नाम पर ठगे तेईस हजार रुपये

- सीतारामडेरा की महिला का रो-रो कर बुरा हाल
- पीएमएलए के तहत सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करने की धमकी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी करने का भय तथा सुप्रीम कोर्ट से जमानत दिलाने के नाम पर साइबर अपराधियों ने सीतारामडेरा की महिला से तेईस हजार रुपए ठग लिए हैं। भुक्तभोगी महिला को ठगे जाने का एहसास तब हुआ जब वह एक परिचित वकील के पास कानूनी सलाह लेने पहुंच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीताराम डेरा की जसबीर कौर को मंगलवार पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे एसबीआई कस्टमर केयर हेड क्वार्टर मुंबई से कॉल आया कि उसके नाम से तमिलनाडु में क्रेडिट कार्ड जारी हुआ है और एक लाख रुपए की ठगी हुई है। फिर कॉलर दिनेश चक्रवर्ती ने विनय कुमार नामक व्यक्ति से बात करने को कहा। फिर विनय कुमार का कॉल आया और उसने हैदराबाद साइबर थाने से क्लेरिफिकेशन लेटर लेने को कहा। साइबर सेल से फिर वीडियो कॉल आया और जसबीर कौर को पुलिस वर्दी पहने व्यक्ति ने धमकी दी कि वह वीडियो कॉल पर बनी रहे क्योंकि नरेश गोयल के 536 करोड़ रुपए मनी लॉन्ड्रिंग केस में उसकी संलिप्तता है और सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक नीरज कुमार ने गिरफ्तारी का आदेश जारी किया है। जसवीर कौर को कहा गया कि वह दो घंटे के भीतर हैदराबाद पहुंचें। जब असमर्थता जाहिर की तो परिवार के सभी सदस्यों को गिरफ्तार करने की धमकी दी गई की लोकल पुलिस उसके घर पहुंच रही है। जब जसवीर कौर ने वकील से सलाह लेने तथा परिवार से बात करने के लिए मोहलत मांगी। उसे फिर धमकाया गया कि वह किसी को नहीं बताएं और घर से बाहर निकलेगी तो इस मामले में पहले ही एक महिला की हत्या हो चुकी है। उसके साथ भी अनहोनी हो सकती है। फिर एक महिला अधिकारी अर्चना कुमारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की जमानत थोड़े दिन के लिए दिलवा देते हैं इसके लिए 45 हजार रुपए लगेंगे, साथियों से वीडियो कॉल पर बने रहने के लिए कहा गया। जसवीर कौर ने अपनी बहन से 15 हजार और भाई से आठ हजार अपने दो अलग-अलग खातों में मंगवाए और कॉलर द्वारा दिए गए यूपीआई पर पैसे डाल दिए। कॉलर ने उसे धमकाया कि 45000 में 23000 मिले हैं बाकी के रुपए के लिए रात में वह फोन करेगा और बुधवार की सुबह उसे पैसे देने होंगे।



उसने परिचित वकील से सलाह ली और वकील से संपर्क काफी देर बाद कॉलर से हुआ और कॉलर ने साफ कहा कि उसने फ्रॉड किया है और पैसे वह नहीं लौटाएगा, उसे बड़े लोगों का संरक्षण है और कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता।

बुधवार को जसवीर कौर ने साइबर सेल को टोल फ्री पर तथा साइबर थाना को लिखित रूप से शिकायत दे दी है।

## जनता की आकांक्षाओं एवं उम्मीदों को पूरा करेगी हेमंत सरकार : डा. अजय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंत्रीमंडल में शपथ लेने वाले मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर डा. अजय ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता की आकांक्षाओं एवं उम्मीदों को पूरा करने के साथ ही राज्य को विकास के पथ पर आगे ले जाएगी। यह सरकार राज्य की गरीब, महिला एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कार्य किया जाएगा। सरकार ने अभी से जनहित में कार्य करने शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में सरकार जनता के समग्र विकास के लिए कार्य करेगी। डा. अजय ने कहा कि एक तरफ देश के अन्नदाता किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है तो वहीं दूसरी ओर लोगों का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार देश में धार्मिक उन्माद फैलाने का काम कर रही है। इसके माध्यम से एजेंटों के माध्यम से नित नए मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने की नौटंकी की जा रही है। वहीं बंगलादेश में लगातार हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है लेकिन मोदी सरकार मौन है। यही भाजपा का दोहरा चरित्र है।

# सांसद विद्युत ने बहरागोड़ा और घाटशिला एनएच की बदहाली पर नितिन गडकरी से की बात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत बरण महतो ने आज केंद्रीय सड़क पर परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बहरागोड़ा एवं घाटशिला के दो महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में वार्ता की। उन्होंने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र जमशेदपुर के बहरागोड़ा के झारिया मोड़ में स्थित कालियाडिगा चौक, जिसे त्रिवेणी संगम स्थल के नाम से जाना जाता है, तीन राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा का मिलन स्थल है। यहां से फोरेस्ट गेस्ट हाउस से माटिहान चौक तक दोनों सर्विस रोड की लंबाई 4-4 किलोमीटर है और इन सर्विस रोड का कालीकरण किया गया है। किन्तु, यहां की मिट्टी भुरभुरी होने के कारण सड़क लगातार टूटती जा रही है। यह सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है और इस क्षेत्र की सुरक्षा के लिए इस सड़क के दोनों छोर पर 4-4 किलोमीटर तक पीसीसी (कंक्रीट) पथ का निर्माण अत्यंत आवश्यक है।



उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि

1) बहरागोड़ा के पीडबल्यूडी चौक क्रॉसिंग (ओम होटल) के पास अंडरपास का निर्माण - बहरागोडा के पीडबल्यूडी चौक (ओम होटल क्रॉसिंग) अंतराज्यीय बस पड़ाव के सामने अंडरपास नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पार करते समय जल्दबाजी के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। यह इस क्षेत्र का ज्वलंत मुद्दा रहा है। इस स्थान पर प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु अंडरपास का निर्माण कराना जनहित में अतिआवश्यक है।

2) घाटशिला के फुलडंगरी में अंडरपास का निर्माण घाटशिला के फुलडंगरी में बहुत अधिक ट्रैफिक होने के कारण यहां प्रतिदिन अत्यधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे लोगों की जान की हानि भी हो रही है इनको रोकने के लिए अंडरपास का निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

सांसद श्री महतो ने कहा कि पहले आपके द्वारा आश्वासन मिला था परंतु उचित कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस निर्माण कार्य हेतु निविदा भी हो चुकी है, परंतु अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। अतः इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को शीघ्रता से प्रारंभ करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि इस क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

केंद्रीय मंत्री ने सांसद श्री महतो को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में अति शीघ्र कार्रवाई करेंगे और संबंधित पदाधिकारी को समुचित दिशा निर्देश जारी करने जा रहे हैं।

## झारखंड में सदस्यता अभियान को गति देने की तैयारी में जुटी भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

- जमशेदपुर महानगर ने अभियान की सफलता को लेकर की जिला संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति
- 8 दिसंबर को प्रदेश कार्यशाला में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाग लेंगे अभियान के जिला संयोजक एवं सह संयोजक।

**जमशेदपुर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपने सदस्यता अभियान को गति देने की तैयारी कर ली है। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा ने इसे 'संगठन महापर्व' का नाम दिया है। विधानसभा चुनाव के कारण महाराष्ट्र और झारखंड में यह अभियान संचालित नहीं हो सका था, लेकिन अब इसे सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है। भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जमशेदपुर महानगर ने भी इस अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत जिला स्तर पर संयोजक और सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई है। बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. राजीव कुमार को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनके साथ पूर्व महामंत्री खेला राम बेसरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**8 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय एवं 10 दिसंबर को मंडल स्तरीय कार्यशाला का होगा आयोजन :** सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आगामी 8 दिसंबर को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला संयोजक और सह-संयोजक महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाग लेंगे। इसके बाद 10 दिसंबर को जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित कर मंडल स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए मंडलों में एक प्रभारी के साथ दो सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है।

वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने विश्वास जताया है कि सदस्यता अभियान पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करेगा। कार्यशाला में प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अभियान के लक्ष्यों और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि इस महापर्व को सभी स्तर पर सफल बनाया जा सके।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को कड़े फैसले लेने चाहिए : सहिस

**जमशेदपुर।** बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और दुर्व्यवहार के साथ-साथ हिंदू देवी-देवताओं के मंदिर को क्षतिग्रस्त करने जैसी सूचनाओं पर हिन्दू समाज सड़क पर उतर उनकी सुरक्षा की मांग करने जमशेदपुर समाहरणालय पर पहुंचे। उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, कन्हैया सिंह, अप्पू तिवारी, ललन झा, अरूप मल्लिक, संतोष सिंह, संगीता कुमारी, सौरभ राहुल सिंह, प्रवीण प्रसाद, मंजीत सिंह, मुकेश प्रसाद, रवि कुमार, शिवा शेखर सहिस, राजेश सिंह, शुभम कुमार के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता हिस्सा लिए। मीडिया से बातचीत में सहिस ने बताया कि इतने गंभीर विषय पर देश को एकजुट होना चाहिए। बंगलादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार और अमानवीय व्यवहार से सामाजिक रूप से मन द्रवित है ऐसी पीड़ादायी घटना किसी भी समाज के लिए उचित नहीं है। इस गंभीर विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को कड़े फैसले लेने चाहिए और त्वरित कारवाई होनी चाहिए। सहिस ने कहा कि चूंकि भारत बांग्लादेश को सदैव अपना सहयोगी माना है और हमेशा सहयोग करता रहा है फिर ऐसा कुकृत्य क्यों और किसके इशारे पर ऐसा दुर्व्यहार हो रहा है ऐसा नहीं हो इसका सतत प्रतिशत प्रयास हो और बंधक हिन्दू धमाचार्य को मुक्त कराते हुए अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी देश अथवा व्यक्ति ऐसी दुस्साहस नहीं कर सकें।



## मैकानी मेटल्स, मुंबई ने एनएमएल के साथ परियोजना निष्पादन हेतु करार किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 5 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर ने मैकानी मेटल्स, मुंबई के साथ परियोजना निष्पादन हेतु करार किया है। इस करार के तहत मैकानी मेटल्स कीमती एवं बहुमूल्य धातु निकाल सकेगी। यह करार जो पूर्ण रूप से ई-वेस्ट के लिए बहुमूल्य तोहफा हैं कारण रिसाइक्लिंग जीरो वेस्ट कोंसेप्ट पर कार्य करेगा। यह पर्यावरण अनुकूल है एवं इसके सही निस्पादन से पर्यावरण स्वच्छ होगा, बेरोजगार युवकों को नौकरी मिलेगी एवं असंगठित इकाई संगठित होकर कचड़ा उठाव एवं निष्पादन इस प्लांट के द्वारा कर सकेंगे। मुनिसिपल इकाई भी इस कंपनी से संपर्क कर कचड़ा निष्पादन कर पाएंगे। इस मौके पर एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, परियोजना प्रमुख डॉ. अंकुर शर्मा, प्रभारी (अर्बन और रीसाइकलिंग सेंटर) डॉ. मनीष कुमार झा, प्रभाग प्रमुख डॉ. संजय कुमार, डॉ. झुमकी हैत, डॉ. कृष्णा कुमार एवं टीम शोधार्थी डॉ. रेखा पांडा, सुश्री करीना रानी ने करार में अपना योगदान दिया। इनके अलावा व्यापार प्रमुख डॉ. एस.के. पाल और डॉ. बीणा कुमारी तकनीकी हस्तांतरण डोकुमेंटेसन करवाने में अपना सहयोग किया। डॉ. अंजनी कुमार साहु ने एमओयू सम्बन्धित कार्यों में एवं रिसाइक्लिंग के क्षेत्र में भारत में भावी संभावनाओं की ओर प्रेस एवं मीडिया को इंगित किया। मैकानी मेटल्स, मुंबई, के संस्थापक रियाज मैकानी अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए अब ई-कचरा रिसाइक्लिंग के व्यवसाय में प्रवेश कर रहे हैं। एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने खुशी व्यक्त की और कहा कि हाल के दिनों में एनएमएल ने कई स्वदेशी तकनीकें भारतीय कंपनियों को हस्तांतरित की हैं और आशा है कि भविष्य में हम भारत को ई-कचरा मुक्त समाज बनाने के लिए और अधिक से अधिक करार करेंगे।



# कविवर निर्मल मिलिंद एक अहर्निश कवि थे : जयनंदन

- कविवर निर्मल मिलिंद स्मृति पुरसकार से सम्मानित किए गए गंगा प्रसाद अरुण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वर्ष 2024 का कविवर निर्मल मिलिंद स्मृति पुरस्कार गीतों के राजकुमार कहे जाने वाले बिरसानगर निवासी प्रसिद्ध गीतकार गंगा प्रसाद अरुण को कल प्रदान किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कहानीकार जयनंदन के कर कमलों द्वारा यह पुरस्कार गंगा प्रसाद अरुण को दिया गया। मालूम हो इस पुरस्कार में प्रमाण पत्र के साथ 11000 रुपए प्रदान किए जाते हैं। श्री गंगा प्रसाद अरुण के बिरसा नगर स्थित घर पर आयोजित एक सादे समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। इसका कारण यह था कि श्री गंगा प्रसाद अरुण बीमार चल रहे हैं। परंतु बड़ी बहादुरी से वे कैंसर से संघर्ष कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कहानीकार जयनंदन ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि 'कविवर निर्मल मिलिंद स्मृति पुरस्कार' राष्ट्रीय स्तर का महत्व रखता है। तुलसी भवन से भी एक पुरस्कार दिया जाता है लेकिन उसकी नोटिस नहीं ली जाती। 'कविवर निर्मल मिलिंद स्मृति पुरस्कार' जिन साहित्यकारों को दिया जाता है उनकी पहचान गहरे स्तर पर रही है। बहुत छानबीन व विचार करने के बाद उन्हें यह पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि निर्मल मिलिंद बड़े रचनाकार थे। वे अहर्निश कवि थे। वे हर वक्त कविता ही सोचते रहते थे। उनकी रचनाएं राष्ट्रीय स्तर की पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं। उन्होंने गीत और गजल के अलावे उपन्यास, नाटक, व्यंग्य और बच्चों के लिए लोकप्रिय रचनाएं भी लिखीं। उन्हें बज्जिका भाषा का पहला उपन्यास 'गितिया' लिखने का श्रेय जाता है। निर्मल मिलिंद ने आजीवन नए-नए साहित्यकारों को प्रोत्साहित किया और उन्हें स्थापित किया।



गंगा प्रसाद अरुण को राष्ट्रीय कथाकार जयनंदन प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए

उन्होंने कहा कि निर्मल मिलिंद जनवादी लेखक संघ में सक्रिय थे परंतु किसी संस्था के मोहताज नहीं थे, क्योंकि वे खुद को इतना परिष्कृत कर चुके थे। वे एक नर्सरी के समान थे जहां नये-नये साहित्यकार पनपते थे। श्री जयनंदन ने कहा कि निर्मल मिलिंद पुरस्कार गंगा प्रसाद अरुण जी को दिया जा रहा है तो यह बहुत ही सही चयन है। गंगा प्रसाद अरुण मिलिंद जी के खास भी रहे हैं। गंगा प्रसाद अरुण की रचनाओं में काफी गहराई है। ये शीघ्र स्वास्थ्य लाभ करें और साहित्य में सक्रिय हों, यह शुभकामनाएं भी उन्होंने अरुण जी को दी। उन्होंने अर्चना मिलिंद को बधाई दी कि वे इस तरह का महत्वपूर्ण आयोजन प्रतिवर्ष कर पा रही हैं।

जमशेदपुर के कवि लेखक और पत्रकार दिनेश्वर प्रसाद सिंह 'दिनेश' ने सम्मान प्राप्त करने पर गंगा प्रसाद अरुण जी को बधाई दी और कहा कि मिलिंद जी जितना उनके करीब थे उतना ही गंगा प्रसाद अरुण जी के भी करीब थे। उन्होंने अरुण जी को शुभकामनाएं दीं और शुभाशीष भी। उन्होंने कहा कि अरुण जी शीघ्र स्वस्थ होंगे और साहित्य में फिर से सक्रिय होंगे। दिनेश्वर प्रसाद सिंह 'दिनेश' ने मिलिंद जी को याद करते हुए कहा कि जब वे जमशेदपुर आए थे तो उन्हीं से सर्वप्रथम उनके साकची स्थित जयशिव बुक एजेंसी में मिले थे। यह पता उन्हें जनकवि नागार्जुन ने दिया था। तब से वे घनिष्ठ मित्र बने रहे। उन्होंने कहा की मिलिंद जी की गजल की पुस्तक 'कत्ल का जश्न' काफी लोकप्रिय है। उनकी अन्य रचनाओं की भी उन्होंने काफी सराहना की।

कवयित्री डॉ रागिनी भूषण ने मिलिंद जी की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि मिलिंद जी जाने माने साहित्यकार थे और उनकी ख्याति दूर तक फैली थी।उन्होंने अनेक साहित्यकारों को आगे बढ़ने का अवसर दिया था। डॉ रागिनी भूषण ने अरुण जी के लिखे गीत का सस्वर पाठ करके सभा में रस भर दिया।

हिंदी और भोजपुरी के व्यंग्य लेखक और संपादक अरविंद विद्रोही जी ने गंगा प्रसाद अरुण को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें यह महत्वपूर्ण सम्मान मिलना बहुत ही उचित है। उन्होंने कहा कि मिलिंद जी ने महिलाओं को भी साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया। वे इसके लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने महिलाओं के साहित्यिक संगठन भी बनाए।

श्री गंगा प्रसाद अरुण के आवास पर आयोजित यह समारोह काफी सफल रहा। इस कार्यक्रम में अनेक लोगों की उपस्थिति और भागीदारी रही। पत्रकार कवि कुमार, मिलिंद जी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना मिलिंद, साहित्यकार मनोकामना सिंह अजय, अखिलेश, राजेश भोजपुरिया, अरविंद विद्रोही आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम का संचालन अशोक शुभदर्शी ने किया।

## स्पीड न्यूज

### राधाकृष्ण किशोर के मंत्री बनने पर समर्थकों में उत्साह, बांटी मिठाई



पड़वा (पलामू)। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राधाकृष्ण किशोर को मंत्री बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर व्याप्त है। राधाकृष्ण किशोर को मंत्री पद का शपथ लेने के बाद समर्थक श्रीराम मेहता ने लोगों के बीच मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। श्रीराम मेहता ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर एकीकृत बिहार के समय से विधायक रहे हैं। इस बार छठे बार विधायक बने हैं। किशोर काफी अनुभवी एवं संसदीय ज्ञान रखने वाले मंत्री हैं। इनके मंत्री बनने से पलामू सहित पूरे राज्य में विकास का नया इतिहास रचा जाएगा। इस मौके पर मुन्ना मेहता, पूर्व उपप्रमुख चंद्रेश्वर मेहता,राणा चौहान, अजय मिश्रा, राजू रंजन, विनय मेहता, अशोक राम, प्रेम मेहता, रजनीकांत मेहता, सुनील पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### मदीना शरीफ जा रहे हकीम अंसारी का भव्य स्वागत



पाटन (पलामू)। पाटन प्रखंड के ग्राम केल्हार से गुरूवार को मदीनाशरीफ के लिए हकीम अंसारी रवाना हुए। उनके रवाना होने से पूर्व कई लोगों ने श्री अंसारी को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद लोगों ने श्री अंसारी को मदीना शरीफ के लिए रवाना किया। मौके पर दलित कांग्रेस अध्यक्ष पलामू के अशोक पासवान, मजदूर अध्यक्ष अनिल सिंह, नगर अध्यक्ष, मुस्ताक अहमद, उर्फ आलम, प्रखंड अध्यक्ष, संजय पासवान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर हकीम अंसारी ने कहा कि मदीना शरीफ में कोई भी मन्नत सच्चे मन से मांगने पर पूरा होती है। मदीना शरीफ दरबार में सभी का कार्य पूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि मदीना शरीफ में पाटन प्रखंड समेत समस्त देशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ करेंगे।

### पिस्टल दिखाकर ग्राहक सेवा केंद्र में की लूटपाट

छतरपुर (पलामू)। छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत (लक्ष्मी नगर) सरईडीह रोड में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से दो अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर लूटपाट की। अपराधियों ने सेवा केंद्र के लैपटॉप ले गये। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक कृष्णा मुरारी प्रसाद ने इसकी लिखित शिकायत छतरपुर थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार लैप टॉप में डाटा समेत कई हिसाब किताब स्टोरेज थे। घटना के समय संचालक की पत्नी केंद्र में थी। अपराधी बाइक पर सवार होकर सेवा केंद्र पहुंचे। अपराधी संचालक की पत्नी से पैसे की मांग करने लगे। इससे सहमी भुक्तभोगी के परिजनों में दहशत है। छतरपुर थाना प्रभारी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज से जानकारी लेने में लगे हैं। ऐसी घटना आये दिन छतरपुर में थमने का नाम नहीं ले रही है। इससे व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

### सीओ ने दिया अतिक्रमण हटाने का निर्देश

सतबरवा (पलामू)। सतबरवा अंचलाधिकारी सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने सतबरवा थाना से लेकर जोड़ा यात्री शेड तक रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सड़क के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण की गई जमीन को 24 घंटे के अंदर खाली करने का निर्देश दिया है। निर्देश के आलोक में गुरुवार को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को सूचित किया गया। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व ही सभी अवैध रूप से अतिक्रमण की गई जमीन के दुकानदारों को नोटिस के माध्यम से खाली करने का निर्देश दिया गया था, मगर खाली नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे अतिक्रमण होने के कारण वाहनों के आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा उस समय परेशानी बढ़ जाती है जब एम्बुलेंस के माध्यम से मरीज को रांची जाने के क्रम में जाम का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि खाली नहीं करने वाले लोगों पर नियम संगत कार्रवाई भी की जाएगी।

### जेएमएम जिलाध्यक्ष ने मंत्रियों को दी बधाई



मेदिनीनगर। झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल सभी नये मंत्रियों को बधाई दी है। उन्होंने इस मंत्रिमंडल को युवा और अनुभवी बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है। हेमंत सोरेन जी के मंत्रिमंडल में अनुभव और युवा जोश का ख्याल रखा गया है जो झारखंड को आने वाले वक्त में विकास के नए पथ पर ले जाएगा। श्री सिन्हा ने विशेष रूप से पलामू से राधा कृष्ण किशोर को मंत्री पद का शपथ लेने पर पूरे पलामू वासियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में पलामू का शामिल होना सुखद है। इससे पलामू जिले का भी विकास अभूतपूर्व तरीके से होगा। साथ ही उनके साथ झारखंड सरकार के सभी मंत्रीगणों को शपथ ग्रहण की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबों के नेतृत्व में झारखंड और पलामू का विकास बेहतर तरीके से होगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। झामुमो अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को एक नई दिशा मिलेगी और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा। आने वाले वक्त में सभी जनकल्याणकारी योजनाएं और तेजी से चलेंगी जिससे सभी वर्गों को लाभ होगा। आम जनता के सभी हितों का ख्याल झामुमो की सरकार रखेगी।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने सदिक चौक पुल के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। जिसमें दोपहिया वाहनों के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे तो उनके वाहन को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। 13 दोपहिया मोटरसाइकिल को चालान फाइन हेतु व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है। गुरूवार को जिला व्यवहार न्यायालय पलामू से 13 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन का चालान फाइन राशि 63000 रुपया आया है। ।

### पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार

सतबरवा (पलामू)। थाना क्षेत्र के पोलपोल के चामा गांव में वर्षों से फरार अभियुक्त गुड्डू भुइयां के घर तथा चौक–चौराहों पर गुरुवार को सतबरवा थाना के एएसआई राजीव रंजन के द्वारा ढोल बजाकर इश्तहार चिपकाया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों से इश्तिहार चिपकाए जाने संबंधी हस्ताक्षर भी करवाया गया। पलामू एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में एएसआई राजीव रंजन ने बताया कि मामला 2009 का है, जिसमें आरोपी गुड्डू भुइयां मारपीट केस में अभियुक्त है। उस समय सदर थाना अंतर्गत सतबरवा ओपी में मामला दर्ज किया गया था। इस दौरान पुलिस कई बार आरोपी के घर तथा संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी थी।

### एमओ ने की डीलर संग बैठक राशन वितरण में तेजी लाने का निर्देश



पाटन (पलामू)। प्रखंड सभागार में पाटन एमओ संजय कुमार ने पीडीएस डीलर के साथ बैठक की। बैठक में पाटन एमओ संजय कुमार ने सभी पीडीएस डीलर को राशन वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में पाटन एमओ ने राशन वितरण प्रतिशत, स्टॉक पंजी सहित कई विषयों की समीक्षा की। उन्होंने डीलरों को हर हाल में लाभुकों को समयावधि में राशन देने का निर्देश दिया। कहा कि राशन वितरण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, धंजय पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, सुनील मिश्रा, सबिंद्र उपाध्याय, सतीश ठाकुर, दीनानाथ सिंह, प्रभात कुमार सहित सैकड़ों पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

# खास महाल, दूसरा कोयल पुल और कोयल को बांधना हो प्राथमिकता : अरुणा शंकर

- प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार में पलामू प्रमंडल से राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनने पर दी है बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार में पलामू प्रमंडल से राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कहा कि आप एक अनुभवी एवं सरकार में पलामू के रहने वाले एवं पलामू के दर्द को समझने वाले मंत्री हैं। इसलिए जनता आपसे पलामू के विकास में और पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर के विकास की अपेक्षा करती है।

प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे यहां रघुवर दास कैबिनेट द्वारा पारित एवं सांसद के प्रयास से मेरे कार्यकाल का निगम की बहुप्रतीक्षित शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य शुरू हो गया है, जिसे गति देने से एक वर्ष में निगम के अधिकांश जगह में स्वच्छ पानी मिल सकता है। वहीं खास महल लीज नवीकरण, कोयल पर दूसरा पुल बनना एवं शहर के पानी को लेयर को बढ़ाने के लिए टाटा मांगो के तर्ज पर कोयल को बांधना अति अनिवार्य है। उन्होंने मंत्री श्री किशोर को पलामू वासियों की ओर से पुनः बधाई देते हुए अनुरोध किया कि उपरोक्त कार्य आपकी प्राथमिकता में रखी जाये।

# भाजपा कार्यकर्ता कभी नहीं हारता, जीतता है या सीखता है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

- बिश्रामपुर में भाजपा की बैठक में चुनाव परिणाम की समीक्षा व हार के कारणों पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता





विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में गुरुवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने की व संचालन सुनील पासवान ने किया। बैठक में बीते विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई। साथ ही हार के कारणों पर चर्चा हुई। इसके अलावा हार की मायूसी से बाहर निकलकर संगठन को और मजबूत करने पर मंथन भी हुआ। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कभी हारता नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता या तो जीतता है या फिर सीखता है। चुनाव में हार-जीत तो लगा रहता है। चुनाव परिणाम हमारे अनुकूल क्यों नहीं रहा, कहां कमी रह गई, अगली बार उन कमियों को दूर करते हुए नए जोश के साथ लोगों के बीच जाएं। उन्हें भाजपा के राष्ट्रवादी व विकासवादी सिद्धांत से अवगत कराएं। मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता रवींद्र पासवान, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश पासवान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता, गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, डॉ वीपी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, इदरीश हवारी, चंद्रप्रकाश धर दुबे, बबन राम, अमरेश तिवारी, सुशील ठाकुर, पवन गुप्ता, प्रेम सागर सिंह, शशि रंजन सहित सभी मंडल अध्यक्ष, सभी संयोजक, सह संयोजक, महिला मोर्चा पदाधिकारी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का औचक निरीक्षण करें

- उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी टीमों से जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों की ली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने आज अपने कार्यालय कक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में आनेवाली संबंधित महिलाओं अपनी जांच करवाने हेतु की पूरी जानकारी यथा उसका एड्रेस, फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग प्रशिक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सदर व छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, डॉ नीलम,डॉ अभय कुमार, हेल्थ डीपीएम प्रदीप कुमार, सदस्य रंजीत कुमार मिश्र समेत अन्य उपस्थित थे।

### बैठक में रिन्यूअल हेतु 3 आवेदनों पर हुई चर्चा

बैठक में उपायुक्त के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत किया गया,जिसपर उपायुक्त ने सभी चेकलिस्ट के अनुसार जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने पर बल दिया। इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड एवं प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तन करने से संबंधित आवेदन पर भी चर्चा किया गया। वहीं निदान अल्ट्रासाउंड सेंटर लेस्लीगंज द्वारा दिए गये आवेदन में जिस डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति से संबंधित जानकारी दी गई थी,वो डॉक्टर पूर्व से ही दो क्लीनिक में कार्यरत थे इसके आलोक में संबंधित आवेदन को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

### कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर उपायुक्त ने जिलेवासियों से की अपील

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग परीक्षण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नये अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूअल के लिए चेक लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया ताकि निर्धारित समय अवधि में योग्य अहर्ता प्राप्त अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का नया निबंधन एवं नवीनीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

## अनियंत्रित बाइक फोरलेन पर लगे पोल से टकराई, चालक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज (पलामू)। थाना क्षेत्र के ममरखा गांव के समीप एनएच 139 फोरलेन पर बुधवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक चला रहे 25 वर्षीय युवक ओम कुमार की मौत हो गई। वह बसपा नेता सूरजमल राम का भतीजा है।जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक घायल हो गए । तीनों युवक थाना क्षेत्र के कटैया गांव के रहने वाले हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ही बाइक पर तीन युवक सवार होकर कौवाखोह से कटैया अपने घर की ओर लौट रहे थें। इस दौरान तेज गति में आ रही बाइक अनियंत्रित होकर फोरलेन के इंडिकेटर पोल से जा टकराइ । इससे बाइक चला रहे ओम कुमार (25 वर्ष) पिता नंदकिशोर राम तथा बाइक पर बैठे रंजीत कुमार व अयोध्या राम बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों के मदद से सीएचसी लाया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद ओम कुमार तथा रंजीत कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि ओम कुमार को सर तथा चेहरा में गंभीर जख्म था। जबकि रंजीत कुमार का दाहिना पैर टूट गया है। मालूम हो की बाइक पर सवार तीसरा युवक अयोध्या राम का भी सर फट गया है। जिसका गांव में ही इलाज चल रहा है। उधर गंभीर हालत में ओम कुमार को बनारस स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई ।जबकि रंजीत कुमार का औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक का शव घर पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही उसके शव देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ।परिजनों के अनुसार मृत युवक का शादी होना तय हो चुका था।

## अबुआ आवास में लाभुक से रिश्वत लेने वाले बिएफटी को बचाने में लगे हैं प्रखंड अधिकारी

- मामले का उद्भेदन हुए तीन दिन बीते गये लेकिन दोषी पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

चैनपुर (पलामू)। प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के बलहिया निवासी रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने चैनपुर ब्लॉक का बिएफटी संजय रवि पर अबुआ आवास में पहला किस्त की राशि में दस हजार का रिश्वत लेने का आरोप लगाया है और साथ ही दूसरा किस्त का राशि आने पर उच्च अधिकारियों को देने के नाम पर रुक्मणि देवी लाभुक से दबाव बनाकर दस हजार और मांगने का आरोप लगाया है। जिसका मामला दैनिक अखबार में प्रकाशित होने पर उप विकास आयुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच का निर्देश दिया और साथ ही बीडीओ के द्वारा जांच टीम गठित कर मामले की जांच की गई तो जांच में मामला सत्य पाया गया। जिसका जांच प्रतिवेदन प्रखंड अधिकारियों को मिलने के बावजूद भी डीडीसी का निर्देशों को नजरअंदाज करते हुए सत्यापित मामले को ठंडे वस्ते में प्रखंड अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। जबकि मामले का उद्भेदन होने के बावजूद भी रिश्वतखोरी को बचाते हुए प्रखंड के अधिकारी नजर आ रहे हैं जबकि मामले का उद्भेदन तीन दिन पूर्व हो चुका है लेकिन सुनिश्चित कार्रवाई अभी तक नहीं की गई हैं। इधर इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रखंड समन्वयक बीरबल कुमार आए थे लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### बीपीएससी में सफल होने पर रिया वर्मा को उपायुक्त ने दी बधाई



मेदिनीनगर। रिया वर्मा को 69वीं बीपीएससी में 22वां स्थान प्राप्त होने पर जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने रिया वर्मा को भविष्य में लोकसेवक के रूप में सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रिया वर्मा को पुस्तक प्रदान किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार भी मौजूद थे।

## बच्चों को नियमित तौर पर नहीं मिल रहा मध्याह्न भोजन

- शिक्षक की मनमानी से मेन्यू के मुताबिक नहीं बनता मिड डे मील

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर (पलामू)। अधिकारियों और शिक्षक की सांठगांठ के चलते सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन में जमकर धांधली हो रही है। बच्चों को मेन्यू अनुसार भोजन नहीं मिलता। इस लापरवाही के चलते शिक्षक मनमानी करते हुए गरीब बच्चों के पेट का निवाला छीन रहे हैं। सरकारी स्कूल के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ मध्याह्न भोजन, किताब, पोशाक, कॉपी और छात्रवृत्ति की राशि आदि दिए जाने की व्यवस्था की गई है। ऐसा ही हाल चैनपुर प्रखंड के भड़गांवा पंचायत के टोला चमरदोहरी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मध्याह्न भोजन में जमकर लापरवाही हो रही है। यहां के प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को मेन्यू अनुसार मध्याह्न भोजन में गुरुवार को चावल दाल, हरी सब्जी, चोखा और भुजिया देना था जबकि बच्चों को रसोइया द्वारा चावल दाल और चोखा ही बच्चों को दिया गया था। जानकारी के मुताबिक चमरदोहरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 47 बच्चे अध्ययनरत हैं। प्रधानाध्यापक रामेश्वर पासवान द्वारा मेन्यू चार्ट के अनुसार से भोजन नहीं बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के अधिकांश सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा अधिकांश स्कूलों की जांच नहीं की जाती हैं जिसके चलते शिक्षक मिड डे मील व बच्चों को शिक्षा देने में घोर लापरवाही कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पोषण जागरूकता शपथ कार्यक्रम आयोजित





खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप, शाहपुर में गुरुवार को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रों व शिक्षकों को पोषण जागरुकता शपथ दिलाई गई। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि पोषण अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आठ मार्च 2018 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य शून्य से छह वर्ष के बच्चों के सुपोषण पर जोर देना है। उन्होंने छात्रों को विशेष हिदायत दी कि बाहरी खान-पान से बचाव ही स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त है। देश भर में आयोजित होने वाले पोषण जागरुकता अभियान का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। राष्ट्रीय पोषण मिशन का ध्येय बच्चों के घटते वजन संबंधी गंभीर समस्याओं से स्वास्थ्य विभाग को आगाह करना भी है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र, शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक हत्या मामले में एक गिरफ्तार

- पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा (पलामू)। सतबरवा थाना क्षेत्र के हलुमाड़ गांव में सेवानिवृत्त शिक्षक परीक्षण सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को टांगी के साथ गिरफ्तार करके गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मृतक के पुत्र सतीश सिंह ने लिखित आवेदन देकर गांव के ही तीन लोगों पर आरोप लगाया था। इस संबंध में सतबरवा थाना में मामला दर्ज किया गया। कांड के अनुसंधान में प्राथमिक अभियुक्त प्रदीप सिंह से कड़ाई से पूछताछ की गई। इसके बाद उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। हत्या में उपयोग किए गए टांगी अपराधी की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व प्रदीप सिंह का अपराधिक इतिहास रहा है। उसने परीक्षण सिंह की पत्नी पर भी जानलेवा हमला 17 मार्च 2019 को किया था। जिसका सतबरवा थाना कांड संख्या भादवि 22/ 19 धारा 307, 341, 323, 325 दर्ज है।

थानाप्रभारी के अनुसार जलावन की लकड़ी तथा पारिवारिक विवाद में हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार सुबह में शौच जाने के दौरान परीक्षण सिंह को सड़क से 5 फीट नीचे गड्ढा में अपराधी ने धकेल कर गिरा दिया था। गिरने के बाद टांगी से वार करके हत्या कर फरार हो गया। मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण पलामू एसपी के निर्देशानुसार डॉग स्क्वॉड को जांच के लिए बुलाया गया था। जांच के दौरान थाना प्रभारी के साथ पुअनि विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई वसंत कुमार दुबे, एएसआई सुबोध कुमार, एएसआई कुमार नीरज तथा सतबरवा थाना के जवान शामिल थे।

# संवेदक की ओर से कराया जा रहा घटिया सड़क का निर्माण, गुणवत्ता का तनिक भी नहीं रखा ख्याल

- घास व झाड़ियों पर ही कर दिया गया कालीकरण सड़क का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत विश्रामपुर के कोशियार मोड़ से भलुवानी तक पथ सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए कार्यकारी एजेंसी आरडब्ल्यूएडी के द्वारा निविदा आमंत्रित कर संवेदक का चयन किया गया। संवेदक के द्वारा गुणवत्ता का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया है। जैसे तैसे घटिया सड़क का निर्माण कार्य करा कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। घटिया निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कालीकरण पक्की सड़क निर्माण में आधा इंच भी नहीं डाला गया है। कई जगहों पर घास-झाड़ी के ऊपर ही मैटेरियल डालकर निर्माण कार्य कर लिया गया। लोगों ने बताया कि शुरूआती दिनों में ही संवेदक व उनके मुंशी को कार्य ठीक से करने को लेकर आग्रह किया जाता रहा, लेकिन तनिक भी उनकी बातें नहीं सुनी गई। भलुवानी में पूर्व से सड़क के बीच पानी निकास को लेकर ह्युम पाइप डाला गया था। जिसे संवेदक के द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया। सुदृढ़ीकरण में कहीं भी सड़क को उंचा नहीं किया गया। बरसात में खेतों का पानी सड़क पर आ जाएगा।











घास-झाड़ी के बीच सड़क निर्माण, क्षतिग्रस्त होती सड़क, ग्रामीण शिवानंदन यादव, अभिषेक सिंह, राजेंद्र राम, अनूज व रविरंजन यादव

संवेदक के द्वारा तनिक भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। शिकायत के बाद भी जैसे–तैसे निर्माण को गति दी गई।

–**शिवानंदन यादव**, ग्रामीण भलुवानी विश्रामपुर

सड़क का निर्माण हुए एक सप्ताह भी नहीं हुए हैं। कई जगहों पर सड़के क्षतिग्रस्त होने लगी है। संवेदक व उसके कर्मी घटिया निर्माण कार्य कर चले गए हैं।

–**अभिषेक सिंह**, ग्रामीण भलुवानी विश्रामपुर।

सड़क के निर्माण कार्य में संवेदक व उनके कर्मियों की मनमानी देखी गई। घटिया निर्माण को लेकर सुधार के लिए इन्हें आग्रह किया जाता रहा लेकिन किसी का उन्होंने नहीं सुना।

–**राजेंद्र राम**, ग्रामीण भलुवानी विश्रामपुर।

सड़क निर्माण कार्य को लेकर सड़क किनारे साफ सफाई भी नहीं कराई गई। सड़क के बीच उगे घास-झाड़ी के ऊपर ही निर्माण कार्य कर लिया गया। निर्माण में किसी प्रकार की गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है।

–**अनूज कुमार**, ग्रामीण भलुवानी विश्रामपुर।

सड़क निर्माण कार्य में संवेदक व उनके कर्मियों की दबंगई देखी गई। वे अपनी इच्छा अनुसार जैसे तैसे निर्माण कार्य कराकर औपचारिकता पूरी करने में सफल हुए। हम सभी ग्रामीण स्थानीय विधायक से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे। इसके बाद भी अगर संवेदक पर कार्रवाई नहीं हुई तो पलामू आयुक्त को आवेदन देंगे।

–**रविरंजन यादव**, ग्रामीण भलुवानी विश्रामपुर।

# बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ सनातन समाज ने किया धरना प्रदर्शन

## जनआक्रोश रैली निकाल डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सनातन समाज के बैनर तले बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन आदि समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनाज समाज ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले जनआक्रोश रैली यज्ञ मैदान से निकलकर टाटा शोरूम चौक, टीन बाजार चौक होकर होते हुए समाहारणालय पहुंचा। जहां बंग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय से अमानवीय व्यवहार, अपहरण, विश्वविद्यालयों में धार्मिक अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर मारना, महिलाओं से अभद्रता, छेड़छाड़ एवं बलात्कार करना, धार्मिक अल्पसंख्य हिन्दुओं के दुकानों और संपत्तियों को लूटपाट उसमें आग लगा देना, देवी-देवता के मूर्तियों को खंडित करना, साधु संतों को पीटना एवं उन्हें प्रताड़ित करना, जबरन धर्म विरोधी नारा लगवाना एवं इस्कॉन के सन्यासी स्वामी चिन्मय कृष्ण दास को षडयंत्र के तहत गिरफ्तारी किए जाने का विरोध जताया है। इस मौके पर विभिन्न संगठनों के प्रबुद्ध लोगों का संबोधन किया। जिसमें जनजातीय सुरक्षा मंच सह संयोजक डॉ राजकिशोर हांसदा, सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ राजेन्द्र पांडेय, महात्मा संतलाल मूर्मू, प्रांत सह कार्यवाह प्रमोद यादव, नगर संघचालक मनोज सिंघानिया शामिल थे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का मंच संचालन विश्व हिंदू परिषद सदस्य मिथलेश मांझी एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ नगर संघचालक मनोज सिंघानिया ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल विद्यालय, जनजातीय सुरक्षा मंच, भाजपा, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद, विद्या भारती, जिले के मातृशक्ति और विचार परिवार के लोग सहभागी बने। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देवघर विभाग के विभाग प्रचारक बिगेंद्र कुमार, संघ सदस्य प्रकाश, अवधेश, ललन, सनातन, रूपेश, गौरवकांत, सूरेश मूर्मू, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, अमूल्य, शंभूनाथ, कृषनंदन सिंह, अमिता रक्षित, गायत्री जयसवाल, नरेन्द्र मरांडी, बिनोद पंडित, उमेश सहित अन्य उपस्थित रहे।





जनाक्रोश रैली निकालते सनातन समाज एवं डीसी को ज्ञापन सौंपते

## अधिवक्ता लिपिक बसंत यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**दुमका।** अधिवक्ता लिपिक बसंत यादव के निधन पर कचहरी परिसर में शोक सभा का आयोजन गुरूवार को किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं एवं लिपिकों ने दिवंगत स्व बसंत यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इससे पूर्व दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति का ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में हिम्मत देने का कामना किया। इस अवसर पर कानूनी सलाहाकार कमल किशोर झा, अधिवक्ताओं में राजन घोष, विकास चौरसिया, दिलीप तिवारी, नीरज कुमार, संघ अध्यक्ष जय चांद मंडल, रंजीत यादव, नरेंद्रनाथ दुबे आदि मौजूद रहे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(जिला खेल शाखा)**
दूरभाष : .................... Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के पत्रांक-643 दिनांक 29.11.2024 के आलोक में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर "**राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025**" का आयोजन प्रमण्डल स्तर पर दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 से 20 दिसम्बर, 2024 तक एवं राज्य स्तर पर दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 से 23 दिसम्बर, 2024 के बीच तिथि निर्धारित है। उक्त के आलोक में रामगढ़ जिला अन्तर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव (National Youth Festival)-2025 के आयोजन की तिथि, समय एवं आयोजन स्थल निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता का नाम | पुरस्कार राशि | आयु वर्ग | तिथि एवं समय | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सामूहिक लोकनृत्य | 1st -7000/-, 2nd -5000/-, 3rd -3000/- | 15 से 29 (पुरुष एवं महिला) | 13.12.2024 पूर्वा0 09.00 बजे से | मैक्स इन्स्टीच्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग (बी0एड0,कॉलेज), बिजुलिया, रामगढ़। |
| 02 | सामूहिक लोकगीत | 1st -7000/-, 2nd -5000/-, 3rd -3000/- | | | |
| 03 | एकल लोकनृत्य | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 04 | एकल लोकगीत | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 05 | कविता लेखन | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 06 | कहानी लेखन | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 07 | चित्रकला | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 08 | भाषण प्रतियोगिता | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |
| 09 | विज्ञान मेला (एकल) | 1st -3000/-, 2nd -2000/-, 3rd -1500/- | | | |
| 10 | विज्ञान मेला (सामूहिक) | 1st -7000/-, 2nd -5000/-, 3rd -3000/- | | | |
| 11 | फोटोग्राफी | 1st -2500/-, 2nd -1500/-, 3rd -1000/- | | | |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. सामूहिक लोकनृत्य/लोकगीत में अधिकतम 10 प्रतिभागी (गायन/बाजन सहित) ही भाग लेंगे।
2. उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियो के साथ मैनेजर एवं इन्चार्ज भेजना अनिवार्य है। महिला प्रतिभागी के साथ महिला मैनेजर एवं इन्चार्ज अनिवार्य है।
3. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा प्रतिभागियों को Google Link-https://forms.gle/VcmfGYKviRJDb9VU8 पर **दिनांक 10.12.2024 के अप0 05.00 तक** रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है, साथ ही खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित Mybharat Portal (https://mybharat.gov.in) पर भी पंजीकरण करें।
4. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ही प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के भेजा जायेगा।
5. फोटोग्राफी प्रतियोगिता केवल जिला स्तर पर ही आयोजित होगा।
6. इच्छुक युवा प्रतिभागी किसी एक ही कार्यक्रम/प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ से प्रकाश महतो, मोबाईल नं0-8709816456, नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय, रामगढ़ के महेश प्रसाद, मोबाईल नं0 9801121528, एवं नितेश कुमार मोदी, मोबाईल नं0 9135973356 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 341232 District(24-25)#D

ह0/-
जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़


### एक नजर में

## गोमिया के विधायक को मंत्री बनाए जाने से गोमिया मे हर तरफ खुशी का माहौल

**बेरमो।** गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो को हेमंत सरकार मे मंत्री बनाए जाने से उनके चाहने वाले, पार्टी के कार्यकर्ता और झामुमो के छोटे बड़े नेता काफी गदगद नजर आ रहे हैं। गोमिया विधानसभा मे हर तरफ हर्ष व उल्लास का माहौल देखा जा रहा है। वही गोमिया विधायक श्री महतो के मंत्री बनने का जश्न भिन्न भिन्न तरीके से मना रहे हैं कोई मिठाई बांट कर, कोई आतिशबाजी कर तो कोई भगवान के शरण में जाकर एंव पुजा प्रार्थना कर विधायक को मंत्री बनाये जाने के लिए भगवान कि कृपा व आशिर्वाद का धन्यवाद अदा कर रहे हैं।

## रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बिस्को अपने स्थापना दिवस पर एक माह तक विभिन्न प्रकार की सामाजिक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन करता है। इसी कड़ी में बीजीएच के सहयोग से बीजीएच ब्लड बैंक परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीएमओ डॉ विभूति करुणामय ने ब्लड बैंक प्रभारी डॉ श्रवण कुमार एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा बिस्को के महासचिव राघव कुमार सिंह की उपस्थिति में किया। मौके पर डॉ करुणामय ने रक्तदाताओं से बात कर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान दुनिया में किसी भी दान से सबसे महत्वपूर्ण दान है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका मसलिया मुख्यमार्ग पर कमारदुधानी मुर्मू लाईन होटल के समीप बुधवार की रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पुलिस गाड़ी से फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान जामा थाना क्षेत्र के आसनसोल कुरुवा पंचायत के गड़गड़िया गांव का मिथुन महतो उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक कैराबनी से दुमका की तरफ जा रहा था। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

**साहिबगंज।** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर परिषद, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को भी लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिनमें उपायुक्त ने अंतर राज्यीय चेक नाकों पर गहन परिवहन जांच करने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## प्रखंड में 252 आंगनबाड़ी केन्द्र में 12500 बच्चों को स्वेटर वितरण शुरु

**साहिबगंज/बरहेट।** प्रखंड महिला बाल विकास कार्यालय में गुरुवार को स्वेटर वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड के 252 केंद्रो के सेविका शामिल हुए। इस दौरान कार्यालय परिसर में 252 आंगनबाड़ी केंद्रों में 12500 बच्चों को स्वेटर वितरण को लेकर सेविकाओं को सोपा। वही दो दिनों के अंदर सभी सेविका अपने-अपने आंगनबाड़ी केदो में बच्चों को स्वेटर वितरण करें। इस संबंध में सीडीपीओ अंशु कुमार पांडे ने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क स्वेटर उपलब्ध करा रही है। ताकि ठंड से बच्चों को राहत मिले। वितरण कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक फुल मनीमरांडी, नूतन ठाकुर,सुमित्रा देवी के अलावा अन्य आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका मौजूद थे।

## सीसीएल सीएमडी से मजदूरों ने ज्वलंत समस्याओ पर किये वार्ता

**बेरमो।** श्रमिक संगठन इंटक राकोमसं के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर झा उर्फ ददई दुबे, सीसीएल सचिव वरुण कुमार सिंह प्रतिनिधियों संग रांची स्थित दरभंगा हॉउस मे सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के साथ कोयला मजदूरों के ज्वलंत समस्याओ पर सीएमडी कार्यालय मे वार्ता आयोजित कि गई। वार्ता मे श्रमिक नेताओं ने कहा कि सीसीएल के कई क्षेत्र के खदान विस्तारिकरण के कारण उत्पादन सुस्त है खासकर कथारा क्षेत्र के जारंगडीह कोलियरी मे सभी कार्य के वावजूद विस्तारिकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया है उसे जल्द शुरू किया जाय, सीसीएल के कोयला मजदूरों को खासकर डायलसिस जैसे उपचार के लिए हर माह मुख्यालय से सहमति लेनी पड़ती है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है इस समस्या को क्षेत्रीय स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाय, कोयला मजदूरों के प्रति प्रबंधन कि सकारात्मक रवैया रहे ओर ससमय पदोन्नति, आवासो कि मरम्मती आदि पर क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा कमेटी गठित कर जांच बाद निराकरण किया जाय, खदानो मे डिपार्टमेंटल कार्य के लिए नए मशीनों को उपलब्ध कराया जाय।

## कांग्रेस बोरबिंग पंचायत सेवादल से राज्य कैबिनेट मंत्री तक पंहुचे योगेंद्र महतो




खबर मन्त्र संवाददाता

**कसमार/बोकारो।** साधारण कुड़मी किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले गोमिया विधायक योगेंद्र महतो राज्य में कैबिनेट मंत्री बन गये हैं। तीन भाइयों में सबसे बड़े योगेंद्र बचपन से ही नेतृत्व क्षमता में दक्ष थे। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा बुनियादी स्कूल मुरबंदा से प्राप्त किया। छोटानागपुर कालेज रामगढ़ से सन 1988 में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की।

इसी बीच 1986 में ही तत्कालीन विधायक यमुना प्रसाद शर्मा के साथ जुड़े। सबसे पहले कांग्रेस सेवादल बड़की पोना पंचायत के अध्यक्ष बने। उसी वर्ष रामगढ़ प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष 1986-1990 तक कांग्रेस विधायक यमुना प्रसाद शर्मा के विधायक प्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष 1995 में जिलाध्यक्ष बने। कुछ महिने बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव के तत्कालीन जनता दल अब राजद में 2000 में एवं झारखंड अलग राज्य के बाद आजसू में शामिल होकर उन्होंने गोमिया विधानसभा से चुनाव लड़ा और दूसरे स्थान पर रहे। 2014 के विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने आजसू छोड़ झामुमो का दामन थाम लिया। लगभग 1 लाख वोट लाकर गोमिया का विधायक चुने गए। किंतु 2018 में एक मामले में कोर्ट द्वारा विधायिकी समाप्त किये जाने के बाद उनकी धर्मपत्नी पत्नी बबीता देवी विधायक बनी। 2022 में श्री महतो को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया। उसके बाद जनवरी 2024 में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई। 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्हें 95 हजार मत मिला और 40 हजार मतों से अंतर आजसू विधायक लंबोदर महतो को शिकस्त थी। बताया जाता है कि योगेंद्र महतो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वासपात्र करीबियों में से एक है। आज कैबिनेट में शामिल हुए। योगेंद्र के लिए आने वाले दिनों में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में झामुमो संगठन की मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन समर्थित दलों से समन्वय और गोमिया क्षेत्र की चहुंमुखी विकास की चुनौती है।

## बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का वितरण

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम के सहयोग से आशालता विकलांग विकास केंद्र बोकारो में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ ईडी सुरेश रंगानी राजन प्रसाद सुश्री राजश्री बनर्जी सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सीजीएम कुंदन कुमार लक्ष्मी दास आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के निदेशक बीएस जायसवाल एलिम्को के प्रतिनिधि नीतीश कुमार जीएम एएस नंदी वरीय प्रबंधक एन त्रिपाठी तथा बीएसएल एवं आशालता विकास केंद्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआई बीके तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को दिव्यांगजनों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने में अपना योगदान करना चाहिए।

## बीएसएल हैप्पी स्ट्रीट का शुभारम्भ करेगा पन्द्रह को




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएसएल के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जाएगा। 15 दिसम्बर को सुबह 07 बजे इसका उद्घाटन किया जाएगा जिस दौरान बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। एक्टिव बोकारो हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूल अन्य शिक्षण संस्थान महिला समिति संगीत कला अकादमी सीआरपीएफ सीआईएसएफ रोटरी क्लब लायंस क्लब रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स पोस्टल फिलाटेली ग्रुप एक्स सर्विसमैन एसोशिएशन सहित अन्य संस्थाएं इसमें शामिल होंगी। इसके अलावा सभी नगर वासी इस आयोजन में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए हॅप्पी स्ट्रीट में बोकारो मॉल मोड़ से गाँधी चौक तक की एक लेन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक आने वाले कुछ रविवार को गाड़ियों के आवागमन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का समापन सेल दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2025 को किया जायेगा।

## बोकारो में अधिवक्ता दिवस का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। बोकारो के वरीय अधिवक्ता मोहन लाल ओझा ने सभी अधिवक्ताओं को बधाई और आशीर्वचन दिया। एसोसिएशन के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और केक एवं मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया।





**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2023-24 में 76 होल्डिंगधारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही करने पर कार्यालय झुमरी तिलैया नगर परिषद् द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारियों अविलंब जन सुविधा केन्द्र, कार्यालय में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान 07 दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा-184 के क्र0सं0 16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रीज (Freeze) करने की कार्रवाई की जाएगी।

76 बड़े बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न है:-

| Sl N. | Ward No | Holding No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | 0190000525000F4 | MOHIT VENTURES PVT LTD | ANIL KUMAR PANDEY | GUJHANDI ROAD | 10,03,694.52 |
| 2 | 7 | 0070000285000M0 | MS MAA DURGA DEVELOPERS | VIKASH KUMAR | MAHARANA PRATAP CHOWK | 4,33,268.00 |
| 3 | 19 | 0010000541000F4 | MAA JAHANVI RICE MILL PVT LTD | SATISH KUMAR | GUMO, MAHTO AHARA, GUJHANDI ROAD | 2,75,472.00 |
| 4 | 27 | 0270000020000K1 | SRI DIGAMBER JAIN VIDYALAYA | BIMAL KUMAR JAIN | PANI TANKI ROAD NEAR JAIN MANDIR | 1,32,300.00 |
| 5 | 26 | 0260000383000K1 | BALDEV RAM, PINTU RAM, TUNTUN RAM | NARAYAN RAM | G.N COMPLEX, RANCHI PATNA ROAD | 1,06,938.00 |
| 6 | 10 | 0100000058000D4 | PURNIMA TALKIES, PRO. MURLI MANOHAR BHADANI AND BROTHERS | MURLI MANOHAR BHADANI AND BROTHERS | PURNIMA TALKIES JHUMRI TELAIYA | 69,602.64 |
| 7 | 15 | 0150000525000K1 | SOURAV BHADANI, SAKET KUMAR BHADANI, SHUVAM BHADANI | RATAN KUMAR BHADANI, BASANT KUMAR BHADANI, DEEPAK KUMAR BHADANI | STATION ROAD JHUMRI TELAIYA | 62,968.00 |
| 8 | 10 | 0100000056000D1 | PURNIMA MARKET | MURLI MANOHAR BHADANI & BROTHERS | PURNIMA MARKET | 61,052.06 |
| 9 | 23 | 0230000724000J1 | DEEPAK KUMAR | CHOUALI VERMA | MAHATMA GANDHI NAGAR GUMO ROAD | 58,320.00 |
| 10 | 19 | 0190000113620M0 | SUNIL KUMAR BARNWAL | JAGDISH MODI | RANCHI PATNA ROAD NEAR HOPE HOSPITAL | 51,556.00 |
| 11 | 1 | 0010000332000M0 | MADHUSUDAN DARUKA & SONS | LATE KESHARMAL DARUKA | BISHUNPUR ROAD, NEAR D.V.C CHOWK, | 40,256.00 |
| 12 | 11 | 0110000387000K1 | MANOJ KUMAR PANDIT | LT. RAMCHANDRA PANDIT | BLOCK ROAD, | 37,359.00 |
| 13 | 1 | 0010000924000D1 | VINOD KUMAR YADAV | LATE YUGAL YADAV | JHUMRI TELAIYA, | 36,680.00 |
| 14 | 26 | 0260000449000B1 | GURWACHAN SINGH, MAHENDAR SINGH | LATE LAIHANA SINGH | RANCHI PATNA ROAD AMRIT HOTEL | 35,373.12 |
| 15 | 14 | 0140000775000K1 | M S STONAGE REALITY PRIVATE LIMITED | VIKASH KUMAR | ADDI BANGLOW ROAD NEAR HANUMAN MANDIR | 35,176.00 |
| 16 | 10 | 0100000438000K1 | RAJAT KUMAR, ARVIND KUMAR, AKHILESHWAR PRASAD | PARMESHWAR PRASAD | GOURI SHANKAR MUHALLA | 34,478.00 |
| 17 | 10 | 0100000219000K1 | BINA DEVI, SHIV SHANKAR PRASAD BARDGWAY | PARDEEP KUMAR BARGWAY | GOURI SHANKAR MUHALLA | 32,424.00 |
| 18 | 20 | 0200000489000M0 | DEELIP PRASAD VERMA | KARTIK PRASAD VERMA | GUMO BARWADIH, ROAD PE | 32,135.79 |
| 19 | 18 | 0180000319000B1 | MAYA DEVI | SHANKAR PRASAD | RANCHI PATNA ROAD, OLD BUS STAND | 30,888.00 |
| 20 | 19 | 0190001190000M0 | MANJU DEVI | VIJAY KUMAR | SATPULIA GUMO | 30,704.00 |
| 21 | 26 | 0260000511000K1 | KAUSHALYA DEVI | LATE PRAKASH PRASAD VERMA | RANCHI-PATNA ROAD | 25,933.04 |
| 22 | 6 | 0060000400000A1 | MD RAFIQUE | MD SUBAHANI | ASNABAD, | 24,804.00 |
| 23 | 26 | 0260000484000B1 | ARUN KUMAR SOOD | LT SOHAN LAL SOOD | RANCHI PATNA ROAD HOTEL HANS | 23,166.00 |
| 24 | 1 | 0010000691000M0 | NIRMALA SINHA | ASHOK KUMAR SINHA | GUMO | 22,318.96 |
| 25 | 15 | 0150000308000K1 | SHANTI DEVI | BHUNESHWAR SAW | ADDI BANGLA WARD NO.15 | 22,310.64 |
| 26 | 15 | 0150000438000K1 | KIRAN DEVI | SITA RAM PRASAD | STATION ROAD, | 22,006.00 |
| 27 | 19 | 0190000781000K2 | SHILA DEVI | JAYDEV KUMAR | GRIZZLY COLLAGE ROAD, SATPULIYA, GUMO | 21,955.52 |
| 28 | 9 | 0090000615000A1 | RENU BAJAJ | | SRI RAM APARTMENT NEAR KALI MANDIR, | 21,570.00 |
| 29 | 19 | 0010001264000M0 | UMIYA DEVI | BHIM SAW | SATPULIYA GUMO | 21,556.00 |
| 30 | 2 | 0020000783000M0 | CHANCHALA DEVI | KISHORE SINGH | TELAIYA BASTI WAD NO 2 | 21,360.00 |
| 31 | 11 | 0110000409000K1 | RENUKA SINGH | RAJKUMAR SINGH | NEAR ASHOKA HOTEL RANCHI PATNA ROAD WARD NO 11 | 21,343.92 |
| 32 | 10 | 0100000305000A1 | ANIL KUMAR & BROTHERS | | GOURI SHANKAR MUHALLA | 21,002.08 |
| 33 | 7 | 0070000215000A1 | RAJKUMAR SINGH | LAXMI PRASAD SINGH | JHALPO, JHUMRI TELAIYA | 20,599.92 |
| 34 | 5 | 0050000386000K1 | SUDHIR KUMAR | RAMLAKHAN RAM | MHARANA PARATHAP CHOK | 20,369.20 |
| 35 | 14 | 0140000559000D1 | KRISHNA KUMAR AGARWAL | LATE INDER CHAND AGARWAL | ADDI BANGLOW ROAD | 20,250.00 |
| 36 | 2 | 0020000700000M0 | GAURI DEVI RAJENDRA YADAV GAURAVA DEVI JUGAL YADAV | LATE, RAMESHWAR YADAV, LATE RAM PRASAD YADAV, YUGAL YADAV, | TELAIYA BASTI | 20,152.72 |
| 37 | 1 | 0010001350000M0 | TIARA VENTURE PVT LTD | JITESH KUMAR SINGH | GUJHANDI ROAD | 20,128.00 |
| 38 | 14 | 0140000380000A1 | KRISHNA BIHARI PRASAD | LATE SHYAM SUNDER PRASAD | IMS ADDI BANGLOW | 20,092.80 |
| 39 | 11 | 0110000328000D1 | SANJAY DARUKA | MADHUSUDAN DARUKA | RAHDEY RADHEY COMPLEX, | 20,090.08 |
| 40 | 24 | 0240000379000K1 | MAYA DEVI | SHANKAR PRASAD | RANCHI PATNA ROAD | 20,015.84 |
| 41 | 1 | 0010000341000A1 | SUMITRA DEVI | BISUN LAL | NAWADA BASTI | 19,809.04 |
| 42 | 10 | 0100000038000A1 | SUSHMA DEVI | SATYENDRA PRASAD BHADANI | GOURI SHANKAR MUHALLA | 19,797.04 |
| 43 | 18 | 0180000226000D1 | GAYATRI SINGH | LATE, ARUN KUMAR SINGH | RANCHI PATNA ROAD, NEAR OLD BUS STAND | 19,752.00 |
| 44 | 19 | 0190000103000K1 | MAZHARUL HAQUE | LATE RAMZAN ALI SHAH | RAJPURA, JHUMRI TELAIYA | 19,574.00 |
| 45 | 19 | 0190000386000A1 | JITENDRA YADAV | TULSI YADAV | NAWADA BASTI | 19,515.00 |
| 46 | 19 | 0190000642000D1 | GANESH YADAV | LATE, JANKI YADAV | RAJPURA, NAWADA | 19,440.00 |
| 47 | 26 | 0260000514000E1 | JAGDISH MAHATO, DEHINDA SHIVNANDAN YADAV | CHURAMAN MAHATO, JAGDISH YADAV | PANI TANKI ROAD GREEN PARK HOSPITAL | 19,440.00 |
| 48 | 27 | 0270000995000F2 | BASANTI DEVI | LATE, MADAN LAL SHARMA | SHIV SHAKTI NAGAR GOUSALA ROAD | 19,340.00 |
| 49 | 10 | 0100000059000D1 | PURNIMA MARKET | MURLI MANOHAR BHADANI & BROTHERS | PURNIMA MARKET | 19,305.04 |
| 50 | 19 | 0190000108000A1 | PAHARI DEVI | HULASH YADAV | RANCHI PATNA ROAD | 19,236.00 |
| 51 | 15 | 0150000417000A1 | SARIKA KUMARI GUPTA | | ADDI BANGLOW ROAD J.B. COMPOUND | 19,136.00 |
| 52 | 5 | 0050000011000A1 | SOMAR YADAV | LT UTTAM GOPE | BYE PASS ROAD NEAR SHIV VATIKA | 19,008.00 |
| 53 | 19 | 0190000267000B2 | UDAY SHANKAR SHARMA, SANJAY RAI, CHAWIKANT RAI SHARMA | LT, GAGADHAR SHARMA | RANCHI PATNA ROAD BY PASS NAWADA BASTI RAGILA HOTEL | 18,768.00 |
| 54 | 3 | 0030000125000K1 | VINOD RANA, PRAMOD RANA | | RANCHI PATNA ROAD, KEDIYA DHARM KATA | 18,508.00 |
| 55 | 9 | 0090000338000A1 | RAJENDRA PRASAD | LT HARIHAR RAM | C.H SCHOOL ROAD, DUTTA GULI | 18,486.00 |
| 56 | 26 | 0260000372000K1 | MINA DEVI | BHAGWAN LAL BARNWAL | VEER KUNWAR SINGH CHOWKTRIMURTI, | 18,402.00 |
| 57 | 12 | 0120000193000K1 | AMINA KHATOON | MOBIN UL HAQUE | DARJEE MUHALLA | 18,284.00 |
| 58 | 25 | 0250000643000K1 | SUCHITA BURNWAL | SANJAY KUMAR BURNWAL | RANCHI PATNA ROAD OLD BUS STAND | 18,262.52 |
| 59 | 14 | 0140000392000A1 | RAMESHWAR SAW | JHARI SAW | ADDI BANGLOW ROAD CHOUDHARY MOHALLA | 18,100.56 |
| 60 | 19 | 0190000487000A1 | JAYNARAYAN BARNWAL | BALESHWAR MODI, | GUMO BARWADIH, | 18,074.52 |
| 61 | 9 | 0090000127000A1 | JAI KUMAR JAIN | SURAJ MAL JAIN | SRI RAM APARTMENT RANCHI PATNA ROAD | 17,864.32 |
| 62 | 13 | 0130000396000X4 | MEERA DEVI | DAYA NAND BHADANI | MANOHAR PRESS GALI, | 17,861.12 |
| 63 | 16 | 0160000250000A1 | ANJU DEVI | DINESH CHANDRA | BHADODIH | 17,692.80 |
| 64 | 21 | 0210000698000F2 | ARBIND VERMA | BHAGIRATH VERMA | GUMO BADKI GALLI | 17,520.00 |
| 65 | 11 | 0110000479000F1 | ANJALI DEVI | DEVENDRA KUMAR | SAMANTO KALI MANDIR I.C.I.C.I BANK GALI | 17,389.60 |
| 66 | 11 | 0110000235000A1 | SHAMBHU MEHTA | DEGLAL MEHTA | BEHIND SAMANTO KALI MANDIR | 17,286.88 |
| 67 | 26 | 0260000004000K1 | HEMANTI DEVI | MAHRU PRASAD BARNWAL | BAJAR POST OFFICE | 16,923.92 |
| 68 | 9 | 0090000561000D1 | PRAYAG CHAND CHANDAK | | RANCHI PATNA ROAD, | 16,891.92 |
| 69 | 28 | 0280000697000K1 | DAMODAR PRASAD BARNWAL | BABUN MODI | MANDUATAND ROAD WARD NO 28 | 16,029.60 |
| 70 | 10 | 0100000360000K1 | VIMALA DEVI | RAJENDRA SINGH | RANCHI PATNA ROAD JHUMRI TELAIYA | 14,864.28 |
| 71 | 4 | 0040000657000X4 | SANJAY SINGH | BADRI SINGH | BAY PASS ROAD WARD NO 4 | 13,230.00 |
| 72 | 18 | 0180000313000K1 | RANJEET PRASAD KESHRI, BALESHWAR PRASAD KESHRI, SANJAY PRASAD KESHRI, SUNIL PRASAD KESHRI | LATE JAGDISH SAW KESHRI | RANCHI PATNA ROAD, OLD BUS STAND | 12,722.76 |
| 73 | 28 | 0280000713000F1 | MEGHNI DEVI | KARTIK NAYAK | YADUTAND D AV SCHOOL ROAD | 12,420.00 |
| 74 | 23 | 0230000612000A1 | MANNU DEVI | NARAYAN CHAUDHARY | GANDHI SCHOOL ROAD GALI NO 3 | 12,128.00 |
| 75 | 12 | 0120000227000A1 | SAROJ DEVI JAIN | | MICA GALI JHANDA CHAWK | 11,843.96 |
| 76 | 26 | 0260000423000K1 | SHAKUNTALA DEVI | GOPI KRISHAN MODI | PANI TANKI ROAD TRIMURTI | 10,368.00 |

ह0/-
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 341313 (Urban Development)24-25*D

# कम होती बचत

देश में आर्थिक विकास की बात बहुत जोरशोर से हो रहा है लेकिन घरेलू बचत के घटने पर चिंता भी है। घरेलू बचत, जो किसी व्यक्ति की आय का शेष हिस्सा होती है, जो 2006-07 में जीडीपी का 18 प्रतिशत थी, लेकिन 2022-23 में यह घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई है। इसका मुख्य कारण छोटी बचत योजनाओं जैसे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना पर कम ब्याज दर है, जिससे छोटे निवेशक शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और सोने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। साथ ही, बढ़ते कर्ज, जैसे आवास और शिक्षा के लिए ऋण, भी घरेलू बचत में कमी का कारण बन रहे हैं। इस स्थिति पर अगर चर्चा नहीं हुई तो यह समस्या इतनी बड़ी जो जायेगी जिसके कारण देश के विकास गति पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर चल रहे देश को एक समान और न्यूनतम सुविधा वाले बड़ी जनसंख्या की आवश्यकता है। आज देश में सात करोड़ जिनकी संख्या लगभग 35 करोड़ होगी। वे देश की अधिकतम सुविधाओं का उपभोग कर रहें हैं। जबकि लगभग 25 करोड़ परिवार जिनकी आबादी लगभग 100 करोड़ है उनके पास रोजगार-शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुलभूत सुविधा भी नहीं है। देश की आर्थिक दशा कुछ सीमित लोगों की बढ़ते धन से बढ़ना अर्थव्यवस्था के लिये खतरे की घंटी है। किसी भी देश के लिये उसकी अधिकतम आबादी की आय और जीवन स्तर का बेहतर होना देश के विकसित होने का संकेत है लेकिन देश से मिल रहे संकेत बेहतर नहीं है। देश के धन का वितरण लाभ की हिस्सेदारी इस प्रकार से हो जिससे यह निचले तबकों तक पहुंचे अन्यथा स्थिति 1990-91की आर्थिक बदहाली से भी अधिक खराब होगी। सामाजिक संतुलन और शांति के साथ विधि व्यवस्था भी इससे सीधे प्रभावित होती है।

## कार्टून वर्ल्ड







**मेष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5**

**मिथुन : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5**

**कर्क : शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7**

**सिंह : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**कन्या: शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें। शुभांक-2-5-7**

**तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6**

**धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8**

**मकर : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9**

**कुंभ : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7**

**मीन : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6**

# भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

**शुरूआती** दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है।

भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।

भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं।



अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है।



- - प्रहलाद सबनानी

> जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का

जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है। हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से लड़ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया।

जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का पालन पोषण करते रहे हैं।

घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वछंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिटटी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है।जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है। हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है।

विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है।

भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके।

भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज को देश के आर्थिक विकास में शामिल करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद तक आसान बनाया जा सके।

## लेटर टू एडिटर

### साइबर अपराध

**देश** में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए एक सक्षम और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञ कार्यबल की कमी है। साइबर अपराधी शिक्षित हैं और विभिन्न तरीकों से अधिकारियों को शिकार बना रहे हैं। हाल में वीआईपी और विमान सेवाओं को धमकी देने के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस स्थिति में, अत्याधुनिक तकनीक से लैस युवा साइबर टीमों का गठन आवश्यक है, जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारी भी शामिल हों।

**-बीएल शर्मा, हजारीबाग**

### प्रदूषण की समस्या

अफसोस है कि कारगर समाधान की तलाश नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें कुछ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सामूहिक प्रयास प्रदूषण को कम कर सकते हैं। इस दिशा में हम सभी को जागरुक होना होगा।

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

## ट्वीट

**सरना** आदिवासी धर्म कोड हमारी पहचान है।जब आदिवासी समाज से कम जनसंख्या वाले समाज का अपना कोड हो सकता है तो हमारा क्यों नहीं?आदिवासी समाज अपना हक-अधिकार लेकर रहेगा।

**-हेमंत सोरेन, सीएम**

**हम** एक नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता-जनार्दन के बीच हैं। हमारा संकल्प-पत्र आदिवासी भाई-बहनों के सम्मान के साथ-साथ विकास, युवाओं को रोजगार और राज्य की नारीशक्ति को सशक्त बनाने वाला है। हम यहां की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

## स्वास्थ्य

**डायबिटीज** वैश्विक स्तर पर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत अब इसकी बढ़ती संख्या और निदान न किए गए मामले, दोनों में सबसे आगे है। भारत में 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग कारण भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें।

डायबिटीज ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और इसके सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद काबोर्हाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है।

जब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे हृदय रोग, तंत्रिका क्षति और आंखों की समस्याएँ। डायबिटीज का तकनीकी नाम डायबिटीज मेलिटस है। एक अन्य डायबिटीज है-डायबिटीज इन्सिपिडस-लेकिन वे अलग-अलग हैं। वे डायबिटीज नाम साझा करते हैं क्योंकि वे दोनों अधिक प्यास और बार-बार पेशाब का कारण बनते हैं। डायबिटीज इन्सिपिडस डायबिटीज मेलिटस की तुलना में बहुत दुर्लभ है।

कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहल का उद्देश्य निःशुल्क जांच और प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करना है। निदान तक पहुँच का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का उपयोग किया जा रहा है। टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं। डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोगों में निदान नहीं होने के कारण, प्रारंभिक पहचान में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है।

कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। काबोर्हाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नैदानिक सुविधाओं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की महत्त्वपूर्ण कमी है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भावधि डायबिटीज प्रबंधन का खराब एकीकरण माताओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक जोखिम को बढ़ाता है। डायबिटीज देखभाल के लिए उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कई व्यक्तियों को समय पर निदान और उपचार लेने से रोकता है। समन्वित कार्यवाही का अभावः निदान सेवाओं, उपचार सुविधाओं और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के बीच कमजोर सम्बंध व्यापक डायबिटीज प्रबंधन में बाधा डालते हैं।

डायबिटीज का निदान जीवन बदलने वाली घटना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते। डायबिटीज का

# आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी वस्त्रों में नवाचार

**-प्रियंका सौरभ**

## सामयिक

**उच्च** प्रदर्शन सामग्री के रूप में तकनीकी वस्त्र आयात पर निर्भरता को कम करके और स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देकर रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी वस्त्र, जैसे कि जियो टेक्सटाइल, बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की स्थायित्व और दक्षता को बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं, खासकर प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त क्षेत्रों में। तकनीकी वस्त्र क्षेत्र एक नए युग का वस्त्र है, जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में होता है। तकनीकी वस्त्र ऐसा कपड़ा उत्पाद है, जो गैर-सौंदर्य प्रयोजनों के लिए निर्मित होता है, जहाँ कार्य प्राथमिक मानदंड होता है।

तकनीकी वस्त्रों में ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए वस्त्र, चिकित्सा वस्त्र, भू-वस्त्र, कृषि-वस्त्र और सुरक्षात्मक कपड़े शामिल हैं। सरकार ने तकनीकी वस्त्रों और उनके अनुप्रयोगों में अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन भी शुरू किया है। पूर्वोत्तर भारत के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सड़कों को स्थिर करने के लिए जियो टेक्सटाइल का उपयोग किया जाता है, जिससे विदेशी समाधानों पर निर्भरता कम होती है। रक्षा और एयरोस्पेस के लिए उन्नत वस्त्र यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत अपनी रणनीतिक आवश्यकताओं को स्वतंत्र रूप से पूरा करे।

डीआरडीओ द्वारा सैन्य उपयोग के लिए स्वदेशी अरामिड-आधारित सुरक्षात्मक गियर विकसित किया गया था, जिससे महंगे आयात पर निर्भरता कम हुई। सर्जिकल मास्क, पीपीई और बायोडिग्रेडेबल मेडिकल फैब्रिक जैसे मेडिकल टेक्सटाइल स्वास्थ्य सेवा में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करते हैं, जो आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए महत्त्वपूर्ण है। महामारी के दौरान भारत ने पीपीई किट के घरेलू उत्पादन को बढ़ाया और कुछ ही महीनों में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली। एग्रोटेक फैब्रिक्स जैसे तकनीकी वस्त्र कृषि उत्पादकता में सुधार करते हैं, ग्रामीण विकास का समर्थन करते हैं और आयातित कृषि-समाधानों पर निर्भरता कम करते हैं। पॉलीहाउस कवर और फसल सुरक्षा जाल सालभर खेती के लिए नियंत्रित वातावरण बनाकर पैदावार बढ़ाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी वस्त्र इकाइयाँ स्थापित करने से रोजगार सर्जन को बढ़ावा मिल सकता है, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ने में मदद मिल सकती है और स्थायी आजीविका का समर्थन हो सकता है। ग्रामीण महाराष्ट्र में तकनीकी वस्त्र निर्माण के विकास ने स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया है। चूंकि तकनीकी वस्त्र आयात-निर्भर संसाधनों की आवश्यकता को कम करते हैं इसलिए वे भारत की अर्थव्यवस्था को जलवायु-संचालित वैश्विक आपूर्ति झटकों के प्रति कम संवेदनशील बनाते हैं।

बायोडिग्रेडेबल टेक्सटाइल सामग्री का स्वदेशी उत्पादन पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है और आयात निर्भरता को कम करता है। स्मार्ट, टिकाऊ और मिश्रित वस्त्रों में अनुसंधान के लिए मिशन का वित्तपोषण ऐसे नवाचारों को बढ़ावा देता है जो घरेलू स्तर पर क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। नमी सोखने वाले कपड़ों पर आईआईटी दिल्ली में शोध रक्षा कर्मियों के लिए सुरक्षात्मक गियर को बढ़ाता है। मिशन अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के बीच साझेदारी की सुविधा प्रदान करता है, जिससे नई तकनीकों के तेजी से व्यावसायीकरण को बढ़ावा मिलता है। उन्नत चिकित्सा वस्त्रों के उत्पादन के लिए एसएमई को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण ने घरेलू आपूर्ति शृंखला को मजबूत किया है। मानकों और गुणवत्ता में सुधार करके, मिशन वैश्विक बाजारों में उच्च मूल्य वाले तकनीकी वस्त्रों का निर्यात करने की भारत की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे आर्थिक विकास को समर्थन मिलता है। मिशन द्वारा समर्थित गुणवत्ता प्रमाणन के कारण यूरोप को भारत के तकनीकी वस्त्रों के निर्यात में वृद्धि हुई है। समर्पित परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना वैश्विक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करती है, जिससे उत्पाद की विश्वसनीयता में सुधार होता है।

दिल्ली में राष्ट्रीय वस्त्र परीक्षण प्रयोगशालाएँ यूरोपीय मानकों को पूरा करने वाले प्रमाणपत्र प्रदान करती हैं, जिससे निर्यात क्षमता में वृद्धि होती है। नए आईपीआर दिशा-निर्देश स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे भारत के तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के बौद्धिक संपदा आधार को मजबूती मिलती है। स्मार्ट टेक्सटाइल के लिए आईआईटी मद्रास जैसे संस्थानों द्वारा दायर आईपीआर पेटेंट यह सुनिश्चित करते हैं कि मालिकाना तकनीक भारत के भीतर ही रहे। मिशन के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम' उन्नत वस्त्र निर्माण के लिए तकनीकी कौशल को बढ़ाते हैं, उत्पादकता और नवाचार को बढ़ाते हैं। कपड़ा क्षेत्र कौशल परिषद के साथ सहयोग ने तकनीकी वस्त्र उद्योग में हजारों लोगों को प्रशिक्षित किया है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक नवाचार को बढ़ावा देता है, जिससे आयात निर्भरता के खिलाफ भारत की लचीलापन बढ़ता है। मिशन के तहत अनुसंधान एवं विकास तथा कौशल निर्माण में निरंतर निवेश से उच्च प्रदर्शन वाले वस्त्रों में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और मजबूत होगी।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक



रजरप्पा। रजरप्पा क्षेत्र की क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक बुधवार महाप्रबंधक सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने की। प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी (रप) आरके सिंह, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद, स्टाफ अधिकारी (ई&एम) राजेश कुमार, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) एसके सिंहा, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक संजय कुमार शर्मा, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके होरो, और क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी आशीष झा उपस्थित थे। बैठक में रजरप्पा क्षेत्र में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, क्वार्टर मरम्मत, खेल-कूद, और सड़कों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मजदूरों की समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष रखा और उनके समाधान हेतु विभिन्न सुझाव दिए। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को कल्याणकारी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

### युवा महोत्सव पर कई प्रतियोगिता होंगी

**रामगढ़।** निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव होगा। प्रमंडल स्तर पर 16 से 20 दिसंबर तक एवं राज्य स्तर पर 21 से 23 दिसम्बर के बीच तिथि निर्धारित है। उक्त आलोक में रामगढ़ जिला अन्तर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव (नेशनल यूथ फेस्टिवल) के तहत 13 नवंबर को मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग बीएड कॉलेज में 15 से 29 आयु वर्ग के युवक युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क व पुल के लिए भूमि पूजन



**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत के कसेराधौड़ा से तीन नंबर तक 98 लाख 55 हजार रुपये की लागत से बनने सड़क व पुलिया का भूमि पूजन मुखिया ललिता देवी, झामुमो नेता पन्नालाल मुर्मू, भाजपा प्रखंड महामंत्री अशोक कुमार किया। मौके अतिथियों ने कहा कि उक्त सड़क के बनने से चरण पहाड़ी आने-जाने वाले श्रद्धालुओं सहित यहां के निवासियों को काफी सुविधा होगी।ललिता देवी ने कहा कि पंचायत के ग्रामीणों के विकास के लिए हमेशा आगे रहूंगी। ग्रामीणों ने अभिकर्ता रोहित चौधरी को पुल निर्माण में अनियमितता नही बरतने का हिदायत दिया। उक्त कार्य डीएमएफटी फंड से किया जा रहा है। मौके पर बालदेव मुर्मू, महेश महतो, बिटियो देवी, सरस्वती देवी, मालती देवी, रीना देवी, कर्मी देवी, समित्रा देवी, पूनम देवी, रोशनी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### सौंदा डी में खुला प्रज्ञा केंद्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी मेन रोड स्थित सीसीएल कैंटीन के बगल में बुधवार को सौन्दा डी पैक्स के माध्यम से खुले प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन हुआ। केंद्र का उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक सौंदा डी के शाखा प्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इसके बाद सौंदा डी पैक्स अध्यक्ष रेनु सिंह, समाजसेवी अनिल सिंह, कार्यालय की संचालिका नीलम चौहान एवं काजल कौर की उपथिति में पीके श्रीवास्तव ने कंप्यूटर का स्विच ऑन कर कार्य का शुभारंभ कराया।पीएनबी के सौंदा डी शाखा प्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रज्ञा केंद्र खुलने से जनता को विभिन्न कार्यों के लिए दूसरे पंचायत में नहीं जाना पड़ेगा।

### बरही अस्पताल में विदाई समारोह

**बरही।** बरही अनुमंडलअस्पताल में सेवानिवृत्त हुए चालक मो अब्दुल्ला अंसारी और एएनएम कल्पना कुमारी के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों, प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथियों के स्वागत और सम्मान से हुई। मो अब्दुल्ला अंसारी और कल्पना कुमारी को फूलों के गुलदस्ते और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को यादगार बताया। कहा कि मो अब्दुल्ला अंसारी, जिन्होंने अस्पताल में एक लंबे समय तक बतौर चालक अपनी सेवाएं दीं, उनके प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि श्री अंसारी न केवल एक कुशल चालक थे, बल्कि अपने शांत और सहयोगात्मक व्यवहार से हर किसी का दिल जीतने में सफल रहे।सौंदा डी का प्रज्ञा केंद्र काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

### बरही में चलो घर बनाएं अभियान शुरू

**बरही।** बीडीओ जयपाल महतो ने चलो घर बनाएं अभियान की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य लंबित आवासों को समय पर पूरा करना है। इस अभियान के तहत प्रखंड कर्मियों को आवास निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कर्मी संबंधित पंचायतों में भेजे गए हैं ताकि इस कार्य को गति दी जा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने इस अभियान की प्रगति की समीक्षा करने के लिए विभिन्न पंचायतों में लाभुकों के साथ बैठक की। उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण भी किया और लाभुकों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के साथ आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा, हमारा उद्देश्य गरीब और पात्र परिवारों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराना है। सभी कर्मियों और लाभुकों से अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की जाती है। चलो घर बनाएं अभियान का उद्देश्य गरीब और पात्र परिवारों को जल्द से जल्द आवास मुहैया कराना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों और लाभुकों से सहयोग की अपील की है। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, यास्मीन तब्बसुम, मंगलदेव यादव, छोटन ठाकुर, कमलेश भारतीं, रवि यादव, साँवना मांझी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के खिलाफ रामगढ़ में निकला आक्रोश मार्च

**विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी , भाजपा युवा मोर्चा और कई हिंदू संगठनों के सदस्यों के अलावा आम नागरिक ने किया प्रदर्शन**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और इस्कॉन प्रमुख की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को रामगढ़ में प्रदर्शन किया गया। बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला गया। विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी , भाजपा युवा मोर्चा और विभिन्न हिंदू संगठनों के सदस्यों के अलावा आम नागरिक भी इस आक्रोश मार्च में शामिल हुए। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ यूएन में मजबूती से मुद्दा उठाने की मांग भारत सरकार से की गई। ार्च में शामिल लोगों ने संयुक्त राष्ट्र और सरकार से बांग्लादेश के दंगाइयों पर दबाव बनाने की मांग की। रामगढ़ में राष्ट्रीय सनातन समाज के बैनर तले लोग शहर के सिद्धू-कान्हू मैदान में एकत्रित हुए। सैकड़ों लोग हाथ में बैनर, तख्ती और भगवा ध्वज लेकर सड़क पर उतरे। यह लोग चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड तक पहुंचे। रैली में राजनीतिक पार्टियों और सकल हिंदू समाज के अलावा बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी मौजूद थीं। पूरी रैली में भगवा ध्वज लहराते नजर आए। अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों से संपूर्ण हिंदू समाज में आक्रोश है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने और दंगाइयों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। वनवासी कल्याण केंद्र के रिशु मुंडा,एकल अभियान के चन्द्र शेखर , पतंजलि के प्रमोद लाल ,विश्व हिंदू परिषद के मनोज पोद्दार, सनातन समाज के विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चताप प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपायुक्त को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। संयोजक राजेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में शत्रुघ्न प्रसाद, चन्द्र बहादुर ,विश्वजीत कुमार,आकाश कुमार, डॉ संदीप मालिक,बीजू गोयनका, प्रभात अग्रवाल, अनमोल सिंह,छोटू वर्मा,विनोद जायसवाल, अंशु पांडे, मनीष अग्रवाल,जनवीजय सिंह, पीयूष चौधरी, कुणाल दास,दिलीप नायक,अमित ठाकुर, अनामिका श्रीवास्तव,भानु देवी,गीता कुमारी, सबिता देवी, शीतल सिंह, नीलम देवी, शशि शेखर सिंह,दीपक मिश्र, सौरभ जायसवाल समेत हजारों सनातनी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 47 मजदूर

## खाने को राशन नहीं, सरकार से वतन वापसी की लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो जिले के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर कैमरून से सामने आया है। इस बार झारखंड के 47 प्रवासी मजदूर दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए है ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में काम करने गए थे। बताया जा रहा है कि पिछले चार माह से मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है, मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी दुर्दशा माही पटेल को बताते हुए सरकार से वतन वापसी के साथ बकाया वेतन दिलाने की केंद्र और राज्य सरकार से की अपील । प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल उर्फ महेंद्र प्रसाद महतो राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, श्रम विभाग रांची झारखंड सरकार और विदेश मंत्रालय भारत सरकार से कैमरून में कार्यरत प्रवासी मजदूरों की वतन वापसी मजदूरों की मदद की अपील की है। प्रवासी मजदूरो के लिए काम करने वाले नव जागरण फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि राज्य सरकार के ढुलमुल निति के कारण ही यहाँ के लोगो को बाहर जाना पड़ता है। सरकार स्थानीय लोगो को यहाँ रोजगार देगी, आय के श्रोत में वृद्धि करेगा तो लोग अपने घर को क्यों छोड़ेंगे। पलायन यहाँ का मुख्य मुद्दा है जिसपर सरकार काम नहीं कर रही है। कमसे कम सरकार अब जागे और उन्हें भाइयो को जल्द से जल्द वतन वापसी कराये यही गुजारिश है। हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ से रेवतलाल महतो, कमलदेव कुड्म महतो, चिंतामन महतो, सुरेश कुमार, विजय कुड्म महतो, उमेश महतो, जयनारायण कुड्म महतो, भागीरथ महतो, अशोक महतो, भुनेश्वर महतो, दशरथ महतो, योगेंद्र महतो, दिनेश टुडू, हीरालाल मांझी, मनोज कुड्म महतो, किशोर कुड्म, भूखलाल महतो, छोटी यादव, राजेंद्र कुमार महतो, निर्मल महतो, टेकलाल महतो, धानेश्वर किस्कू, प्रेमचन्द महतो, पिंटू कुड्म महतो, मनोज मरांडी, रोहित महतो, लोकनाथ यादव, निर्मल कुड्म यादव, रामचन्द्र महतो, भरत महतो, बालदेव महतो। गिरिडीह जिले के बगोदर से रूपलाल महतो, मुकेश महतो बोकारो जिले के पेंक से खिरोधर महतो, नारायण महतो, संतोष मुर्मू एवं चतरोचट्टी थाना क्षेत्र से नीलकंठ महतो, सत्येंद्र कुड्म महतो, द्वारिका महतो, रोहित महतो, गणेश महतो, नेतलाल महतो, चंद्रदेव महतो, छोटन टुडू, छोटन कुड्म किस्कू, महेश महतो, राजेश कुड्म महतो समेत 47 प्रवासी मजदूर है। इन मजदूरों को जल्द से जल्द समुचित बकाया वेतन के साथ वतन वापसी की मांग की । माही पटेल ने कहा कि रोजगार की कमी के कारण झारखंड में हर दिन कहीं न कहीं से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, लोग रोजी-रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं वहां उन्हें कई प्रकार के प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है।

## जुबिली कॉलेज के छात्रों का एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2024-2025) में जुबिली कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल सात मेडल जीते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार सहित कोयलांचल भुरकुंडावासियों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने खिलाड़ियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने बताया कि बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2024-2025) के लिए जुबिली महाविद्यालय से 16 प्रतिभागीयों ने संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित में भाग लिये थें। जिसमें जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा के खिलाड़ियों ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने माता-पिता, क्षेत्र सहित कॉलेज परिवार को गौरवान्वित कराया है। प्रतियोगिता के 1500 व 5000 मीटर दौड़ में आएसा कुमारी को गोल्ड मेडल मिला है। वहीं भाला फेक में अंजली कुमारी को गोल्ड और डिस्कस थो में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ है। जबकि सोनी कुमारी को 400 मिटर हर्डल में सिल्वर मेडल, मिक्सड रीले में ब्रॉन्ज और महिला रीले में ब्रॉन्ज मेडल मिला। खो-खो प्रतियोगिता में जुबिली महाविद्यालय को सिल्वर मेडल मिला है। प्राचार्य ने कहा कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अव्वल हैं।

## रामनारायण यादव कॉलेज की छात्रा मनीषा कुमारी ने एथलीट में जीता सिल्वर



**बरही।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज एथलीट 2024-25 प्रतियोगिता 4 और 5 दिसंबर को संत कोलंबस महाविद्यालय, हजारीबाग में हुआ। इस प्रतियोगिता में रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही की छात्रा मनीषा कुमारी ने 5000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सिल्वर मेडल हासिल किया। मनीषा कुमारी, जो वर्तमान में सेमेस्टर वन 2024-28 सत्र की छात्रा हैं, उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की। उनके इस शानदार प्रदर्शन पर कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष एवं बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव, सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ. विमल किशोर, खेलकूद प्रभारी डॉ. बद्री साव सहित कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने मनीषा को बधाई दी।

## बरही आरएनवाइएम कॉलेज में विधायक मनोज यादव को किया गया सम्मानित

**बरही।** आरएनवाईएम कॉलेज में स्वर्गीय रामनारायण यादव की 40वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक मनोज यादव का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और महाविद्यालय कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सबसे पहले सभी अतिथियों ने स्व. रामनारायण यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डॉ विमल किशोर, सचिव परमेश्वर यादव ने नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव को मोमेंटो व बुके देकर किया। विधायक मनोज कुमार यादव ने स्वर्गीय रामनारायण यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके पिताजी एक साहसी और उदार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि महान व्यक्तित्व बनने के पीछे कई कारण होते हैं और स्वर्गीय रामनारायण यादव की समाज सेवा और राजनीतिक प्रतिबद्धता उन्हें महान बनाती है। श्री यादव ने कहा कि महाविद्यालय के शुरूआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन उच्च शिक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंताओं को देखते हुए इसकी स्थापना की गई, जो आज एक बड़े संस्थान का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को और विकसित करने के लिए सभी सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों को सलाह देते हुए विधायक ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य न केवल शिक्षा देना होना चाहिए, बल्कि अच्छे और संस्कारवान इंसान तैयार करना भी होना चाहिए। उन्होंने बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यों और विचारों के माध्यम से समाज की भलाई के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।

# विकास को लेकर डीडीसी से मिले प्रदीप प्रसाद और रोशन चौधरी

**प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे : प्रदीप प्रसाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने उप विकास आयुक्त (डीडीसी) इश्तेयाक अहमद से शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायकों ने प्रशासन के समक्ष स्थानीय स्तर पर आ रही चुनौतियों और समस्याओं को भी रखा, जिनके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे। क्षेत्र में चल रही योजनाओं का समय पर और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हमारी प्राथमिकता है। जनता ने जो भरोसा जताया है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाना हमारा कर्तव्य है।

बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें योजना उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। सड़क निर्माण, सिंचाई सुविधाएं और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। डीडीसी इश्तेयाक अहमद ने कहा ने प्रशासन जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाएगा और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि लंबित परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जाएंगे। साथ ही, नए विकास कार्यों के लिए समर्पित रूपरेखा तैयार की जाएगी। दोनों विधायकों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया, और डीडीसी ने जनहित के लिए तत्परता से कार्य करने का भरोसा दिलाया। यह बैठक क्षेत्रीय विकास के प्रति सभी पक्षों की प्रतिबद्धता और समन्वय का प्रतीक बनी।

## एक नजर में

### अंचल कार्यालय में विधायक कक्ष का उद्घाटन



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने पहली बार बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचे जहां पदाधिकारी व कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया । प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया । रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जनता की जो यहां समस्याएं आती है। आप उसका समाधान निश्चित रूप से करें।हम आपके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। जनता का हक अधिकार उन्हें मिलना चाहिए। जनता का काम नहीं होगा तो आप पर भी आरोप लगेगा और हमें भी कहेगा कि विधायक यह काम नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान प्रखंड व अंचल कार्यालय में ही मिलता है। खास करके प्रखंड से संबंधित समस्या यदि आपको लगता है कि जिला वह राज्य में हमारे माध्यम से कोई काम हो सकता है तो आप जरूर बोले ऐसा नहीं कि उसके चलते काम रुक जाए। बड़कागांव विधानसभा की जनता ने हमें जो अपार समर्थन दिया है । हम उनके साथ हैं। कार्यक्रम का संचालन पसस सह पत्रकार रितेश ठाकुर ने किया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल,अंचलाधिकारी मनोज कुमार व कार्यकताओं ने विधायक को बुके देकर व माला पहनकर स्वागत किया।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में ओरिएंटेशन शुरू

**पदमा।** मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में चार दिवसीय फ्रेशर्स प्रशिक्षुओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम के प्रथम दिवस था। नए छात्रों को कॉलेज के बारे में जानकारी प्रदान करने और उन्हें कॉलेज के समुदाय में शामिल करने के लिए आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रियंका कुमारी, मंच संचालन मिस मून कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सरिका मेहता ने किया। प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने स्वागत भाषण के साथ महाविद्यालय के शानदार इतिहास, उपलब्धियों तथा कोर्स के विभिन्न पक्षों की जानकारी दिया। उप सचिव अजीत कुमार प्रशिक्षुओं के लिए शुभकामनाओं के साथ उनकी जिम्मेदारियां का एहसास कराया। विभागाध्यक्ष बी.एड. डॉ. तनुजा गुप्ता ने एनसीटीई, विभाजित तथा महाविद्यालय के नॉर्म से परिचित कराते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

### खलिहान में आग से धान और पुआल जला

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडु पंचायत के कावेद गांव निवासी मो दाऊद अंसारी के अज्ञात लोगों ने आग लगा दी जिस कारण खलिहान में रखा धान और पुआल पूरी तरह से जल गया। इस संदर्भ में पीड़ित मो दाऊद ने केरेडारी अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देकर धान और पुआल के हुए क्षति की पूर्ति के लिए मुआवजा का मांग किया है। आवेदन के माध्यम से कहा है कि 5 दिसंबर गुरुवार को सुबह 7 बजे धान झड़ा कर नाश्ता करने अपने घर गया था इसी दौरान अज्ञात लोगों द्वारा खलिहान में आग लग दिया गया जिस कारण खलिहान में रखा धान और पुआल पूरी तरह से जल गया, जिसमें मुझे आर्थिक नुकसान हुआ ।

### एदला में एक ही रात दो घरों में चोरी

**कटकमसांडी।** पंचायत बाझा के अंतर्गत ग्राम एदला में एक ही रात चोरों ने दो घरों को खंगाल लिया। ठंड के कारण बगल के इट वाला कमरे में सोने चले गए ओर मिट्टी वाला घर में ताला मारकर सभी लोग एक रूम में सो रहे थे। इस बीच ताला तोड़कर चोर कमरे में घुस गए। कमरे में रखी आलमारी व बक्से का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान समेट कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक तरुण महतो ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। घर के सदस्य ने बताया कि बुधवार की रात परिजन भोजन करने के बाद कमरे के अंदर सो रहे थे। रात लगभग 12 बजे से थोड़ा पहले कमरे का दरवाजा खोलकर चोर अंदर दाखिल हो गए। कमरे में रखी बक्सा का लाक तोड़कर उसमें रखे जेवर और नकद राशि चुरा लिये और सामान से भरे कुछ कुछ सामान उठा ले गए। गुरुवार सुबहजब नींद खुली तो दरवाजा खुला देखा। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। रामसेवक राम के अनुसार चोर सोने का हार, एक मगंलसूत्र, बिंदिया, दो कान का झुमका, पाजेब व पायल सहित कपड़े व नकदी चोर उठा ले गए जो मेरी बेटी का था ।

### एनएमएल ने खान सुरक्षा सप्ताह मनाया



बड़कागांव। एनटीपीसी के तहत एनएमएल के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के तत्वाधान में पीट कार्यालय में67 वाँ खान सुरक्षा सप्ताह गुरुवार को दूसरा दिन मनाया गया। आई एस ओ सह निरीक्षक आफताब अहमद,खान प्रबंधक अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पहले पीट कार्यालय पहुंचते ही अतिथियों को गीत व नृत्य से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा संबंधित अधिकारियों एवं खान कर्मियों ने संकल्प लिया।आइसो सहनिरीक्षक आफताब अहमद ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है खान से संबंधित सभी अधिकारियों कर्मियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने कहा कि भारत सरकार की जितने भी सुरक्षा संबंधित नियम बनाया गया है ,सभी अधिकारियों एम कर्मियों को अनुपालन करना आवश्यक है। पकरी बरवाडीह कोल परियोजना को सुरक्षा के मामले में भी पिछले वर्ष अवार्ड दिया गया था। इस परियोजना के पदाधिकारी एवं कर्मी इसका अच्छा रिजल्ट दें। ताकि इस बार भी इसी परियोजना को अवार्ड मिले। खान प्रबंधक अरविंद कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के तहत सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाता है। इसके लिए लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला ,प्रतियोगिता, नाट्य कला की प्रस्तुत की जाती है। मौके पर चंद्र शेखर, खान प्रबंधक अरविंद सिंह, अमित कुमार, मधु रंजन,बलराम मंडल,पवन कुमार सिंह,कमलेश सिंह,सरोज प्रसाद,प्रदीप कुमार, पी आर ओ दिलीप ठाकुर समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ गर्म कपड़े का वितरण

**गिद्धौर।** बारिसाखी पंचायत के +2 विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया सुमीरा कुमारी ने 43 बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। झारखंड सरकार की पहल पर यह वितरण ठंड को देखते हुए किया गया। मुखिया ने बच्चों से प्रतिदिन गर्म कपड़े पहनकर आने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि, सेविका, पोषण सखी और अभिभावक उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बलबल से सीओ अंनत सयनम विश्वकर्मा व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने छापेमारी अभियान चलाकर गुरुवार को अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है।सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बलबल के विभिन्न नदी से अवैध बालू का उठाव होने की गुप्त सूचना लगातार मिल रहा था।सीओ व थाना प्रभारी के संयुक्त छापेमारी अभियान से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरको जब्त किया है।साथ ही करवाई की जा रही है।इस करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### चतरा में अव्यवस्थित वाहन पार्किंग पर होगी कार्रवाई: एसडीओ

**चतरा।** सदर अनुमंडल कार्यालय में हुई बैठक में एसडीओ जहुर आलम ने सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। तीन स्थानों पर पार्किंग क्षेत्र चिन्हित किए जा रहे हैं, जिनमें लकलकवानाथ मंदिर, नगर भवन और टीओपी वन के पास के स्थान शामिल हैं, साथ ही केशरी चौक से पुराना पेट्रोल पंप तक टेंपो का परिचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। एसडीओ और सदर थाना प्रभारी ने दुकानदारों से सुरक्षा कारणों से सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया है, ताकि दुकानों के साथ-साथ सड़क की निगरानी भी की जा सके।

### 15 दिसंबर से 23 तक अधिप्राप्ति केंद्रों पर शुरू होगी धान की खरीद

**चतरा।** जिले में 15 दिसंबर से 23 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान की खरीद शुरू होगी, जहाँ 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा और 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जाएगा। करीब 18338 पंजीकृत किसानों से लगभग 1.5 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके लिए सभी पदाधिकारियों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। धान क्रय केंद्रों का चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में किया गया, जिसमें 36 प्रस्तावित केंद्रों में से 13 केंद्रों को उनके खराब प्रदर्शन के कारण अस्वीकार कर दिया गया। पिछले वर्षों में कुछ पैक्स द्वारा धान मिल में धान नहीं भेजने के कारण नीलाम पत्र दायर किए गए हैं और कुछ पैक्स को डिफॉल्टर घोषित किया गया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर आक्रमण और मंदिर तोड़े जाने का विरोध

# कोडरमा में निकला गया आक्रोश मार्च






खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ ही बौद्ध, सिख सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में गुरुवार को कोडरमा में सर्व सनातन समाज सड़कों पर उतरा और विरोध में आक्रोश रैली निकाल कर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे सर्व सनातन समाज ने कहा कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यक आज खौफ और डर के साए में जी रहे हैं। बांग्लादेश में आए दिन कट्टरपंथी इन हिंदू अल्पसंख्यकों को अपना शिकार बना रहे हैं और हिंदू मंदिरों और मूर्तियों और पूजा स्थलों पर लगातार हमले कर रहे हैं। हिंदू समुदाय के जरिये इस अन्याय का बांग्लादेश में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने पर इस्कॉन मंदिर के पूज्य संत कृष्ण दास को गिरफ्तार कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार का मामला बढ़ता ही जा रहा है। वहां बहुसंख्यक के जरिये अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसके चलते अब भारत में भी जगह-जगह विरोध प्रदर्शन होने लगे हैं। प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों ने कहा हमारी भारत सरकार से मांग है कि वह इस मामले को प्राथमिकता से उठाएं और बांग्लादेश सरकार के साथ कूटनीतिक चर्चा कर हिंदू समुदाय की सुरक्षा की जाए।

भारत आने वाले हिंदू शरणार्थियों को सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का सख्ती से पालन करवाया जाए। इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय कृष्ण दास को शीघ्र रिहा करवाया जाए। अपनी मांगों को लेकर सर्व हिंदू समाज के जरिये उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन में ध्वजाधारी धाम के महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, चेंबर ऑफ कॉमर्स समेत विभिन्न वर्ग के लोगों ने हिस्सा लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास जी महाराज, अध्यक्षता बिनोद भदानी, संचालन देवेंद्र कुमार, प्रवीण चन्द्रा के अलावे अनिल कुमार सिंह, मनोज चंद्रवंशी, राजेश सिंह, आदित्य बरनवाल, रंजन राज, अजय पांडेय, उत्तम कुमार, दिनेश सिंह, नरेंद्र हिंदुत्ववादी, किरण प्रकाश मेहता, पंकज मेहता, अनिल कुमार, सत्यनारायण यादव, चंद्रशेखर जोशी, जूही दास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## पिपरवार जूनियर ने एलेवन ब्रदर को चार विकेट से हराया




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में चतरा जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान मे बृहस्पतिवार को पिपरवार जूनियर बनाम इलेवन ब्रदर चतरा के बीच मैच खेला गया। जिसमें पिपरवार जूनियर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन ब्रदर चतरा की टीम ने 6 विकेट खो कर 223 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक स्कोर जिगर ने 97 रन बनाए अधिराज ने 58 रनों का योगदान दिया। पिपरवार जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रौशन गोस्वामी ने 2 अनिकेत उरांव ने 2 मजीद ने 1 विकेट शौर्य ने 1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार जूनियर की टीम ने 25.2 ओवर में 6 विकेट खो कर 224 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिए जिसमें सर्वाधिक रोशन गोस्वामी 90 रन शाहनवाज ने 35 रन कुलदीप 25 रनो का योगदान दिया इलेवन ब्रदर चतरा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए विक्रम ने 2 विकेट लिए नियाज अंसारी ने 2 विकेट अर्पित अधिराज ने 1 - 1 विकेट लिए इश तरह से पिपरवार जूनियरकी टीम ने इलेवन ब्रदर चतरा को 4 विकेट से हराया और मन ऑफ द मैच रौशन गोस्वामी को दिया गया।

## हिंदू संत चिन्मया कृष्ण दास की रिहाई की मांग को लेकर उतरे हजारों लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बांग्लादेश में हिंदू, जैन बौद्ध, सिख, समुदाय के लोगों एवं धार्मिक स्थलों और मंदिरों पर हो रहे हमलों और अत्याचार के खिलाफ कोडरमा में गुरुवार को सर्व सनातन समाज के बैनर तले एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज ने किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी हनुमान मंदिर से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। वहीं हजारों की संख्या में लोग केसरिया वस्त्र पहनकर और हाथों में तख्तियां लिए हुए शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हर हर महादेव, बांग्लादेशी सरकार हाय हाय, और आवाज दो हम एक हैं जैसे नारों से विरोध प्रदर्शन को बुलंद किया। वहीं उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया गया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम डीडीसी ऋतुराज को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और धार्मिक स्थलों पर हमले बेहद निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ एक आवाज नहीं है, बल्कि उन हिंदुओं के अधिकारों और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता की मांग है जो वहां असुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार को तुरंत इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाना चाहिए, ताकि बांग्लादेश की सरकार पर दबाव बनाया जा सके। वहीं सर्व सनातन समाज के संयोजक विनोद भदानी और सह संयोजक विजय बर्णवाल, चन्द्रशेखर जोशी, देवेन्द्र कुमार, प्रवीण चन्द्रा, मनोज चन्द्रवंशी, नवीन पाण्डया, जुही दास गुप्ता, विजय यादव, अनील कुमार ने डीडीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

## छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सड़क सुरक्षा दल के द्वारा गुरुवार को स्थानीय परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान डीटीओ विजय कुमार सोनी ने छात्राओं को मोटर वाहन अिानियम, सड़क सुरक्षा, यातायात के नियमों पर विस्तृत जानकारी दिया और वाहन चलाते समय नियमों को पालन करने की अपील किया। वहीं डीटीओ ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा के उपकरण की जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों को कड़ाई से अनुपालन करें, वाहन की स्पीड निर्धारित सीमा के भीतर रखनी चाहिए, सड़क पार करते समय हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग और सिंगनल का अनुपालन करें, सावधानी से वाहन चलाएं। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, एमवीआई जोसेफ टोप्पो, कुमार सानू यादव आदि मौजूद थे।

## इटखोरी थाना के नजदीक चल रहा था विदेशी शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री

### भारी मात्रा में शराब बनाने वाली सामग्री जब्त



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को उत्पाद विभाग के द्वारा इटखोरी थाना के सहयोग से इटखोरी थाना के पीछे पांच सौ मीटर ब्रम्हा चौक के समीप छापामारी कर अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। इस छापामारी में विदेशी शराब (164.250 लीटर), रंगीन शराब (40 लीटर), स्पिरिट (630 लीटर), कैरेमल (5 लीटर), विभिन्न व्हिस्की के ढक्कन, लेबल, होलोग्राम और खाली बोतलें/जार जब्त किए गए। इस मिनी फैक्ट्री का संचालन भोला दांगी के द्वारा अपने घर के सामने एक कंपाउंड में किया जा रहा था, जहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार कर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भर कर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर पैक करने का काम किया जाता था। मौके से अवैध शराब कारोबारी भोला दांगी अपने सहकर्मियों के साथ भागने में सफल रहा, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।मामले में संलिप्त आरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

## अतिक्रमण करने वालों से नप ने वसूला 19,600 जुर्माना



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से डीटीओ विजय कुमार सोनी, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, नगर प्रशासक अंकित गुप्ता व तिलैया पुलिस के जवान मौजूद थे। साथ ही दुकान के बाहर रखे सामानों को भी जब्त कर लिया गया।

## होल्डिंग टैक्स जमा नही करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

### नगर प्रशासक ने राजस्व संग्रहण को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक हुई। बैठक के दौरान होल्डिंग टैक्स समेत अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए नगर प्रशासक ने होल्डिंग्स टैक्स की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं नगरवासियों से जल्द से जल्द बकाए होल्डिंग टैक्स को अविलंब जमा करने की अपील किया। नगर प्रशासक ने कहा कि होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को कई बार नोटिस देकर टैक्स जमा करने की अपील की गई, परन्तु टैक्स जमा करने में सुस्ती बरती जा रही है, उन्होंने नगर पंचायत के बड़े बकायेदारों को एक सप्ताह के अंदर राशि जमा करने अन्यथा विलम्ब से टैक्स जमा करने पर प्रति माह एक प्रतिशत ब्याज लेने की बात कही। वहीं नगर प्रशासक ने कहा कि चालू वितीय वर्ष समाप्ति के बाद बकाया राशि देने वालों से एकमुश्त 12 प्रतिशत ब्याज जोड़ कर टैक्स लिया जाएगा। मौके पर संजीत कुमार साहू, विशाल कुमार दुबे, विकास कुमार, तिलक कुमार, राजन कुमार आदि मौजूद थे।

## भारी मात्रा में अंग्रजी शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सुचना के अधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक डोमचांच अंचल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए नवलशाही स्थित विंडोमोह चौक के पास गिरिडीह-कोडरमा मुख्य मार्ग पर गिरिडीह की ओर से आने वाले वाहनों का जांच किया गया, जांच के दौरान पिकअप वाहन संख्या बीआर01जीएम-5334 को रोककर जांच किया गया तो 96 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ योग्य लाभुकों को दें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में डीएलईपीसी की बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के तहत लाभ लेने के लिए अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द सत्यापन कर योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दें। इसके अलावे एक्सपोटर को लेकर भी दिशा निर्देश दिया। मौके पर एसी पूनम कुजूर, एलडीएम निवास कुमार, डीसीओ रूमा झा, ईओडीबी प्रबन्धक राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## आलू चिप्स व मडुआ प्रसंस्करण इकाई की प्रगति की समीक्षा कर डीसी ने दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आलू चिप्स एवं मडुआ प्रसंस्करण इकाई के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान प्रसंस्करण इकाई के तहत आलू चिप्स एवं मडुआ के बने उत्पाद और उनकी बिक्री पर चर्चा किया गया। साथ ही कुकीज, लड्डू, फ्लोर पाव के उत्पादन के लिए कार्य योजना बनाने, आलू चिप्स और मडुआ के बने उत्पादों के पैकेजिंग करने, प्रसंस्करण इकाई में आवश्यक सामग्री का क्रय करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, एलडीएम निवास कुमार, डीसीओ रूमा झा, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय सिंह आदि मौजूद थे।

## क्रियावन पंसंस सदस्यों की बैठक हुई संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में बृहस्पतिवार को क्रियान्वयन पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने किया। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम अवैध तरीके से बालू संग्रह करने तथा प्रखंड से बाहर ले जाकर बेचने वालों पर प्रतिबंध लगाने की बात प्रमुख एवं उप प्रमुख प्रीतम यादव ने कही। प्रमुख ने बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रखंड का कोई भी कार्य व बैठक प्रमुख की अनदेखी कर नहीं किया जाना चाहिए, जो अन्याय है। अवैध तरीके से बालू उठाव पर प्रतिबंध लगाने के लिए थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रखंड के सभी पदाधिकारी प्रतिनिधि मिलकर आवास व अन्य कार्य हेतु नदी से बालू उठाव का सुनिश्चित करें ताकि अवैध तरीके से नदियों से बालू उठाने वालों के प्रति कार्रवाई की जा सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवालों में गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब तक लैब एवं एक्स-रे मशीन लगाने को लेकर कई बार पंचायत समिति सदस्य की बैठक में मामला उठा, जो अब तक नहीं हुआ है। इस संबंध में स्वास्थ्य प्रभारी सुमित जायसवाल से बात की गई तो उन्होंने पुष्ट लिखित दस्तावेज मांगते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया है। दूसरी तरफ, स्वास्थ्य विभाग के प्रति पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी ने शिकायत की है कि प्रसव कराने के दौरान महिलाओं से 2000 से ?3000 एएनएम द्वारा मनमानी वसूली की जाती है, जिस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौन हैं। इसका भी जाँच होना चाहिए। बैठक में जन वितरण प्रणाली/खाद्य आपूर्ति विभाग में राशन कार्ड बनाने हेतु प्रज्ञा केंद्र द्वारा 5000 की अवैध वसूली की जा रही है और राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी ने इस बात को प्रस्ताव के रूप में रखा, जिस पर निष्पादन में उपस्थित एमओ जॉन कुमार मरांडी ने बताया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं है; जानकारी मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर मनोज कुजूर से प्रमुख ने बैंक से संबंधित केसीसी को लेकर पूछा जिसमें लघु को द्वारा अवैध तरीके से वसूली की जाती है एवं बैंक की गोपनीयता का उल्लंघन किया जाता है, जिस पर मैनेजर ने साफ शब्दों में मना कर दिया। माफ करें, बैंक से ऐसा कुछ भी नहीं है। शिक्षा विभाग की अनेक लापरवाहियाँ बैठक में उठाई गईं। जिसमें प्रमुख ने पूछा कि अलीशा कुमारी का नामांकन अब तक क्यों नहीं हुआ।

### झारखंड की पटरी पर विकास की रेल दौड़ेगी : रविंद्र

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड में इंडिया महागठबंधन की प्रचंड बहुमत से बनी झारखंड सरकार के मुखिया और राज्य के 14वें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चौथी बार शपथ ग्रहण एवं कैबिनेट मंत्रिमंडल के विस्तार पर रविंद्र शांडिल्य ने रांची स्थित आवास पर अपने समर्थकों के साथ प्रसन्नता जाहिर करते मुलाकात कर बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री शांडिल्य केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा शिबू सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू से भी शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री शांडिल्य ने कहा की विगत 5 वर्षों में हेमंत सरकार के द्वारा राज्य के हर एक वर्ग एवं जाति के लिए सरकारी कल्याणकारी योजना उनके अनुरूप तैयार कर उन्हें लाभान्वित करने का काम की है, जिसका प्रतिफल है कि आज झारखंड राज्य के 70 प्रतिशत विधानसभा क्षेत्र में इंडिया महागठबंधन की जीत हुई है। अब यह स्थिर एवं मजबूत सरकार विकास की बेहतर रोशनी बिखरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## खलिहान में लगी आग, लाखों रुपये का धान जलकर हुआ राख

खबर मन्त्र संवादाता



**हंटरगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह - पनारी पंचायत के मायापुर कला गांव में बुधवार की देर रात्रि करीब 11 बजे एक खलिहान में आग लग गयी। जिसके कारण लाखों रुपए का धान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार मायापुर गांव निवासी रामखेलावन दास का पुत्र दिनेश दास खेती करता है। इस वर्ष तीन एकड़ जमीन मे धान का फसल लगाया था।

खेत से फसल काटकर खलिहान में जमा किया था। बुधवार की देर रात आग लगने से सब जलकर राख हो गया। पीड़ित दिनेश दास ने बताया कि रात्रि के 9 तक सब ठीक था। उस समय हम खलिहान घूम कर देख लिए थे। 11 बजे बाद खलिहान में आग लगी है। जिसकी सूचना गांव के ही एक व्यक्ति ने फोन से दी बस किया था धान जलने पर फट फट की आवाज से सब परिवार के जब नींद खुला और खलिहान में जाकर देखे कि पूरा खलिहान धू-धू कर जल रहा है। तब हमने हल्ला कर गांव वालों को जगाया। लेकिन आग के तेज लपटें उठता देख ग्रामीण की हिम्मत भी जबाब दे दिया। दो मोटर से पानी चलाया गया लेकिन तबतक सारा धान जल चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना से पीड़ित दिनेश दास के पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इसके पूरा परिवार के साथ खाने की समस्या आ गई है। पीड़ित ने जिला प्रशासन से क्षति पूर्ति की मांग किया है। इधर जानकारी मिलते ही जिला परिषद बेचन पासवान पीड़ित के खलिहान पहुंचे तो देखा पूरा धान जलकर राख हो गया है श्री पासवान ने पीड़ित परिवार को आश्वाशन दिया कि जो क्षति पहुंची है उसे जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत क्षतिपूर्ति मुहैया करवाया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### उग्रवादी हिंसा में मारे गये व्यक्ति के आश्रित को अनुकंपा पर मिली नौकरी



गुमला। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में उग्रवादी हिंसा में मारे गये व्यक्ति के आश्रित को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व. आमुस केरकेट्टा, कामडारा प्रखण्ड निवासी के आश्रित बेटी सुश्री बेरोनिका केरकेट्टा को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यतानुसार तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच एसएसबी ने किया सौर लाईट का वितरण

**चैनपुर।** नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के तहत 32 वीं बटालियन एसएसबी की डी कंपनी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद व्यक्तियों को सौर लाइट वितरित की। यह कार्यक्रम कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री सम्राट दिव्यजीत चंद्रजीत (उप कमांडेंट) की उपस्थिति में सौर लाइट वितरित किया गया। इसके साथ श्री ईशांत राठी (सहायक कमांडेंट) और पुलिस स्टेशन कुरुमगढ़ के अधिकारी, प्रधानाचार्य बुनियादी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कुरुमगढ़ रवि बेक व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरदराज और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर जीवनशैली और सुरक्षा प्रदान करना है। सौर लाइट्स की आपूर्ति से यहां के निवासियों को रात के समय बेहतर रोशनी मिलेगी। जिससे उनकी सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा।

### सशस्त्र सीमा बल ने मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण हेतु 8 अभ्यर्थियों को भेजा प्रशिक्षण केन्द्र



**चैनपुर।** सशस्त्र सीमा बल 32 वीं बटालियन ने मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र सिलम के लिए चैनपुर से आठ अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण केन्द्र भेजा गया। इसके निमित सभी अभ्यर्थियों से चैनपुर कैम्प में मिलकर जरूरी जानकारियां साझा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सशस्त्र सीमा बल सिलम के सेकेंड इन कमांड चंद्रजीत सिंह, डिप्टी कमाडेंट सम्राट दिव्यज्योति, सब इंस्पेक्टर रवि कुमार धनका, चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा,इंस्पेक्टर महेंद्र कर्मकली, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी उपस्थित रहे । इस प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को ड्राइविंग कौशल में प्रशिक्षित करना है। यह पहल न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सशस्त्र सीमा बल के इस कार्यक्रम से स्थानीय लोगों में उत्साह है और उम्मीद की जा रही है कि इससे क्षेत्र में ड्राइविंग कौशल में सुधार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### विधायक चमरा लिंडा के मंत्री पद का शपथ लेने पर झामुमो कार्यकर्ताओ ने मनाया जश्न



घाघरा। बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के मंत्री पद की शपथ लेने से झामुमो कार्यकताओं में खुशी की लहर है। चमरा लिंडा के मंत्री बनने पर झामुमो कार्यकताओं ने आतिशबाजी की और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए गए। वहीं मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिया। इस दौरान शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर कार्यकताओं के द्वारा माल्यार्पण भी किया गया। वहीं झामुमो के नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की जनता विधायक चमरा लिंडा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाया है। अब उन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। निश्चित तौर पर क्षेत्र का विकास होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक उरांव, सतवंती देवी, संजीव उरांव, विनोद उरांव, कामाख्या भगत, सत्येंद्र उरांव, कमल कुजूर,बलि कुमार, बेचन भगत, श्याम साहू, दिलबंधु मांझी,सेराज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### यक्ष्मा उन्मूलन अभियान की तैयारी को लेकर स्वास्थ्य सहिया को दिया गया प्रशिक्षण

**घाघरा।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान की तैयारी को लेकर स्वास्थ्य सहिया का प्रशिक्षण आयोजित की गई। वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक अमित कुमार प्रसाद ने सभी स्वास्थ्य सहिया को यक्ष्मा रोगी होने के कारण,उसके देखभाल और चिकित्सा परामर्श व इलाज की जानकारी दी। इसके साथ ही डायबिटीज,एचआईवी,स्मोकन, सहित कई अन्य बीमारी पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर यह भी बताया कि आगामी 7 दिसंबर को प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। साथ की यक्ष्मा मरीज की पहचान कर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं ताकि उनका इलाज हो सके। मौके पर बीटीटी बबीता देवी,सीमा देवी,पारस साहू, सुनीता देवी,समीना तिर्की,सुमन किरण किंडो,हेमंती देवी,पूनम देवी, सूरज मुनि देवी, सरिता देवी, सविता देवी, किरण देवी, सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केड़ेग सोनाटोली में गांव के रामचंद्र लोहरा पिता दसवां लोहरा उम्र लगभग 42 वर्ष ने अपने घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। गुरूवार की सुबह उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और गांव के एक व्यक्ति को टांगी से मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद गांव वालों ने इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी दल बल के साथ गांव पहुंचे और आरोपी को घर में ढूंढने लगे तो देखा गया कि उसने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया है।

# बसिया में भीषण सड़क हादसा में तीन की मौत, दो घायल, कार के उड़े परखच्चे

- रांची के लोग सिमडेगा से शादी समारोह से कार से लौट रहे थे वापस, बसिया में खड़े ट्रक से कार टकरायी
- पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल, शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गुमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दुर्घटनाग्रस्त कार को जेसीबी से हटाते

**बसिया।** बसिया थाना क्षेत्र के रांची-बसिया मुख्य पथ पर बुधवार की रात लगभग दो बजे भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में रांची के देवी मंडप रोड निवासी प्रवीण कुमार, रतन घोष व पवन साहू के नाम शामिल है। जबकि विश्वजीत घोष और असीम घोष घायल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा से एक वैवाहिक समारोह में भाग लेकर रांची लौट रही एक कार बसिया स्थित वन विभाग की गुमटी के समीप जांच के लिए पहले से खड़े ट्रक से जा टकरायी। कार की रफ्तार अधिक होने के कारण उसके परखचे उड़ गये और कार में सवार पांच लोगों में से तीन की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बसिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराकर रांची रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि जिस ट्रक से कार की टक्कर हुई उसमें बीड़ी पत्ता लदा हुआ था। जिसको जांच हेतु वन विभाग के बेरियर के पास रोका गया था। उसी वक्त पीछे से आ रही कार ट्रक से टक्करा गई और दर्दनाक हादसा हो गया। इधर घटना की सूचना पर रात में ही बसिया पुलिस घटनास्थल पहुंची और कार में फंसे घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा। जबकि शवों को कब्जे में करके गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वहीं कार को जेसीबी लगाकर हटाया गया। दुर्घटना के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिसे जेसीबी लगाकर हटाया गया। वहीं कार में फंसे शवों को निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे वन विभाग का बैरियर व गुमटी है। सड़क चौड़ीकरण के समय सड़क के किनारे लगे गुमटी और बैरियर को हटाकर किनारे करने का बहुत प्रयास किया गया। परंतु न बैरियर हटाया गया और न गुमटी टस से मस हुई। समय के साथ बैरियर टूट गया लेकिन गुमटी यथावत पड़ी हुई है। जिसका नतीजा यह हुआ कि थाना मोड़ पर जांच के लिए खड़े ट्रक से कार जा टकरायी।

## पीएलएफआई के नाम से कल्हेपाट गांव स्थित मदरसा में हुई पोस्टरबाजी

- दो दिन पूर्व हुई हत्या की जिम्मेवारी लेते हुए दो व्यक्ति का नाम और नंबर किया है जारी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम से कल्हेपाट गांव स्थित मदरसा में पोस्टरबाजी की गयी। नक्सली संगठन के नाम से पोस्टरबाजी कर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुई शमशेर अंसारी हत्या की जिम्मेदारी ली गयी है। जिसकी सूचना मिलने पर सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर पोस्टर को बरामद कर जांच में जुटी हुई है। हालांकि लोगों और पुलिस का भी मानना है कि ये जांच को गुमराह करने की साजिश हो सकती है क्योंकि पोस्टर में हत्या की जिम्मेवारी लेते हुए दो व्यक्ति का नाम और नंबर भी अंकित किया गया है जिससे साफ लग रहा है कि हत्याकांड की जांच को उलझाने के लिए पोस्टरबाजी की गई है। पोस्टर में लेबर नहीं देने के कारण हत्या को अंजाम देने का कारण बताया गया है।

पोस्टरबाजी में हत्या का जिम्मेदारी लेने वाले कुलदीप चमार और संजू उरांव का नाम और मोबाइल नंबर लिखा हुआ है दोनों बदला गांव का रहने वाले हैं पुलिस दोनों युवकों को थाना बुलाकर पूछताछ कर रही है।

हालांकि नक्सली संगठन का पोस्टर होने का अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# गुमला में 103 किलो गांजा के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार, गयीं जेल

- गुप्त सूचना पर गुमला पुलिस ने सिसई रोड स्थित गांधी नगर में की छापामारी, एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





प्रेस कान्फ्रेंस में एसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी एवं गिरफ्तार महिलाएं

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 103 किलो गांजा के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार तीनों महिलाएं सिसई रोड स्थित गांधी नगर के एक ही परिवार के हैं। गिरफ्तार महिलाओं में 41 वर्षीय सुनीता देवी, 34 वर्षीय बीणा देवी व 27 वर्षीय बिनीता देवी के नाम शामिल हैं। इस संबंध में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिसई रोड स्थित गांधीनगर के पास कुछ महिलाओं के द्वारा अपने घर में अवैध रूप से गांजा बेचा जाता है। जिसका आस-पास के नाबालिग बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। सूचना के बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने सिसई रोड स्थित सुनीता देवी, बीणा देवी व बिनीता देवी के घर की तलाश की। जिसमें बीणा देवी के बेडरूम से गांजा जैसा पदार्थ 740 ग्राम मिला व गांजा रखकर बेचना वाला 250 पीस पुड़िया, सुनीता देवी के घर से एक सफेद रंग का प्लास्टिक मिला। जिसमें 120 ग्राम गांजा मिला। वहीं बिनीता देवी उर्फ एतवारी देवी के घर की तलाशी लेने पर एक सफेद रंग का प्लास्टिक में 430 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की कीमत पचास हजार रुपये आंकी जा रही है। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, पुअनि मुनेश तिवारी, पुअनि अमर शुक्ला, सअनि हेमा देवी, आरक्षी जगसेनी देवी, आरक्षी अविनाश कुमार पांडेय व औरंगजेब खान शामिल थे।

## विधायक चमरा लिंडा को मंत्री बनाये जाने पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर मनाया जश्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** बिशुनपुर क्षेत्र के झामुमो विधायक चमरा लिंडा को झारखण्ड की हेमंत सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाते ही उनके समर्थकों में खुशी छा गई। भंडरा नवडीहा चौक में प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, झामुमो नेता व पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव, विधायक प्रतिनिधि मिठू उरांव के नेतृत्व में समर्थकों ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। लगातार तीसरी बार विधायक बने चमरा लिंडा के शपथ कार्यक्रम को देखने के लिए समर्थक तय समय पर दोपहर में टीवी सेट के सामने बैठ गए थे। जब विधायक ने शपथ ली तो भंडरा में जगह-जगह लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाइयां बांटनी शुरू कर दीं। झामुमो के पार्टी के भंडरा विधायक प्रतिनिधि मिठ्ठू उरांव, प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी व पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव के नेतृत्व में नवडीहा चौक में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जैसे ही चमरा लिंडा ने मंत्री पद की शपथ ली, इसके बाद भंडरा नवडीहा चौक में कार्यकर्ताओं ने जमकर नृत्य और आतिशबाजी करते हुए खुशी का इजहार किया। इस बाबत प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी एवं पूर्व जिप सदस्य व झामुमो नेता शामिल उरांव ने कहा कि चमरा लिंडा को पार्टी ने एक कार्यकर्त्ता से लेकर विधायक और अब मंत्री का दर्जा देने का काम किया है यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के साथ-साथ राज्य के विकास में एक नया आयाम लिखा जायेगा। बता दें कि झारखंड राज्य में आज हेमंत सोरेन सरकार के कैबिनट का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल सदस्यों को शपथ दिलाई गई। मंत्रिमंडल में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा को स्थान मिलने के बाद क्षेत्र भर में खुशी का माहौल है।

## प्रधानमंत्री जनजातीय नीति आयोग व जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधिकारी पहुंचे गुमला

**राागी रागी मिशन, रागी मिलेट कैफे व सावित्रि बाई फूले पुस्तकालय का किया निरीक्षण**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रधानमंत्री जनजातीय नीति आयोग और जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों की टीम गुरूवार को गुमला पहुंची। टीम के अधिकारियों ने गुमला विज्ञान केन्द्र, सावित्रि बाई फूले पुस्तकालय, विरसा मुण्डा पुस्तकालय, रागी मिशन, रागी मिलेट कैफे का निरीक्षण किया।

जिला विज्ञान केंद्र का भ्रमण के दौरान केंद्र के सभी भागों का अवलोकन किया एवं विज्ञान केंद्र अंर्तगत व्यवस्थाओं से वे प्रभावित हुए। विज्ञान केन्द्र के कर्मी द्वारा बताया गया कि यहां पर बच्चों को शिक्षा दी जाती है। उसके बाद प्रधानमंत्री जनजातीय नीति आयोग ने जिले के महिलाओं के लिए निर्मित सावित्री बाई फुले पुस्तकालय व विरसा मुण्डा पुस्तकालय का निरीक्षण कर व्यवथाओं से अवगत हुए। उन्होंने वहां पढ़ने आई अभ्यार्थियों से भी मुलाकात किये। जिसके बाद सिलम स्थित रागी प्रोसेसिंग सेंटर का दौरा किया एवं वहां दीदियों के द्वारा बनाए जा रहे रागी लड्डू एवं अन्य सामग्रियों का अवलोकन कर दीदियों से भी बातचीत की। गुमला जिले में मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करते हुए इसे व्यवसाय का रूप देना बेहद ही सराहनीय पहल है। रागी मिशन के दौरान महिलाओं को इसमें जोड़कर उन्हें रोजगार देने की इस पहल से बेहद ही प्रभावित हुए। इस संबंध में काफी चीज की जानकारी प्राप्त कर उन्होंने महिलाओं की सहभागिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी रमन कुमार, फेलो अविनाश पाठक, रमेश कुमार व कर्मी मौजूद थे।

### नहाने के क्रम में नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

गुमला। पालकोट थाना क्षेत्र के बाघिमा बड़का टोली निवासी द्वारिकानाथ मिश्रा की मौत नहाने के क्रम में नदी में डूबने से हो गई। मृतक के पुत्र अनिल मिश्र ने बताया कि ये प्रत्येक दिन की भांति उसके पिता पिंजरा नदी नहाने गए थे। जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। नहाने के दौरान काफी देर घर नहीं लौटने पर परिवार के सदस्य उन्हें खोजने निकले। तब स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वे पानी में डूबे पड़े हैं। तब घर वाले आनन फानन मे जाकर देखे तो उनकी मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना पालकोट थाना को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

### युवक ने की आत्महत्या

गुमला। शहर के डीएसपी रोड निवासी 25 वर्षीय अंकित अग्रवाल ने बुधवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह परिजनों को घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल में कला सह विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बच्चे द्वारा बनाया गया एक्सीडेंट सेफ्टी मॉडल

**लोहरदगा।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में कला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पूर्व जिला मंत्री छबि सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नूतन कच्छप उपस्थित थीं। जिनका स्वागत बच्चों के द्वारा पौधा देकर किया गया। विद्यालय परिसर में कक्षा पांचवीं के बच्चों द्वारा ह्रदय संरचना ऐसीड रेन, कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों द्वारा रोड एक्सीडेंट सेंसर, कैटल प्रोटेक्शन, फ्रॉम फायर हाइड्रोलिक लिफ्ट मॉडल को अभिभावक टकटकी लगाकर देख रहे थे। वहीं कक्षा नर्सरी से लेकर यू केजी के छात्र-छात्राओं के नन्हें हाथों के द्वारा बनाए गए क्राफ्ट ने सबका मन मोह लिया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों के अद्भुत रचनात्मक गतिविधियों एवं कल्पनाशीलता से भरा पड़ा था। बच्चे अपने-अपने मॉडल के बारे में दर्शकों को विस्तार से समझा रहे थे। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए गए।

मौके पर मुख्य अतिथि छबि सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है और इससे बच्चे देश को एक नई दिशा देने में सक्षम हो पाते हैं। आज के बदलते हुए परिदृश्य में विकसित भारत के निर्माण के लिए विद्यालयों में ऐसी प्रदर्शनी का होना अति आवश्यक है। प्रदर्शनी में बच्चों ने बहुत मेहनत कि है और वो दिन दूर नहीं जब इस क्षेत्र से बच्चे आगे चल कर देश के लिए नए नए अविष्कार कर देश का नाम आगे बढ़ाएंगे। प्रदर्शनी में अभिभावकों कि उपस्तिथि से विद्यार्थी भी बड़े उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावक, विद्यालय कि शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### एक्सीडेंट सेफ्टी मॉडल ने सबका ध्यान खींचा

कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थी हेमंत उराँव के द्वारा बनाया गया एक्सीडेंट सेफ्टी मॉडल ने प्रदर्शनी में आए हुए सभी अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह मॉडल अति दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लगाई जा सकती है। मॉडल में घुमावदार दुर्घटना क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर के नीचे सेंसर लगाकर बनाया गया। जिसमें जब स्पीड ब्रेकर से गाड़ी गुजरती है तो घुमावदार मोड़ में रेड लाइट जलती है जिससे दूसरी तरफ से आने वाले वाहनों को सूचना मिल जाती है कि दूसरे छोर में वाहन है। अत: वो अपने वाहन कि गति धीमी कर लेते हैं जिससे दुर्घटना नहीं होती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## कोडरमा ने जेएससीए अंडर 14 ग्रुप मैच में सरायकेला खरसांवा को हराया

- उम्दा प्रदर्शन करने पर हमजा समीर बने मैन ऑफ द मैच, 80 गेंदों पर कोडरमा के सूरज मंडल ने बनाया 172 रन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट लीग स्तर के आखिरी मुकाबले में गुरुवार को कोडरमा ने सरायकेला खरसावां को 334 रनों से शिकस्त दी। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट मुकाबले में खरसावां की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। कोडरमा की ओर से पारी की शुरूआत करते हुए सूरज कुमार मंडल ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए महज 80 गेंद पर 172 रनों की आकर्षक शतकीय पारी खेली। सूरज ने अपनी पारी में 29 चौके व तीन छक्के लगाये। टीम की ओर से प्रिंस कुमार ने 38 व प्रिंस कुमार केशरी ने 36 रन बनाये। हार्दिक कुमार की 24 रनों की पारी के बदौलत 35.4 ओवर में सभी विकेट गंवा कर कोडरमा ने 386 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सरायकेला खरसावां की ओर से बीबन कुमार ने 4 व अमन मिश्रा ने 2 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सरायकेला खरसावां की पूरी टीम 17.4 ओवर में 52 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से आयुष यादव ने दहाई का आंकड़ा छूकर 10 रन बनाये। कोडरमा की ओर से हमजा समीर ने 7.4 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट चटकाये। प्रिंस कुमार को 3 विकेट मिला। उम्दा प्रदर्शन के लिए हमजा समीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पारितोषिक वितरण में विशेष रूप से मौजूद जेएससीए के संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने प्लेयर ऑफ द डे समीर को 5000 नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, आकाश आनंद, लाल चंद्रशेखर, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, आयुष अग्रवाल, यमुना झा, मधुसूदन उरांव,शशि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने गुमला की मेजबानी की तारीफ की। फिलहाल जेएससीए पूरी गंभीरता से इस बात पर लगा है कि जो बच्चे जिस एज ग्रुप में आते हैं उसी श्रेणी में खेलें। ओवर ऐज बच्चों को लेकर उनके दस्तावेज सहित अन्य चीजों पर पूरी संजीदगी से जांच हो रही है। आने वाले दिनों में शत प्रतिशत सुधार के साथ वास्तविक आयु वर्ग के खिलाड़ी ही खेलते दिखेंगे। इससे पूर्व अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग स्तर के आखिरी मुकाबले में बतौर अतिथि पहुंचे संयुक्त सचिव का जिला संघ की ओर से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर जेएसी द्वारा प्रतिनियुक्ति टीआरडीओ रोनित सिंह, अंपायर प्रशांत कुमार, अंपायर रमेश कुमार व स्कोरर सूरज कुमार मौजूद थे।

## लाल सोना निकालकर कर आदिवासियों का दमन करना हिंडालको बंद करे : शिव कुमार

- जन अधिकार संघर्ष समिति ने किया प्रेस कान्फ्रेंस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** हिंडाल्को के दमनकारी नीति के खिलाफ ऑल बॉक्साइट माइंस जन अधिकार संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन अब तेज कर दिया गया है। समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत ने इस संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर कहा कि बहुत हो गया शोषण और दमन, आदिवासी इलाके से लाल सोना निकालकर यहाँ के लोगों का शोषण करना अब हिंडाल्को को बंद करना होगा और नहीं तो हिंडाल्को की छवि को हम लोग गांव-गांव जाकर पोस्टर चिपकाकर बताएंगे कि किस तरह से हिंडाल्को यहां के भोले भाले आदिवासियों को ठग के कंपनी मालामाल हो रही है। इस पूरे मामले को लेकर 18 सूत्री मांग पत्र झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय खनन मंत्रालय, हिंडाल्को पंजीकृत कार्यालय मुंबई व गुमला के उपायुक्त को सौंप दिया गया है। मांग पत्र में रैयतों को योग्यता के हिसाब से नौकरी, कंपनी यहां पर स्थानीय लोगों को उद्योग लगाकर रोजगार दे, खनन का काम यहां के आदिवासी युवाओं को दे, ट्रांसपोर्टटिंग का भी काम यहां के आदिवासी युवा व्यापारियों को सौंपे, वर्ल्ड क्लास स्कूल अस्पताल खनन क्षेत्र में बनाए, स्थानीय वाहन मालिक को तुरंत परिवहन की व्यवस्था बनाएं, वाहन मालिकों को उचित भाड़ा का भुगतान करें। वर्तमान समय में भाड़ा बिलकुल भी कम दिया जाता है। 15 दिनों के अंदर 18 सूत्री मांगों को अगर कंपनी लागू नहीं करती है तो 15 दिनों के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक मोहम्मद इस्लाम अंसारी अध्यक्ष राजीव उरांव, सचिव विनोद राम, सह सचिव जेवियर लकड़ा, सह कोषाध्यक्ष बसंत भगत सह संरक्षक मोहम्मद नैमूल खान, सक्रिय सदस्य सचिन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चंदवाः पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को पुलिस ने पकड़ा, 2 चढ़े पुलिस के हत्थे

# 967 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

- 14 चक्का ट्रक में पशु चारा की बोरी से ढक कर ले जाई जा रही थी शराब की खेप
- हरियाणा से रांची लायी जा रही शराब, 40 लाख के करीब आंकी जा रही है कीमत


प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसपी।


बरामद अवैध शराब की खेप को जब्त करती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर दूसरे प्रदेश से हो रहे अवैध शराब की बड़ी खेप को पकड़ने में सफल रही है। गुरुवार की अहले सुबह पुलिस ने टीम ने एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी चौके के समीप से एक 14 चक्का ट्रक आरजे-11-जीबी-1437 से पशु चारा की बोरी के बीच छुपा कर ले जाये जा अंग्रेजी शराब के अवैध खेप का भंडाफोड़ करते हुए करीब 967 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप को पकड़ने में सफल रही है। मामले को लेकर गुरूवार की देर शाम एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुये बताया कि बरामद शराब ब्लू स्ट्रोक एक्विसाइट व्हिस्की व सुपर जुबली स्पेशल व्हिस्की ब्रांड की है, जो 750 एमएल, 375 एमएल व 180 एमएल की बोटल में है। बरामद अवैध शराब हरियाणा से लोड की गई थी, जिसे अवैध तरीके से रांची ले जाया जा रहा था। बरामद शराब की अनुमानित बाजार मूल्य 50 लाख के करीब आंकी जा रही है।

### 967 पेटी मे बंद 28944 बोतलों में करीब 9988 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

एसपी श्री गौरव ने आगे बताया कि जांच के क्रम में पुलिस ने ट्रक से सुपर जुबली स्पेशल व्हिस्की 750 एमएम की 97 पेटी (1164 बोतल), 375 एमएल की 195 पेटी (4680 बोतल, 180 एमएल की 240 पेटी (11520 बोतल, एमएम की ब्लू स्ट्रोक एक्विसाइट व्हिस्की 750 एमएल की 195 पेटी (2340 बोतल), 350 एमएल की 95 पेटी (2280 बोतल), 180 एमएल की 145 पेटी जिसमे 6960 बोतल शराब बरामद हुई है। पुलिस के द्वारा कुल 967 पेटी में 28944 बोतलों मे लगभग 9988.7 लीटर शराब बरामद की है। इसके अलावे करीब 150 बोरा पशु चारा व ट्रक को भी जप्त किया गया है।

### पुलिस के गिरफ्त में दो, हो रही है पूछताछ

मामले में चंदवा पुलिस के द्वारा ट्रक से काना राम पिता रायचंद राम व किसान राम पिता चुना राम (दोनो बाड़मेर राजस्थान) को पकड़ा गया है। पकड़े गए लोगों से पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर शराब संबंधित किसी प्रकार का दस्तावेज हाथ नहीं लगा। जिसके बाद शराब व वाहन को जब्त करते हुए पुलिस इस अवैध कारोबार में शामिल सिंडीकेट को बेनकाब करने में जुट गई है। बता दें कि पूर्व में भी कई बार चंदवा से अवैध शराब की बड़ी खेत बरामद हो चुकी है। जिससे प्रतीत होता है कि शराब माफिया एनएच 75 को बड़े पैमाने पर अवैध शराब तस्करी के लिए इस्तेमाल करते हैं। छापामारी अभियान में पुअनि श्रवण कुमार, सैट 44 चंदवा थाना के जवान शामिल थे, वहीं प्रेस वार्ता के मौके पर एसडीपीओ अरविंद कुमार व चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार मौजूद थे।

## शहीद चौक में प्रतिमा का अनावरण आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक मुरपा मोड़ में शहीद स्व रामकुमार भगत के प्रतिमा का अनावरण उनके पुण्य तिथि के अवसर पर आज होगा। अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा के सांसद शकालीचरण सिंह एवं लातेहार विधानसभा के विधायक प्रकाश राम उपस्थित रहेंगे। जानकारी देते हुए राजू भगत ने बताया कि स्व रामकुमार भगत के पुण्य तिथि के अवसर में अतिथियों के द्वारा शेड का उद्घाटन व प्रतिमा अनावरण किया जाएगा। वही इस कार्यक्रम में बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज के सैकड़ो लोग शामिल होंगे।

## मनरेगा योजना की पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं का प्रखंड स्तरीय हुआ जन सुनवाई


जन सुनवाई में शामिल अधिकारी व मौजूद लोग।

- मनरेगा योजना का वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर 2023-24 तक का प्रखण्ड स्तरीय जनसुनवाई बीडीओ व लोक पाल के देख रेख मे किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यलय सभागार परिसर मे बीडीओ अमित कुमार पासवान व लोकपाल संतोष कुमार पंडित के देख रेख मे प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया किया। मनरेगा योजना अतर्गत पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं का वित्तीय वर्ष 202 -22 से 2023-24 तक का योजनाओं का प्रखंड मे जनसुनवाई की गई। जिसमे 2021- 22 से लेकर 2023 -24 तक कुल मामला 111 आया। सभी 111 मामलो को प्रखंड स्तर पर निष्पादित किया गया। जिसमे 143500 रुपए (रिकवरी) वसूली का आदेश दिया गया जिसमे 82956 रुपया का वसूली का आदेश दिया गया। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, ज्यूरी मेंबर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, डीआरपी प्रवीण कर्ण, जेएसएलपीएस कर्मी सविता देवी, जेई आशीष गुप्ता, एई सत्येंद्र उरांव, सभी पंचायत के रोजगार सेवक एवं सभी पंचायत के पंचायत सचिव सहित काफी संख्या मे प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## शिलान्यास के 9 महीने बाद भी अधूरा पड़ा है बरवाडीह-छिपादोहर मार्ग

# सड़क निर्माण न होने से जनता और राहगीर परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह-छिपादोहर मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य लोकसभा चुनाव 2024 से पहले तेजी से शुरू किया गया था। चुनावी वादों के तहत इस सड़क को जल्द से जल्द पूरा करने का दावा किया गया था।लेकिन दिसंबर तक यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। 9 महीने बीत जाने के बावजूद सड़क पर केवल गिट्टी बिछाकर काम छोड़ दिया गया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गिट्टी से भरी सड़क पर वाहन चलाना चुनौती बन गया है। गिट्टी के छिटकने से कई बार वाहन चालकों और राहगीरों को चोटें आई हैं। वहीं उड़ रहा धूल परेशानियों का सबब बन गया है। धूल के कारण आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों में बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। सड़क की स्थिति के कारण छोटे-मोटे हादसे तो रोजाना हो रहे हैं, लेकिन डर है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


अधूरी पड़ी सड़क।

उनका कहना है कि चुनावी वादों के बाद इस सड़क की सुध नहीं ली गई। बरसात के दौरान गड्ढों और कीचड़ से तो परेशानी हुई ही थी। अब गिट्टी भरी सड़क से हालात और भी खराब हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और सरकार से जल्द से जल्द इस सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह मार्ग बरवाडीह और छिपादोहर के बीच परिवहन का मुख्य जरिया है, और इसकी खराब हालत न केवल आम लोगों की सुविधा में बाधा डाल रही है, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए भी खतरा बन चुकी है। यह मुद्दा स्थानीय प्रशासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए और जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## हाइवा ऑनर एसोसिएशन व ट्रांसपोर्ट कंपनी के बीच वार्ता विफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में शामिल ट्रांसपोर्टर व कंपनी के अधिकारी।

**बालूमाथ।** डीबीसी द्वारा संचालित तुबेद कोलियरी से कोयला परिवहन कर रहे हाइवा में अपराधियों द्वारा आग लगा दिये जाने की घटना एवं बढ़ रहे अपराधिक गतिविधियां को देखते हुए बालूमाथ थाना परिसर में हाइवा ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रदीप साहू एवं सदस्य और मां अंबे ट्रांसपोटिंग कंपनी पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान हाइवा ऑनर संगठन द्वारा अपनी आठ सूत्री मांगों को कंपनी के सामने रखा गया ।लेकिन सहमति नहीं बन पायी। जिसपर हाइवा ऑनर एशोसिएशन द्वारा चेतावनी दी गयी कि अगर ट्रांसपोर्ट कंपनी उक्त 8 सूत्री मांगों को नहीं मानती है तो हाइवा ऑनर एसोसिएशन 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेगी और तुबेद कोलियरी से कोयला परिवहन नहीं होने देगी। हाइवा एसोसिएशन के द्वारा मांग रखी गई थी जिसमें सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने,परिवहन में वाहन को किसी प्रकार की क्षति होती है तो बीमा कराने के बाद वाहन मालिक को होने वाले नुकसान की भरपाई कंपनी द्वारा करने,आबादी वाले क्षेत्रों में पानी का छिड़काव व स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था करने,वाहन को खदान से नही नियमानुसार लोडिंग स्टॉक से देने,प्रत्येक वाहन से प्रतिमाह 4000 रुपये की कटौती तत्काल बंद की जाये यह पैसा किस मद में उपयोग होता है इसकी जानकारी दी जाए । तथा कटौती की गयी राशि वाहन मालिक को दी जाये, माल भाड़े में प्रति वर्ष 10% की वृद्धि लागू की जाये, वाहन मालिक से जीपीएस का कोई चार्ज नहीं लिया जाये। जिस पर सहमति नहीं बनी जिसपर हाइवा एशोसिएशन ने कहा कि उपरोक्त मांगे कंपनी द्वारा नहीं मानी गयी तो एसोसिएशन अनिश्चितकालीन के लिए चक्का जाम कर देगी। जिसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी।इस बैठक में मुख्य रूप से मां अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के अधिकारी बलराम पांडेय, श्याम ट्रांसपोर्ट कंपनी के अधिकारी नीरू पासवान जबकि हाइवा ऑनर एसोसिएशन की ओर से जिला अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद, सचिव मोहम्मद शाहनवाज, देवपाल प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे ।

## विधायक शुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री बनाए जाने पर विश्वकर्मा समाज ने सीएम को दी बधाई

**बरवाडीह।** हेमंत सरकार में विश्वकर्मा समाज से निर्वाचित विधायक को मंत्री पद दिए जाने के कारण लातेहार जिला विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव मनोज विश्वकर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को बधाई दिया है। मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि गिरिडीह के विधायक सुदीव्य कुमार सोनू जी को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है, जो हमारे समाज के लिए गौरव की बात है। झारखंड में पहली बार विश्वकर्मा समाज से किसी को मंत्री पद दिया गया है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को लातेहार जिला विश्वकर्मा समाज की ओर से बधाई देते हैं। बधाई देने वालों में अर्जुन विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, बबलू शर्मा, मयंक विश्वकर्मा और चंद्रशेखर शर्मा इत्यादि शामिल है।

## बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाने का निर्णय


बैठक में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के ब्लॉक कार्यालय के ठीक सामने बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की परिनिर्वाण दिवस मनाने को लेकर खरवार भोगता विकास संघ के कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। जिसमे बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की शिल्पकार भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। सिसको लेकर सर्वसम्मति से 6 दिसम्बर शुक्रवार को 12 बजे सरना स्थल नचना मे परिनिर्वाण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। परिनिर्वाण दिवस मे अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की गई। मौके पर राजेश लोहरा, अरुण कुमार, चंद्रशेखर लोहरा, बैजू लोहरा, रामा शंकर रविदास, मंदीप राम सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## जिलें में मोबाईल टावर अधिष्ठापन को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक


समीक्षा बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिले में विभिन्न परियोजनाओं यूएसओएफ/ एलडब्ल्यूई/ 4जी सोन्यूशन के तहत अधिष्ठापित किये जा रहे मोबाईल टावर से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिले में अधिष्ठापित एवं क्रियाशील टावरों के बारे में जानकारी ली गई। जिले में विभिन्न जगहों पर एजेंसी के द्वारा किए जा रहे अब तक की कार्य प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय के अनुरूप नेटवर्क सुविधा बहाल की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वैसे क्षेत्र, जहां किसी कारणवश अब तक नेटवर्क उपलब्धता नहीं है, उन क्षेत्रों में भी आवश्यक रूप से प्रबन्धन एवं अधिष्ठापन से संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि नेटवर्क कनेक्टिविटी की स्थिति का अनुश्रवण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान के इस डिजिटल दौर में गांव-गांव को जोड़ना व सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी नेटवर्क कनेक्टिविटी अतिआवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि धरातल पर नेटवर्क उपलब्धता की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया जाना चाहिए। आवश्यकता के अनुरूप उचित कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीएसपी लातेहार व अन्य संबंधित पदाधिकारी, बीएसएनएल, एयरटेल प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

# ससमय एवं नियमित राशन वितरण के दिए गये निर्देश

- शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना का लाभ देने का दिया गया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**


आपूर्ति विभाग की बैठक में शामिल अधिकारी व निर्देश देते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में राशन वितरण, आधार सीडिंग, डुप्लीकेट राशन कार्ड संबंधित प्रखंडवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत खाद्यान्न उठाव, परिवहन एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर असंतोषजनक प्रगति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्नों का ससमय उठाव कराते हुए हर माह के 20 तारीख तक शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करेगें। साथ ही चना दाल वितरण की समीक्षा के क्रम में सभी एमओ को वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें।

सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजनान्तर्गत सभी लाभुकों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने का निदेश दिया गया। बीएसओ एवं डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को एक हफ्ते में निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। नया राशनकार्ड, डीलर चेंज, डिलीट मेंबर एवं राशनकार्ड सरेन्डर वाले मामलों में भौतिक सत्यापन के बाद ही अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही PGMS पोर्टल में लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा आधार सिडिंग, सुसुप्त राशन कार्ड, ई-पॉश मशीन, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, पीजीएमएस शिकायत, चना दाल का उठाव, नमक वितरण, चीनी वितरण, ग्रीन टू ठऋअ राशन कार्ड परिवारता समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, एमओ उपस्थित थे।

## गर्म पानी से झुलसने से 12 वर्षीय बच्चा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ ढुलवाही ग्राम में गुरुवार को गर्म पानी से झुलसने से एक 12 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हमजा अंसारी 12 वर्ष पिता शाहिद आलम अपने घर मे खेल रहा था। इसी दौरान पैर लगने से रखा हुआ गरम पानी उसपर जा गिरा। जिससे वह झुलसकर घायल हो गया घटना के बाद परिजनों द्वारा बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## वाहनों का नगर पंचायत में पंजीयन व अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अंतर्गत विभागीय दिशा निदेर्शानुसार के सभी आर. ओ वॉटर उपचार संयंत्र के संचालक एवं बोरिंग में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों का नगर पंचायत लातेहार में पंजीयन कराकर अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य होगा। अनुज्ञप्ति शुल्क 5000/- का भुगतान करना होगा एवं वार्षिक शुल्क 20000/- एकमुस्त भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा. बिना पंजीयन कराये आर. ओ. वाटर उपचार संयंत्र का संचालन किया जाता है तो 50000 दंड शुल्क जल आपूर्ति अभिकरण से लिया जाएगा दंड की राशि जमा नहीं करने पर आर.ओ.वाटर उपचार संयंत्र को सील कर दिया तथा बोरिंग वाहन पर 25000/- का दंड शुल्क वाहन मालिक से वसूली की जाएगी .पंजीयन करने हेतु व्यक्तिगत मामले में आधार कार्ड,कंपनी या फर्म के मामले में क्रमशः निगमन या पंजीकरण का कागजात, अधतन बिजली बिल, होल्डिंग कर रसीद जमा करना अनिवार्य होगा। विभाग ने सभी आर. ओ.वॉटर के संचालक से अनुरोध है कि नियम का पालन करते हुए पंजीयन नगर निकाय में पंजीयन कराये।

## बरवाडीह में चोरी की सबसे बड़ी वारदात, शातिर चोरों ने उड़ायी कीमती जेवरात

# ज्वैलरी शॉप में करीब डेढ़ करोड़ की चोरी, तपतीश में जुटी पुलिस

- पुलिस गश्त बढ़ाने और व्यवसायियों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददात**


बरवाडीह थाना में आक्रोशित दुकानदार।

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार के दो प्रतिष्ठित ज्वेलरी शॉप से अज्ञात चोरों ने बुधवार की देर रात चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने मां मनसा अलंकार ज्वेलर्स और मुन्नीलाल अलंकार का शटर तोड़ कर लगभग डेढ़ करोड़ की सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली है। मां मनसा अलंकार में चोरों ने बिना बाहरी शटर का ताला तोड़े किसी औजार के माध्यम से शटर को उठा दिया। वहीं शटर के बाद अन्दर में लगी दूसरी ग्रिल गेट में लगे कई जंजीर और तालों को तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद अंदर में रखे दो लकड़ी के काउंटर को दुकान से बाहर निकाला दिया और लोहे की अलमीरा के गेट को उखाड़ कर सभी कीमती जेवरात को निकाल कर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने से पूर्व अपराधियों ने कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लगे कैमरे को डंडे के माध्यम से ऊपर की ओर मोड़ दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। पुलिस फुटेज के आधार चोरों का पता लगा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले में सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है, उन्होंने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। उधर जिला पुलिस अधीक्षक ने एक सप्ताह के अंदर मामले का उद्भेदन कर देने की बात कही है। उधर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह और भाजपा नेता कन्हाई प्रसाद ने भी थाना प्रभारी से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है।

### व्यवसायियों में आक्रोश, घटना के विरोध में दुकानें रही बंद

इधर घटना को लेकर व्यवसायियों में आक्रोश है। उन्होंने घटना के विरोध में अपनी- अपनी प्रतिष्ठानों को स्वतः बंद रखा। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि बरवाडीह में अब तक की यह सबसी बड़ी चोरी की वारदात है। इस घटना ने पुलिस गश्त की पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने और व्यवसायियों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। दीपक राज ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर अगर मामले का खुलासा नहीं होता है तो दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर आंदोलन को विवश होंगे।

## चंदवाः दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**चंदवा।** एमएच 75 रांची-मेदिननीनगर मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन घायल हो गए। लुकूइया गांव के समीप साइकिल सवार एक स्कूली विद्यार्थी प्रभात कुमार (पिता धनराज यादव) को एक बाइक सवार ने टककम मार दिया। इस दुर्घटना में साइकिल सवार के साथ बाइक चालक सुलेंद्र गंझू (पिता सुजीत गंझू, फुलटाड, बोदा) घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थय केंद्र चंदवा पहुंचाया जहां घायलों के इलाज के बाद गंभीर सुरेंद्र को रिम्स रेफर कर दिया गया। दूसरी दुर्घटना मिशन स्कूल के समीप घटी जहां स्कूली विद्यार्थी प्रकाश उरांव (पिता जयमंगल उरांव, किता) को दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में प्रकाश गंभीर हो गया। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। चंदवा सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उसे भी रिम्स रेफर कर दिया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमले और संत चिन्मय रिहाई को ले हजारों लोग सड़क पर

## आक्रमण के विरूद्ध निकाला गया विरोध मार्च




**पूर्वी चंपारण।** बांग्लादेश में हिन्दूओ पर हो रहे आक्रमण के विरोध में गुरुवार को विहिप सहित विभिन्न हिन्दू संगठनो ने बांग्लादेशी हिन्दू हित संघर्ष समिति के बैनर तले नरसिंह बाबा मंदिर परिसर से विशाल मौन विरोध मार्च निकाला और समाहरणालय पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। विरोध मार्च मे हाथो मे तख्तियां लिये बड़ी महिलाएं भी शामिल थी।तख्तियो पर बांग्लादेश मे हिन्दुओ की सुरक्षा से संबंधित नारे लिखे थे।सभी मौन रूप से समाहरणालय पहुंचे।जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति मे एडीएम को सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल में सुशील पाण्डे,विहिप के अशोक श्रीवास्तव,राणा रणवीर सिंह, कृष्णकुमार,जितेन्द्र त्रिपाठी उप मेयर लालबाबू प्रसाद,प्रियंका नागवंशी मीना मिश्रा शामिल थे।

एजेंसी

**पूर्णिया।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं, सिख, बौद्ध ,जैन, ईसाईयों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आज पूर्णिया में भारी आक्रोश दिखा। बांग्लादेशी हिन्दू हित संघर्ष समिति पूर्णिया के संयोजक पवन कुमार पोद्दार ने प्रेस के माध्यम से बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर वहां के चरमपंथियों द्वारा लगातार अत्याचार, हमले, हत्या, लुट, आगजनी, बलात्कार, मठ-मंदिर बिधंव्स, सम्पत्ति पर कब्जा, मानवाधिकार हनन के विरोध में आज पुर्णिया के सकल हिन्दू समाज, साधु -संत, सभी हिन्दू वादी संगठन के हजारों कार्यकर्ताओं एवं महिला- पुरुषों ने सड़क पर उतर कर आर एन साह चौक स्थित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर आक्रोश जताया।

हजारों लोगों ने हाथ में स्लोगन लिखे तख्ती लिए बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, हिन्दू इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग की। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने नारा लगाया - बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले बंद हो, मानवाधिकार हनन बंद हो, मठ-मंदिर बिधंव्स बंद हो, हिन्दुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम इंसाफ चाहते हैं, हर धर्म का सम्मान जरूरी, हिन्दुओं पर हमला मानवता पर कलंक, बंगलादेश सुनो पुकार हिन्दू समाज का करो सत्कार, धर्म के नाम पर हिंसा क्यों, हिन्दू की रक्षा हमारी अपेक्षा, बंगलादेश न्याय दो, अत्याचार बंद करो, आदि। धरना प्रदर्शन स्थल से जिला अधिकारी पूर्णिया के कार्यालय जाकर भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी श्री कुन्दन कुमार को सौंपा गया।




ज्ञापन समर्पित करने वाले शिष्टमंडल में कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार पोद्दार, सहसंयोजक श्याम तापड़िया, विरेन्द्र कुमार मेहता, दीपक मंडल एवं प्रफुल्ल रंजन वर्मा थे।

ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई है कि बांग्लादेश में वहां के चरमपंथियों/इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा निर्दोष अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख, ईसाईयों पर धर्म के आधार पर अत्याचार, हमले, हत्या, लूट, मानवाधिकार हनन, आगजनी मठ-मंदिर बिधंव्स तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है जिसका हम सभी पूर्णिया एवं भारतवासी भर्त्सना एवं विरोध करते हैं। वर्तमान की बांग्लादेशी सरकार तथा अन्य एजेंसियां इसे रोकने के बजाय मुकदर्शक बनी हुई है। जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अपने मानवाधिकार की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बंग्लादेश सरकार द्वारा जेल में डालना अन्यायपूर्ण है। इसलिए हम पूर्णिया जिलावासी राष्ट्रपति एवं भारत सरकार से मांग करते हैं कि हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार अविलंब बंद होने, श्री कृष्ण चिन्मय कृष्ण दास को जेल से रिहा करने, अल्पसंख्यकों के मानवाधिकार की रक्षा करने, वैश्विक अभिमत बनाने तथा कट्टरपंथियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो।

## देश के 25 विभूतियों को दिया गया देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति सम्मान

**सहरसा।** देश के 25 विभूतियों को दिया गया देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति सम्मान देश के 25 विभूतियों को एक भव्य समारोह में 'देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति सम्मान' दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान' सभागार में ऑल इंडिया मानव समाज ट्रस्ट की ओर से देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 140वें जयंती समारोह के शुभ अवसर आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी, चार्टर एकाउंटेंट राजीव जायसवाल एवं लोकनायक जय प्रकाश नारायण संस्थान के संस्थापक महासचिव अभय सिन्हा के हाथों यह सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जाने माने वरिष्ठ पत्रकार डॉ. समरेन्द्र पाठक ने की। संस्था के प्रमुख हीरा लाल प्रधान ने आगंत अतिथियों का स्वागत करते हुए उनलोगों के प्रति आभार प्रकट किया। जबकि, आगवानी संस्था के दिल्ली इकाई के प्रमुख रंजीत सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. राजेंद्र बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर दिल्ली दूरदर्शन के सुप्रसिद्ध गायक पं पुष्कर मिश्र के गजल, तबलाबादक उस्ताद सबीर हसन, गायिका स्नेहा झा एवं नृत्यांगना श्रीमती पुष्पा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी।

## बांग्लादेशी हिंदू हित संघर्ष समिति के बैनर तले किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




एजेंसी

**किशनगंज।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे लगातार अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने के उद्देश्य से बांग्लादेशी हिंदू हित संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को धरमगंज रेलवे गेट के निकट धरना प्रदर्शन किया गया। समिति के सदस्य अधिवक्ता शिशिर कुमार दास ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को लगातार धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। वहां के हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और संपत्तियों पर हमले हो रहे हैं। इसे लेकर भारत में रहने वाले हिंदू समाज के लोग चिंतित और आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन केवल एक विरोध नहीं है, बल्कि बांग्लादेश में पीड़ित हिंदुओं के प्रति एकजुटता दिखाने का प्रयास है। धरना के पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा।बांग्लादेशी हिंदू हित संघर्ष समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति को दिए गए आवेदन में मांग किया है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों एवं इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओ पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यत चिंताजनक है तथा इस जिला के हम नागरिक जन इसकी भर्त्सना करते हैं।अधिवक्ता शिशिर दास ने कहा कि वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसिया इसे रोकने के जगह केवल मूकदर्शक बनी हुई है। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दूओं द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दवाने हेतु उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। इस जिला के हम नागरिक जन बांग्लादेश सरकार से यह आवाहन करते है कि ये सुनिश्चित करें कि देश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो तथा श्री चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करें। इस जिला के हम नागरिक जन भारत सरकार से भी आवाहन करते हैं कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने प्रयासों को हरसंभव जारी रखें तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें। हम बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करते हैं तथा अपनी सरकार से इस हेतु हरसंभव प्रयास की मांग करते हैं, ताकि विश्व में शान्ति एवं भाईचारा बना रहे।

### अत्याचार को लेकर निकाला गया मौन प्रतिरोध मार्च



**भागलपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय भारतीय समाज की ओर से मौन प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिरोध मार्च श्री श्री गौशाला से शुरू होकर शहर के विभिन्न सड़क मार्गों से गुजरते हुए समाहरणालय परिसर के पास पहुंच कर समाप्त हुआ। प्रतिरोध मार्च में शामिल लोग बंग्लादेश में हिन्दुओं के उपर हो रहे हमले से संबंधित तख्तियां लिए हुए थे। मार्च के उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को बांग्लादेश में हिंदू, सिख, जैन एवं बौद्ध पर हो रहे हमले को लेकर ज्ञापन सोंपा गया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हो रहे हमले को लेकर राष्ट्रीय भारतीय समाज की ओर से बांग्लादेश समस्या को लेकर विरोध किया गया। प्रतिरोध मार्च में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन इस्कॉन सहित कई सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए और बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार का विरोध किया। उल्लेखनीय है कि देश में लगातार बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

## भवनाथपुर एसबीआई शाखा ने लाभुक को सौंपा 2 लाख रूपये का चेक

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत भवन में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा प्रबंधक के हाथों गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा और बीमा योजनाओं को साकार करते हुए मकरी गांव के एक लाभुक को दो लाख का बीमा क्लेम चेक प्रदान किया। बताते चले कि मकरी पंचायत के बरवाबांध निवासी स्व. सुखदेव राम की पत्नी ललिता देवी को शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार, मकरी पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने चेक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत प्रदान किया गया। लाभुक के परिवार के सदस्य की असमय मृत्यु के बाद, इस योजना के तहत दावा किया गया था। बैंक शाखा प्रबांक ने त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति के बाद चेक लाभुक को सौंपा। शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत आम जनता को न्यूनतम प्रीमियम पर बीमा का सुरक्षा कवच मिलता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में मात्र 330 रूपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रूपये का जीवन बीमा कवर मिलता है, जो देश के हर नागरिक के लिए एक सशक्त सामाजिक सुरक्षा योजना है। मौके पर प्रिंस कुमार, आशा देवी, ललिता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लाभुको ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर किया हंगामा



बीडीओ को आवेदन देने पहुंचे लाभुक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत में संचालित विवेक महिला समूह जन वितरण प्रणाली के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव का नाम एवं आधार सीडिंग ई पश मशीन से हटाए जाने से नाराज उक्त समूह के सैकड़ों लाभुको ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया। इसकी जानकारी मिलते ही झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने लाभुको को बीडीओ सह एमओ नंदजी राम से मिलाया एवं लिखित आवेदन दिला कर जांचो उपरांत विवेक महिला समूह में पुनः उक्त सभी का नाम जोड़ते हुए लाभुको के बीच ससमय राशन वितरण कराने की बात कही। समूह की अध्यक्ष कविता देवी, कोषाध्यक्ष प्रभा देवी तथा सचिव जगमनी देवी ने बताई कि बीते 31 अक्तूबर को गोदाम से राशन उठाव कर वितरण के लिए ई पश मशीन पर लाभुको का अंगूठा का निशान लेने लगी तो मशीन बंद बता रही थी, जब उक्त मशीन की जांच कराई गई तो ई पश मशीन में समूह के पूर्व सदस्य मालती देवी का अध्यक्ष एवं चंद्रावती देवी का सचिव के तौर पर नाम और आधार सीडिंग कर दिया गया है। उक्त दोनों पूर्व सदस्यों का नाम गलत तरीके से ई पश मशीन में चढ़ाए जाने से लाभुको के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया गया। वहीं बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि समूह के अध्यक्ष द्वारा गोदाम से राशन उठाव किए जाने के बाद भी लाभुको के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया जा सका था। समूह की अन्य सदस्यों का नाम मसीन में कैसे जुड़ी इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

## अब गढ़वा जिले में कराई जाएगी विभिन्न सिविल सर्विसेज की तैयारी : डीसी

### ओरिएंटेशन सेशन अन सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन को लेकर कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आईसीएस एवं पीसीएस जैसे सिविल सर्विस सेवाओं की तैयारी के लिए गुरूवार को स्थानीय नगर भवन गढ़वा में ओरिएंटेशन सेशन अन सिविल सर्विसेस एग्जामिनेशन का आयोजन किया गया। गढ़वा टाउन हॉल में आयोजित इस ओरिएंटेशन सेशन अन सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी शेखर जमुआर उपस्थित हुए। मंच पर उपस्थित डीसी, एसपी, डीडीसी, एसी, एसडीओ, एसडीपीओ एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों व अन्य संस्थाओं के विद्यार्थियों उपस्थित थे। साथ ही विद्यार्थियों के माता-पिता व अन्य सगे संबंधी भी उपस्थित थे। इस दौरान दिल्ली से चलकर आए मेंटोर के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने को लेकर मोटिवेट करने का कार्य किया गया। साथ ही सिविल सेवा परीक्षाओं में व्याप्त स्कोप के बारे में भी बताया गया। मुख्य रूप से सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने को लेकर विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए उनके सवालों के जवाब देकर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य किया गया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने गढ़वा जिला में भी विभिन्न सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कराने की बात कही। डीसी ने कहा कि गढ़वा के विद्यार्थियों में आपार क्षमता है, जिसे निखारने की आवश्यकता है। यदि सच्चे लगन से इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने लोगों को सिविल सेवा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरे तन्मयता से सच्चे लग्न के साथ करने के बात कही। इस कड़ी में आ रही विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इसे निष्पादित करने की बात कही। एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने अपने जीवन में घटित घटनाओं का जिक्र कर उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने विद्यार्थी काल के जीवन को बताया तथा व्याप्त समस्याओं के होने के बावजूद भी सफलता प्राप्त करने के मंत्र दिया। शांति निवास विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर रोशना ने बताया कि गढ़वा के कई विद्यालय, महाविद्यालय व अन्य संस्थानों से आईसीएस, पीसीएस जैसे सिविल सेवाओं में तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य क्षेत्रों में भी कई छात्रों ने सफलता प्राप्त कर गढ़वा का नाम रोशन किया है। उन्होंने गढ़वा के विद्यार्थियों से करियर बिल्डिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करने की अपील की। दिल्ली से आए मेंटोर ने बताया कि सिविल सेवा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब गढ़वा जिले में भी कराई जाएगी। जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को विशेष छूट के साथ तैयारी कराई जाएगी तथा तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप का भी प्रावधान किया जाएगा। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, गढ़वा एसडीपीओ चिरंजीवी, जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।



मंचासीन डीसी व अन्य

## खबर एक नजर में

### श्री हनुमान मंदिर निर्माण समिति का पुनर्गठन

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में समिति एवं ग्रामीणों की बैठक गुरूवार को सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में अधूरे मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण कराने एवं छठ घाट के विकास आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा के पश्चात 6 दिसंबर से सहयोग राशि संग्रह करने, प्लास्टिक पेंट से गुंबद का पेंटिंग कराने, शेष बाहरी भाग का प्लास्टर कराने तथा सम्पूर्ण परिसर को स्वच्छ रखने का निर्णय लिया गया। वहीं 4 दिसंबर तक के सभी प्रकार के आय व्यय का हिसाब किया गया। इस दौरान श्री हनुमान मंदिर निर्माण समिति सह छठ पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सुदर्शन बियार को अध्यक्ष, नरेश साह को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता को सचिव, सुनील प्रजापति को कोषाध्यक्ष, रामलाल बियार, मनोहर बियार, संजय प्रजापति, बबलू बियार, मनोज कुमार साह, दुर्गा बियार, सुरेश प्रजापति, विजय बियार, पप्पू बियार, आशीष पासवान, शंकर साह, कृष्णा बियार, अमरेन्द्र यादव, सोमारू बियार व बिन्दु बियार को समिति का सदस्य, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता को मुख्य संरक्षक, बिरेंद्र प्रजापति और नंदू साह को संरक्षक बनाया गया है।

### मरीजों को दी जा रही है एक्सपायर दवा

**कांडी।** स्वास्थ्य विभाग का एक नायाब कारनामा प्रकाश में आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के द्वारा मरीज को एक्सपायर की हुई दवा दे दी गई। यह मामला स्वास्थ्य उप केंद्र अधौरा का है। गुरुवार को ओपीडी की अवधि में स्वास्थ्य उपकेंद्र अधौरा में अजय यादव पिता अवधेश यादव जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित था। अपनी जांच कराकर दवा लेने केंद्र में गया। उसे जांच करने के बाद जो दवा दी गई वह 11वें महीने में ही एक्सपायर हो गई थी। मरीज दवा लेकर घर चला गया। बाद में उसने ध्यान से देखा तो पाया कि यह दवा तो नवंबर महीने में ही एक्सपायर कर गई है। उसने पत्रकार को उक्त दवा की तस्वीर उपलब्ध कराई है। हालांकि उसके बाद अन्य मरीजों को भी वही दवा दी गई। बावजूद इसके की अजय ने स्वास्थ्य कर्मियों का ध्यान एक्सपायर दवा की ओर आकृष्ट करा दिया था। अन्य दो मरीज वही दवा लेकर घर जाने के लिए निकल चुके थे। इस विषय में स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में पदस्थापित एएनएम गीता रानी ने बताया कि वह फील्ड वर्क से दूसरे गांव की तरफ निकल गई थी। वह केंद्र में मौजूद नहीं थी। कहा कि इस बाबत उन्हें कुछ पता नहीं है।

### बाइक की आमने-सामने टक्कर में चार घायल

**धुरकी।** धुरकी-बिलासपुर मुख्य पथ स्थित सरईदाहा (खाला) गांव के समीप आमने-सामने बाइक की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों में ग्राम खुटिया निवासी महफूज अंसारी पिता ताजमोहम्मद अंसारी, नज़बून बीबी पति कलाम अंसारी, सालेहा खातून पिता कलाम अंसारी तथा ग्राम खाला निवासी मोजीबुल इस्लाम पिता तैयब अंसारी का नाम शामिल है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए दो घायल मरीज को सदर हॉस्पिटल गढ़वा और दो घायल महिला को अनुमंडल हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्नेश कुमार ने बताया कि दो लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक

**भागलपुर।** जिले के विशनपुर जिछो ग्राम में गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार प्रसुन की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बसंतपुर महादेव मंदिर परिसर में पार्टी की सदस्यता महापर्व को लेकर एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जनसभा का आयोजन 15 दिसंबर 2024 रविवार को 11 बजे दिन में किया जाएगा।

### 17 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के बिहार झारखंड राजमार्ग संख्या 20 के बाईपास के फ्लाइ ओभर के समीप गुरुवार को उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने 17 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब ढोने जाने वाले बाइक को भी जप्त किया गया है। उत्पाद अवर निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि बाइक कोडरमा की ओर से आ रहा था। आने के क्रम में चेक पोस्ट पर रुकने के लिए बोला गया, लेकिन बाइक लेकर भागने लगा। भागने के क्रम में पीछा करने के उपरांत बाईपास फ्लाई ओभर के समीप पकड़ा गया। बाइक का तलाशी लेने दौरान रॉयल स्टैग का 750 एमएल का 12 बोतल और 5 पीस केन बीयर के साथ दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान दीबौर गांव के गोपालपुर निवासी सोहर सिंह के 18 वर्षीय पुत्र बीरू कुमार और महेश साव के 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुआ है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर गुरुवार स्वास्थ्य जांच कर कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवादा।** मगध प्रमंडल आयुक्त प्रेम सिंह मीणा गुरुवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-02024 के अंतर्गत नवादा में द्वितीय भ्रमण किया गया। द्वितीय भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम सिरदला प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रजौली अनुमंडल में संबंधित प्रखंडों में सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं निवार्ची निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक कर अभिलेख की जांच की गई। आयुक्त महोदय के द्वारा रोह ,वारसलीगंज के सभी सहायक निवार्ची अधिकारी के साथ बैठक कर अभिलेख की जांच एवं समीक्षा की गई। उन्होंने नवादा सदर डीसीएलआर के कोर्ट का भी समीक्षा किया। इसके उपरांत नवादा सदर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 365 एवं 243 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम विशेष कर महिला एवं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिकों का नाम जुड़वाने के लिए विशेष बल दिया एवं सभी पदाधिकारियों को निर्देश भी दिए।

### जरूरत मंदो के बीच कंबल का वितरण

**सहरसा।** कहते है मानवता से बड़ा कोई धर्म नही होता है।वही इस ठंड मे अन्न एवं वस्त्र दान जरूरतमंदो को राहत प्रदान करती है।इसके लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठन निरंतर पुण्य कार्य में संलग्न है। बुधवार की रात एक तस्वीर सामने आई आधी रात्रि में इस कड़ाके की ठंड में एक युवा कंबल ले कर सड़क किनारे सोये हुए जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण करते हुए नजर आयें। युवा समाजसेवी रौशन मिश्रा रात के 12 बजे शहर भ्रमण कर रेलवे स्टेशन परिसर, चांदनी चौक, बस स्टैंड, वीर कुंवर सिंह चौक सभी जगह पर जा कर उन जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण किए जो सर्द में ठिठुर रहे थे।

### पेज 1 का शेष...

**सभी मंत्री मिलकर खीचेंगे राज्य के विकास का खाका :** झामुमो की तरह संथाल से इरफान और दीपिका को मंत्री बनाकर कांग्रेस ने अल्पसंख्यक और ओबीसी/सामान्य वर्ग के वोटबैंक को सम्मान दिया है। इसके अलावा कांग्रेस ने मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाकर आदिवासी/ईसाई वोट बैंक के प्रति आभार जताया है।

**राजद ने दिखाया यादव प्रेम :** यादव समाज का ज्यादा झुकाव राजद की तरफ दिखता है। इस बार के चुनाव में राजद ने चार सीटें जीती है। इनमें से गोड्डा में संजय प्रसाद यादव और हुसैनाबाद में संजय कुमार सिंह यादव की जीत हुई है। कयास थे कि देवघर विधायक सुरेश पासवान को मंत्री पद मिल सकता है लेकिन राजद ने संजय प्रसाद यादव को मंत्री बनाकर बता दिया कि वह अपने कोर वोट बैंक की अनदेखी नहीं कर सकते।

स्पीड न्यूज

## पाकिस्तान के कई शहरों में भूकंप झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर और पंजाब के कई अन्य शहरों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 दर्ज की गई। लोग घबराकर अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए।भूकंप के झटके झेलम, कमालिया, खानेवाल के साथ चिचावतनी, भलवाल, चिनिओट और हफीजाबाद सहित क्षेत्रों में महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र खारियन के पास 15 किलोमीटर की गहराई में मापा गया।

## फ्रांस में मिशेल सरकार विश्वास मत में हारी

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार नेशनल असेंबली में विश्वास मत में हार गई। इससे देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है। छह दशक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। सांसदों ने प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर और उनके मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया। संसद के 577 वाले निचले सदन (नेशनल असेंबली) के 331 सदस्यों ने बार्नियर की मध्यमार्गी अल्पसंख्यक सरकार को हटाने के लिए मतदान किया।

## नानी को याद कर भावुक हुयीं सोनम कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी नानी को याद कर भावुक हो गयी हैं। सोनम कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी नानी की तस्वीर शेयर कर बताया कि वह उन्हें बहुत याद कर रही हैं।इस तस्वीर में सोनम नानी की गोद में बैठी दिख रही हैं। सोनम कपूर ने तस्वीर को इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर शेयर कर कैप्शन में लिखा कि आपको बहुत याद कर रही हूं नानी।

## भारतीय वायुयान बिल राज्यसभा से पारित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा।

## चीन में जमीन धंसी 13 मजदूर लापता

**बीजिंग।** चीन के एक शहर में जमीन का बड़ा हिस्सा धंस जाने से 13 मजदूर लापता हो गए। यह हादसा दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के शेनझेन में हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि रात लगभग 11 बजे शेनझेन में रेलवे परियोजना के एक निर्माण स्थल पर अचानक जमीन का बड़ा हिस्सा धंस गया। इस हादसे में 13 लोग लापता हो गए। यह सभी मजदूर हैं। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

## कुलगाम में लश्कर के दो आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर के कुलगाम जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित लश्कर के दो आतंकी को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है।
पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कचूरा जादू निवासी अल्ताफ अहमद लोन और मीरबाजार के निपोरा निवासी मंजूर अहमद भट के रूप में हुई है। इन्हें गुलाब बाग काजीगुंड से गिरफ्तार किया गया।

# देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ

▸▸ पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने फडणवीस

**शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, योगी और नीतीश समेत कई राजनेता मौजूद थे**

एजेंसी



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं।उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने गुरुवार छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे पांच साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 2019 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन सिर्फ तीन दिन मुख्यमंत्री रह सके थे। बुधवार दोपहर भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने सहयोगी दल शिवसेना के नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अध्यक्ष अजित पवार के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडणवीस सरकार को समर्थन का पत्र देने के बावजूद एकनाथ शिंदे शपथग्रहण के अंतिम समय तक असमंजस में थे कि वह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे या नहीं। भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उद्योगपति मुकेश अंबानी सपरिवार उपस्थित थे, जबकि भारत रत्न क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, फिल्म स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, फिल्म अमिनेत्री माधुरी दीक्षित सहित फिल्म जगत की नामी हस्तियां कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राकांपा एसपी के अध्यक्ष शरद पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को आमंत्रित किया गया था, लेकिन यह लोग किन्हीं कारणों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।



नयी दिल्ली में गुरुवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## पीएम मोदी और भूटान नरेश ने की बैठक

## सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-भूटान के बीच साझेदारी लगातार मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित सरकारी आवास पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेत्सुन पेमा वांगचुक का स्वागत किया। पीएम मोदी और भूटान नरेश ने द्विपक्षीय संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संपर्क बढ़ाने में हुई प्रगति की समीक्षा की तथा गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी पहल पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जो भूटान के विकास को गति देने तथा भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए महामहिम द्वारा संचालित एक दूरदर्शी परियोजना है।

# मेक इन इंडिया के मुरीद हुये पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति ने की मोदी की इंडिया-फर्स्ट नीति की तारीफ

▸▸ भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगा रूस
▸▸ रूसी कंपनी रोसनेफ्ट ने 20 बिलियन डॉलर किया निवेश

एजेंसी



मॉस्को/नयी दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15वें वीटीबी रूस कॉलिंग इन्वेस्टमेंट फोरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडिया फर्स्ट नीति और मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने विकास के लिए स्थिर माहौल को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इन नीतियों ने भारत के विकास में किस तरह योगदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति को चिह्नित किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर स्थिति बनाने को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आर्थिक पहलों पर प्रकाश डाला, जिसमें मेक इन इंडिया कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया गया। राष्ट्रपति ने रूस के आयात घटाने के कार्यक्रम और भारत की मेक इन इंडिया पहल के बीच समानताएं बताते हुए भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के प्रति रूस की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश लाभदायक है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के नेतृत्व ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास मेक इन इंडिया नामक एक ऐसा ही कार्यक्रम है। हम भी भारत में अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार इंडिया फर्स्ट की नीति से प्रेरित होकर स्थिर माहौल का निर्माण कर रही है। हमारा मानना है कि भारत में निवेश करना लाभदायक है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी कंपनी रोसनेफ्ट ने हाल ही में भारत में 20 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। पुतिन ने ब्रिक्स के उदय के संदर्भ में रूस के आयात घटाने के कार्यक्रम के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसमें एसएमई के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा ब्रिक्स व अन्य देशों में एसएमई के लिए सुचारू व्यापारिक लेनदेन की सुविधा के लिए त्वरित विवाद समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बाजार से बाहर हो चुके पश्चिमी ब्रांडों के स्थान पर नए रूसी ब्रांडों के उदय की ओर इशारा किया तथा उपभोक्ता वस्तुओं, आईटी, उच्च तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में स्थानीय रूसी निर्माताओं की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह हमारे आयात घटाने के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नए रूसी ब्रांडों के उभरने से उन पश्चिमी कंपनियों की जगह लेने में मदद मिल रही है, जो स्वेच्छा से हमारे बाजार को छोड़ चुकी हैं। हमारे स्थानीय निर्माताओं ने न केवल उपभोक्ता वस्तुओं में बल्कि आईटी और उच्च तकनीक वाले उद्योगों में भी महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

### एसएमइ के विकास को समर्थन देगा ब्रिक्स देश

पुतिन ने एसएमई के विकास को समर्थन देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच और अधिक सहयोग का भी आग्रह किया। उन्होंने सदस्य देशों को अगले साल ब्राजील में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान सहयोग कायम करने की दिशा में प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। रूस द्वारा ब्रिक्स के साथ मिलकर विकसित किए जा रहे निवेश मंच के बारे में चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें सभी भागीदार देशों को लाभ पहुंचाने की क्षमता है और उम्मीद है कि यह हमारी अर्थव्यवस्थाओं को समर्थन देने और वैश्विक दक्षिण और पूर्व के देशों को वित्तीय संसाधन प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने ब्रिक्स के भागीदार देशों से सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने का आग्रह करता हूं, और हम निश्चित रूप से इसे अपने ब्राजीलियाई नेताओं के ध्यान में लाएंगे, जो अगले वर्ष ब्रिक्स का नेतृत्व करेंगे।

## एलएसी पर बनी 2020 से पहले की स्थिति

**नयी दिल्ली।** भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 32वीं बैठक गुरुवार को नई दिल्ली में हुई । इसमें दोनों पक्षों ने अग्रिम तैनाती को हटाए जाने से जुड़े हालिया समझौते पर मुहर लगाई। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इससे 2020 में भारत-चीन के बीच उभरे सीमा विवाद के समाधान का काम पूरा हो गया है। विदेश मंत्रालय ने डब्ल्यूएमसीसी की बैठक के बाद एक वक्तव्य जारी कर इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार बैठक में विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक से जुड़ी तैयारियां भी की गईं।

# धर्म है तो हम सब हैं : योगी

**सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए ध्येय**



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामर्थ्य के अनुसार देश व धर्म के लिए कुछ करने के साथ ही समाज और हर एक को जोड़ने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं। हमारा ध्येय सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए। सीएम ने जाति के नाम पर बांटने वालों से बचने का आह्वान किया। योगी गुरुवार को जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का भव्य आयोजन आज जनकपुर धाम में भी हो रहा है। छह वर्ष पूर्व भारत व यूपी सरकार के योजनान्तर्गत विवाह पंचमी पर जनकपुर धाम में जाने और मां जानकी के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज जानकी महल में विवाह पंचमी कार्यक्रम में फिर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान इसे नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यह महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु था। मेरे पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज रामजन्मभूमि आंदोलन से संबंधित किसी महत्वपूर्ण बैठक या आंदोलन के लिए आते थे तो अक्सर वे रात्रि विश्राम जानकी महल में ही करते थे।

## हर रेलवे जोन में आइटीएमएस मशीनें तैनात की जायेंगी :वैष्णव

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि अब हर रेलवे जोन में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) मशीनें तैनात की जाएंगी। रेल मंत्री वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली और सड़क सह रेल निरीक्षण वाहन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये मशीनें नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाएंगी। उन्होंने कहा कि व्यापक ट्रैक निगरानी के लिए सभी रेलवे जोनों में एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ट्रैक निरीक्षण और रखरखाव में सुधार के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने ट्रैक रखरखाव के लिए जिम्मेदार कर्मियों, ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग के महत्व पर जोर दिया।

## गीता भारत के सांस्कृतिक इतिहास की विरासत : खान

**चंडीगढ़।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि गीता भारत के सांस्कृतिक इतिहास की विरासत है। यह सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का ग्रंथ है। इसमें भारतीय एकता एवं अखंडता का स्वरूप दिखाई देता है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में गीता का महत्वपूर्ण योगदान है।

गुरुवार को केरल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तत्वावधान में श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति-शुद्ध पर्यावरण विषय पर आयोजित 9वें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन में उद्गार व्यक्त किए।



पाटन-छतरपुर के माननीय विधायक श्री राधा कृष्ण किशोर जी को झारखंड सरकार के मंत्री के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई। हम सभी पाटन वासियों के लिए बहुत खुशी की बात है की कई वर्षों बाद हमारे पाटन क्षेत्र को राज्य सरकार में जगह मिली।

संग्राम सिंह
जिला परिषद सदस्य
पाटन पलामू।

# शेयर बाजार में 5वें दिन भी तेजी जारी

## निवेशकों को एक दिन में 2.55 लाख करोड़ का मुनाफा

▸▸ सेंसेक्स 810 अंक उछला 81765 पर पहुंचा, निफ्टी में 240 अंकों की तेजी

एजेंसी



**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के ब्याज दर कटौती में सतर्कता बरतने के रुख से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 809.53 अंक अर्थात एक प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब छह सप्ताह बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,765.86 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 240.95 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,708.40 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 47,500.51 अंक और स्मॉलकैप 0.16 प्रतिशत की बढ़त लेकर 56,707.78 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 458.21 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 455.66 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.55 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2130 में लिवाली जबकि 1841 में बिकवाली हुई वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य नौ में गिरावट रही।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की अर्थव्यवस्था के लचीलापन के बारे में सकारात्मक टिप्पणियों से बल मिला। उन्होंने दरों में कटौती के प्रति सतर्क रुख का संकेत दिया, जिससे वैश्विक स्तर पर निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भी भारतीय बाजारों में शुद्ध लिवाल रहे और 1,798 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। इस निवेश ने बाजार की धारणा को भी काफी हद तक मजबूत किया है। इनके अलावा घरेलू स्तर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी नीतिगत निर्णय को लेकर आशा तेजी की गति को बढ़ा रहा है। हालांकि दरों में कटौती की कोई उम्मीद नहीं है लेकिन नरम रुख की उम्मीद निवेशकों को सकारात्मक बनाए हुए है। बैंक निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गया है। बीएसई में सर्विसेज और रियल्टी की 0.30 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। फोकस्ड आईटी 1.96, टेक 1.92, आईटी 1.81, दूरसंचार 0.95, सीडी 0.64, ऊर्जा 0.64, वित्तीय सेवाएं 0.52, ऑटो 0.59, बैंकिंग 0.68, कैपिटल गुड्स 0.53, धातु 0.55 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत चढ़ गए।

## एक बिटकॉइन की कीमत 1.03 लाख डॉलर के पार

**नयी दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन ने मजबूती का नया इतिहास बना दिया है। ये आभासी मुद्रा गुरुवार के कारोबार में 1.03 लाख डॉलर के स्तर से भी ऊपर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसकी कीमत में गिरावट आई, जिसके कारण फिलहाल ये क्रिप्टो करेंसी सर्वोच्च स्तर से थोड़ा नीचे गिर कर कारोबार कर रही है। बिटकॉइन की कीमत में आई इस तेजी के कारण इस क्रिप्टो करेंसी का मार्केट कैप पहली बार 2 ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गया है। माना जा रहा है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बनने तक ये क्रिप्टो करेंसी उछल कर 1.10 लाख डॉलर के स्तर तक भी पहुंच सकती है। भारत में क्रिप्टो करेंसी के कारोबार के लिए अधिकृत एजेंसी यूनो कॉइन के अनुसार बिटकॉइन ने भारतीय समय के अनुसार कल देर रात दो बजे के करीब पहली बार 1 लाख डॉलर के स्तर को पार किया। सुबह 8 बजे के करीब इस क्रिप्टो करेंसी की कीमत 1,01,544 डॉलर के स्तर पर पहुंच गई।

